


सेना ने हटाया टीएमसी का प्रदर्शन मंच, ममता ने लगाया केंद्र पर सेना के दुरुपयोग का आरोप-12





यूपीआई लेन-देन की संख्या अगस्त माह में बीस अरब के पार-12



भारत ने अफगानिस्तान को भेजे एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री-13





महिला विश्व कप चैंपियन की पुरस्कार राशि में बंपर बढ़ोतरी-14

आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी 03:53 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 2 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 155, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

## न्यूज ब्रीफ

### वाणिज्यिक एलपीजी 51.50 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन के दाम में सोमवार को 1.4 प्रतिशत की कटौती की गई, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 51.50 रुपये सस्ते हो गए। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 51.50 रुपये कम किए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,580 रुपये है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में यह छठी कटौती है। अप्रैल से अब तक की गई कटौती में दाम प्रति सिलेंडर 223 रुपये घटे हैं।

### संभल मस्जिद मामले में यथास्थिति बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश की अवधि दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद संभल की प्रबंध कमेटी ने दो अपील दायर की थीं। इसका नेतृत्व क्रमशः जामा मस्जिद के सचिव और उपाध्यक्ष ने किया। शीर्ष अदालत ने रजिस्ट्री को मामले की पड़ताल करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### स्पाइसजेट की उड़ान की इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** पुणे से दिल्ली आ रहे स्पाइसजेट के एक विमान में बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई जिस वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। वितान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। स्पाइसजेट के बोइंग 737 विमान को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से पुणे हवाई अड्डे लौटना पड़ा। दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे बाद विमान को आपातकालीन स्थिति में वापस उतारा गया। उड़ान एसजी937 सुबह छह बजे पुणे से रवाना हुई थी।

### चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा 5 तक रद्द

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार बारिश को देखते हुए सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित कर दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सोमवार को बताया कि भारी बारिश से कई जगह भूस्खलन या मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं, यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितम्बर तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

## सोने ने बनाया रिकॉर्ड, 1.05 लाख के पार, चांदी भी एक हजार बढ़कर शिखर पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सोमवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के चलते सोने की कीमतों में तेजी आई। इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति किग्रा. के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शनिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,04,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 800 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही, 800 की मौत

- रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई तीव्रता 2500 लोग घायल
- कुनार प्रांत में हताहतों की संख्या ज्यादा, कई गांव बर्बाद

काबुल, एजेंसी

पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पड़ोसी नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के समीप कुनार प्रांत के कई शहरों में रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से बड़े पैमाने पर तबाही मची है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था। भूकंप का केंद्र जमीन से 8 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है और 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक नर्गल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव खत्म हो गया है। बच्चे, बुजुर्ग और युवा मलबे के नीचे दबे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत ज़मान ने बताया कि बचाव कार्य जारी है और कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल क्षेत्र में पहुंच गए हैं। मृतकों व घायलों की संख्या बढ़ सकती है।



पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप से तबाह हुआ एक घर। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिया मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। मोदी ने एक्स पर सोमवार को कहा कि अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुःखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

### 2023 में भी आया था 6.3 तीव्रता का भूकंप

सात अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके बाद तेज़ झटके भी महसूस किए गए थे। तालिबान सरकार ने इस भूकंप में कम से कम 4,000 लोगों के मारे जाने का अनुमान जताया था। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने मृतकों की संख्या लगभग 1,500 बताई थी। यह हाल के दिनों में अफ़ग़ानिस्तान में आई सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा थी।

# आतंकवाद पर दोहरा मापदंड अस्वीकार्य

## एससीओ शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी, आतंकवाद सभी के लिए साझा चुनौती

तियानजिन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में कहा कि पहलगाम में हुआ भयावह आतंकवादी हमला न केवल भारत की अंतरात्मा पर आघात है, बल्कि यह मानवता में विश्वास रखने वाले प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक खुली चुनौती भी है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड त्यागने की जोरदार वकालत की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और वैश्विक नेताओं की उपस्थिति में मोदी ने वार्षिक शंघाई सहयोग संगठन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है।

पाकिस्तान और आतंकवाद का समर्थन करने वालों को स्पष्ट संदेश देते हुए मोदी ने कहा कि यह पूछना स्वाभाविक है कि क्या कुछ देशों द्वारा आतंकवाद को खुला समर्थन हमें कभी स्वीकार्य हो सकता है? उन्होंने कहा कि हमें स्पष्ट रूप से और एक स्वर में कहना होगा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। हमें मिलकर, हर रूप और अभिव्यक्ति में आतंकवाद का विरोध करना चाहिए। यह मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पिछले कई दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। हाल में हमने पहलगाम में आतंकवाद का एक बेहद घृणित रूप देखा। यह हमला न केवल भारत की अंतरात्मा पर एक आघात था, बल्कि यह हर उस देश, हर उस व्यक्ति के लिए एक खुली चुनौती था जो मानवता में विश्वास रखता है। मोदी ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ खड़े होने वाले मित्र देशों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने छह और सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। इस हमले के बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं।



एससीओ की बैठक से पहले आपस में बातचीत करते रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

- मोदी ने सभी राष्ट्रों से आतंकवाद के हर रूप का मिलकर विरोध करने का किया आह्वान
- बोले-पहलगाम में आतंकवाद का बेहद घृणित रूप देखा। यह हमला भारत की अंतरात्मा पर आघात था

### सुरक्षा, शांति और स्थिरता विकास की नींव

प्रधानमंत्री ने समूह के प्रति भारत के दृष्टिकोण और नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शंघाई सहयोग संगठन के संक्षित नाम एससीओ का नया अर्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एससीओ के 'एस' का अर्थ है 'सिक्योरिटी' यानी सुरक्षा, 'सी' का अर्थ है 'कनेक्टिविटी' यानी संपर्क और 'ओ' का अर्थ है 'ऑपचुनिटी' यानी अवसर। उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव हैं। हालांकि, आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां बने हुए हैं। मोदी ने कहा कि आतंकवाद न केवल व्यक्तिगत राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक साझा चुनौती है।

### एससीओ ने की पहलगाम हमले की निंदा

**तियानजिन।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत के इस रुख से सोमवार को सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंड अस्वीकार्य हैं। इस प्रभावशाली समूह ने चीनी बंदरगाह शहर तियानजिन में आयोजित अपने दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक घोषणापत्र में आतंकवाद से लड़ने के अपने दृढ़ संकल्प को सूचीबद्ध किया। एससीओ सदस्य देशों ने गाजा में इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमलों में बड़ी संख्या में आम लोगों के हताहत होने और गाजा पट्टी में भयावह मानवीय स्थिति पैदा होने के कारण इन हमलों की निंदा की। घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने के उपायों का उल्लेख किया गया और आतंकवाद से निपटने को एक बड़ी चुनौती बताया गया।

# प्रदेश में नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट शीघ्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- समीक्षा बैठक में संस्थाओं के पंजीकरण और संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता पर फोकस

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के स्थान पर नए कानून की आवश्यकता पर बल दिया है। कहा कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण व उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। कहा कि विवाद की स्थिति में प्रशासक की तैनाती ठीक नहीं है, प्रबंधन को अपना विधान तय करने की छूट होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने आवास पर हुई बैठक में प्रस्तावित अधिनियम का प्रस्तुतिकरण देखा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और शीर्ष अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण, विघटन, संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, सदस्यता और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं। निर्देश दिए कि पंजीकरण व नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन, केवाईसी आधारित और समयबद्ध होनी चाहिए। वित्तीय लेन-देन की जवाबदेही व लेखा-परीक्षा की प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ हो। नए कानून को यथाशीघ्र तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवश्यक प्रावधान ऐसे तैयार करें, जिससे प्रदेश की पंजीकृत संस्थाएं समाजोपयोगी कार्यों को और प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें। बैठक में प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव नियुक्ति एम देवराज, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव राजस्व एवं आवास पी गुरुप्रसाद समेत तमाम शीर्ष अधिकारी शामिल रहे।

# प्रदेश में भारी बरसात और बिजली गिरने से किसान की मौत, 8 घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वज्रपात से कई मवेशी भी मरे, कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट
- प्रशासन ने आमजन को सतर्क रहने की दी सलाह

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून अपनी पूरी रफ्तार में है। रविवार रात से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कई जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी कर दी है। इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी बाढ़ का खतरा भी बढ़ा रही हैं। इस बीच खराब मौसम के कारण गोंडा में जहां बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई वहीं, रायबरेली में गिरी बिजली की चपेट में आकर दादी-पोता घायल हो गए। जबकि मवेशी मर गए। ऊंचाहार में एक कच्ची कोठरी गिर गई जिसके मलबे में 6 लोग दब गए।

बेलसर (गोंडा) में अनन्ते (60) पुत्र बाले गांव से थोड़ी दूर पर धान का खेत देखने गए थे। अचानक तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अमावां, रायबरेली के एक गांव में रविवार की रात राजकुमारी 65 वर्ष वह उनका पोता आदित्य (12) चारपाई पर सो रहे थे। तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों चपेट में आकर झुलस गए। जबकि पेड़ के नीचे बंधी भैंस की मौत हो गई। इसी तरह सतांव, रायबरेली में भी रविवार रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस और पड़िया दोनों की मौत हो गई।

रविवार रात से ही हो रही बारिश के चलते पीलीभीत, बरेली, रायबरेली जिले में स्कूलों में छुट्टी की घोषणा करनी पड़ी। वहीं, प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, बस्ती, बाराबंकी, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, सिद्धार्थ नगर और बलरामपुर जैसे जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि वाराणसी, जौनपुर, गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र और चंदौली सहित बुंदेलखंड के प्रयागराज, कौशाम्बी, चित्रकूट, बांदा और फ़तेहपुर जिलों में भी मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।



बारिश से खुद को बचाती युवती।

### 15 जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

इस बीच लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जतायी है। खासकर लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश और वज्रपात की आशंका है।

### तालाब और नालों में डूबकर चार की मौत

**मुरादाबाद।** मंडल में बारिश के चलते उफनाए तालाब और नालों में डूबकर चार लोगों की मौत हो गई। बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र के गांव पुरेनी निवासी हेड कांस्टेबल रजनीश बहजोई सुबह चंदौसी में मेला गणेश चौथ में ड्यूटी पर जा रहा था। जलभराव के चलते नाले की पुलिया नहीं दिखी। हेडकांस्टेबल की नाले में गिरकर मौत हो गई। संभल में रायसत्ती देवी थान पर चार साल की बच्ची अर्चना की नाले में गिरने से मौत हो गई। मझोला में दो किशोरों की भी तालाब में डूबकर मौत हो गई।

# नया आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम हुआ प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

- जाली पासपोर्ट, वीजा रखने पर होगी कड़ी सजा

विदेशियों और आव्रजन से संबंधित मामलों को विनियमित करने वाला एक नया अधिनियम सोमवार को प्रभाव में आ गया, जिसमें जाली पासपोर्ट या वीजा रखने पर कड़ी सजा का प्रावधान है।

आव्रजन और विदेशी अधिनियम, 2025 बजट सत्र के दौरान संसद से पारित हुआ था। इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार अप्रैल, 2025 को स्वीकृति दी थी। गृह मंत्रालय के अवर सचिव नितेश कुमार व्यास द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने एक सितंबर, 2025 को आव्रजन और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी कर दिया है। इस कानून के मुताबिक जो भी जाली पासपोर्ट या वीजा का इस्तेमाल करता हुआ पाया जाएगा उसे सात वर्ष तक की कैद तथा 10 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# टीईटी पास करें, अन्यथा छोड़ें नौकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नए शिक्षकों और प्रमोशन चाहने वालों के लिए अनिवार्य
- पांच साल से कम सेवा वालों को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना सभी नए शिक्षकों और पहले से नौकरी कर रहे उन शिक्षकों के लिए अनिवार्य होगा, जो प्रमोशन चाहते हैं। अगर कोई शिक्षक नई नौकरी या फिर प्रमोशन चाहता है तो टीईटी पास करना होगा।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की बेंच ने कहा कि जिन शिक्षकों की नौकरी पांच साल से कम बची है, उन्हें टीईटी पास करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, प्रमोशन लेने के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। यह भी निर्देश दिया कि जो शिक्षक शिक्षा का अधिकार कानून (2009) लागू होने से पहले नियुक्त हुए हैं और जिनके पास पांच साल से ज्यादा सेवा शेष है, उन्हें दो साल के अंदर टीईटी पास करना ही होगा। यदि वे ऐसा नहीं कर पाए, तो उन्हें नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा।

### अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नहीं

अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त शिक्षा संस्थानों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी के लिए ये आदेश उन पर लागू नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि आरटीई एक्ट अल्पसंख्यक स्कूलों पर लागू होता है या नहीं? फिलहाल यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के पास लंबित है। जब तक फैसला नहीं आता है, तब तक इनके शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता नहीं होगी।

खगोल विज्ञान | सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट से भूचुंबकीय तूफान धरती की ओर आ रहा, ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराएगा

# धरती के साथ अंतरिक्ष में भी बिगड़ा मौसम का मिजाज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इन दिनों धरती पर देश भर में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है तो अंतरिक्ष का मौसम भी खराब दौर से गुजर रहा है। सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट से भू चुंबकीय तूफान धरती की ओर रहा है, जो ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराएगा, इसका असर मंगलवार तक ध्रुवों पर नजर आएगा।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक एवं सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर बीती रात हुए विस्फोट से एक बड़ा भू चुंबकीय तूफान उत्पन्न हुआ है।

यह अर्थ डायरेक्ट तूफान 406.4 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। इस भू चुंबकीय तूफान की तीव्रता जी 3 आंकी गई है। यह तूफान पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराएगा। जिसका असर रंग-बिरंगी रोशनी (ऑरोरा) के रूप में देखने को मिलेगा। हालांकि फिलहाल इस तूफान से हमारे सेटेलाइट को नुकसान पहुंचने और इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल उपकरणों को किसी तरह की हानि होने की संभावना नहीं है।

डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर दस सौर कलंक (सन स्पॉट) समूह बने हुए हैं जिनमें भयानक विस्फोट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इनमे कई सौर कलंक पृथ्वी के सामने की तरफ बने हुए हैं। यदि इनमें विस्फोट हुए तो भू चुंबकीय तूफान उत्पन्न होंगे, जो पृथ्वी की ओर बढ़ सकते हैं। बहरहाल दुनियाभर की सोलर टेलीस्कोप की नजर इन पर बनी हुई हैं।



नासा द्वारा जारी सूर्य की सतह पर विस्फोट की फोटो।

### अक्टूबर तक जारी रहेगी सूर्य पर विस्फोटों की संभावना

**नैनीताल।** डॉ. वहाबउद्दीन बताते हैं कि सूर्य की सतह पर विस्फोटों के अक्टूबर तक जारी रहने की संभावना है। इस सौर चक्र में सूर्य की सक्रियता यानी विस्फोटों की शुरुआत पिछले वर्ष शुरू हुई थी, जो अभी तक जारी है। अक्टूबर में सक्रियता में कमी आ जाने के बाद सूर्य शांत होने लगेगा। इधर, इसरो के भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 ने सूर्य की निगरानी शुरू कर दी है और डेटा भेजना भी शुरू कर दिया है। फिलहाल आदित्य एल-1 के उपकरणों की टेस्टिंग जारी है, जो अगले कुछ माह तक जारी रहेगी।

# सुपरमैक्स हॉस्पिटल

(A Unit of Supermax Health Care Pvt. Ltd.)



पेट, लीवर एवं आंत रोग विशेषज्ञ

## डॉ. एस.के. सिंह

एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन (गोल्ड मेडलिस्ट)
के.जी.एम.यू. लखनऊ
DNB, FACG गेस्ट्रो (अमेरिकन कॉलेज ऑफ गेस्ट्रोइन्टोलॉजी)
डायग्नोस्टिक एण्ड थेराप्यूटिक एण्डोस्कॉपिस्ट
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
विवेकानन्द सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद
पेट एवं लीवर रोग विभाग, के.जी.एम.यू. लखनऊ

निम्न रोगों के विशेषज्ञ

- ★ लीवर सिरोसिस तथा लीवर (जिगर) सम्बन्धित बीमारियाँ
- ★ साधारण पीलिया, हिपेटाइटस बी/सी (काला पीलिया)
- ★ लीवर (जिगर) तिल्ली का बड़ा होना, फैटी लीवर
- ★ गले में रूकावट, खाना निगलने में तकलीफ
- ★ खाने के बाद उल्टी का इलाज
- ★ गैस, बदहजमी (खाना न पचना) अफरा या पेट फूलना
- ★ छाती में जलन/दर्द, खट्टी डकार
- ★ खून की उल्टी और लैट्रिन (टट्टी) में खून आना
- ★ बार-बार दस्त लगना, खूनी दस्त
- ★ भूख न लगना, वजन घटना
- ★ लीवर में मवाद (पस) / फोड़ा
- ★ पेट में दर्द होना
- ★ पेट/आंतो में टी.बी.
- ★ कब्ज/पेट साफ न होना
- ★ पेंक्रियाज की सूचन
- ★ शराब से हुई लीवर (जिगर) की बिमारियाँ
- ★ अल्सरेटिव कोलाइटिस (आई.बी.डी.)
- ★ पित्त की नली, पेंक्रियाज की नली की पथरी या सिकड़न का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ



## डॉ. नीतू वर्मा

एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (कानुपर)
स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाँझपन रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
महारानी लक्ष्मीबाई
मेडिकल कॉलेज, झाँसी

परामर्श
समय प्रातः 10:00 बजे से
सायं 03:00 बजे तक

निम्न रोगों के विशेषज्ञ

- ★ गर्भवती महिला का सम्पूर्ण जाँच
- ★ नॉर्मल डिलीवरी एवं दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी
- ★ ऑपरेशन द्वारा बच्चे का जन्म
- ★ बच्चेदानी व अण्डेदानी से रसौली का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन
- ★ नि:संतान रोगी का जॉच व इलाज
- ★ बच्चेदानी के कैंसर की जाँच व इलाज

जनरल सर्जरी-दूरबीन विधि के द्वारा पित्ते की थैली का ऑपरेशन हार्निया, हाइड्रोसिल एवं अपेंडिक्स के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ENDOSCOPY ERCP
COLONOSCOPY FIBROSCAN
SIGMOIDOSCOPY

Ph.: 0591-3560194
9410477870, 9758362794

Z-16
आशियाना-2, 24 मी. रोड,
निकट विवेकानन्द हॉस्पिटल, अम्बेडकर पार्क, मुरादाबाद
समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं
सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक
(रविवार में केवल इमरजेन्सी)

24 घंटे इमरजेन्सी की सुविधा
24 घंटे इमरजेन्सी पैथोलॉजी की सुविधा


### मुरादाबाद मंडल ने कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया

# कठुआ-माधोपुर रेलखंड पर यातायात बाधित, 20 ट्रेनें रद्द

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कठुआ-माधोपुर पंजाब डाउन लाइन पर पुल संख्या-17 में गड़बड़ी (मिसअलाइनमेंट) के कारण रेल यातायात प्रभावित हो गया है। इस वजह से उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल ने कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किए हैं। 20 ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि 8 ट्रेनों का गंतव्य से पहले ही समापन (शॉर्ट टर्मिनेशन) और 8 ट्रेनों की यात्रा बीच से ही शुरू (शॉर्ट ओरिजिनेशन) की जाएगी। यह जानकारी सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता द्वारा दी गई है, उन्होंने यात्रियों से यात्रा से पहले जानकारी लेने की अपील की है।

#### ये ट्रेनें की गईं रद्द

ट्रेन संख्या 03221/03222 (आरजीडी-मकतामपुर स्पेशल), 05193/05194 (छपरा-मकतामपुर स्पेशल), 12207/12208 (गरीब रथ एक्सप्रेस), 12355/12356 (आर्चना एक्सप्रेस), 12469/12470 (कानपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस), 14605/14606 (हरिद्वार-जम्मूतवी एक्सप्रेस), 14609/14610 (हेमकुंट एक्सप्रेस), 14611/14612 (गाजीपुर-सांईवालेदेवस्थान कटरा एक्सप्रेस), 14691/14692 (मौर्यध्वज एक्सप्रेस), 22431/22432 (सुल्तानपुर-मकतामपुर एक्सप्रेस) समेत कुल 20 ट्रेनों का संचालन सितंबर माह की विभिन्न तिथियों पर रद्द रहेगा।

#### 8 ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट

इसी तरह 12237 बनारस-जम्मूतवी एक्सप्रेस, 12331 हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि एक्सप्रेस, 15097/12587 अमरनाथ एक्सप्रेस, 22317 सियालदह-जम्मूतवी हमसफर, 15651 लोहित एक्सप्रेस, 15655 कामाख्या- वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस और 15653 अमरनाथ एक्सप्रेस जैसी 8 ट्रेनें अपने गंतव्य तक नहीं जाएंगी और जालंधर कैंट, सहारनपुर, अंबाला कैंट या लुधियाना पर ही समाप्त होंगी।

#### 8 ट्रेनें की गईं शॉर्ट ओरिजिनेट

इसी के साथ 12238 जम्मूतवी-बनारस एक्सप्रेस, 12332 जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरि एक्सप्रेस, 12588 जम्मूतवी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15098 अमरनाथ एक्सप्रेस, 22318 जम्मूतवी-सियालदह हमसफर, 15652 लोहित एक्सप्रेस, 15656 श्रीवैष्णो देवी कटरा- कामाख्या एक्सप्रेस और 15654 अमरनाथ एक्सप्रेस जैसी 8 ट्रेनें अपने मूल स्टेशन से न चलकर जालंधर कैंट, सहारनपुर, अंबाला कैंट या लुधियाना से शुरू होंगी।

**जम्मू मार्ग पर रेल सेवा बहाल** : जम्मू मंडल में हाल ही में बाधित हुई रेल सेवाओं के सामान्य होने के बाद यात्रियों के लिए राहत भरी खबर आई है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि कोलकाता से जम्मूतवी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 13151/13152 कोलकाता-जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस का नियमित संचालन पुनः शुरू कर दिया जाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह ट्रेन 2 सितंबर 2025 से अपने पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार चलेगी। हाल ही में जम्मू मंडल में रेल सेवाएं बाधित होने के चलते इस ट्रेन के संचालन पर असर पड़ा था। अब ट्रैक पर यातायात सामान्य हो जाने के बाद यात्री पहले की तरह इस एक्सप्रेस का लाभ उठा सकेंगे।

## कोसी नदी में छोड़ा 106,071 क्यूसेक पानी

**रामपुर, अमृत विचार :** पहाड़ो और मैदानी क्षेत्रों में रविवार रात से सोमवार अपराह्न तक हुई बारिश के कारण रामनगर बैराज से सोमवार को 5 बार में 1, 06,071 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे कोसी का जलस्तर बढ़ गया है।

रामनगर बैराज से सोमवार सुबह 8 बजे 4408 क्यूसेक पानी, दोपहर 1 बज 12470 क्यूसेक फिर 1 घंटे बाद अपराह्न 2 बजे 18594 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शाम 4 बजे 28997 क्यूसेक जबकि, शाम 6 बजे सबसे अधिक 4102 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिसके चलते कोसी नदी में जलस्तर बढ़ गया। एक्सईएन नहर खंड नवीन कुमार के मुताबिक रामनगर बैराज से कोसी में छोड़ा गया पानी रात तक पास हो गया। रात में बारिश होती है तो दिक्कत हो सकती है।

# तालाब में नहा रहे दो किशोरों की डूब कर मौत

### सोमवार सुबह दोस्तों के साथ गए थे दोनों, दोपहर बाद मिले शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर में सोमवार की सुबह 11 बजे दो किशोर जितेंद्र प्रजापति (17) और अंकुश प्रजापति (17) की तालाब में डूबकर मौत हो गई। दोनों किशोर गांव के अन्य लड़कों के साथ पेड़ से तालाब में छलांग लगाकर नहा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

थाना मझोला क्षेत्र के गांव लोधीपुर जवाहर नगर निवासी करन प्रजापति का बेटा जितेंद्र प्रजापति महाराज अग्रसेन इंटर कॉलेज में 11 कक्षा में पढ़ता था। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे बारिश के दौरान वह गांव के ही रहने वाले रोहताश के बेटे अंकुश प्रजापति और अन्य लड़कों के साथ गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि लड़के तालाब किनारे लगे पेड़ पर चढ़कर तलाश में छलांग लगा रहे थे। इसी दौरान जितेंद्र और अंकुश गहरी खाई में चले गए और देखते ही देखते पानी में गुम हो गए। अन्य लड़कों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। लड़कों के शोर मचाने पर दोनों के परिजन और गांव के अन्य लोग आ गए। इसके बाद दोनों की तलाश शुरू की गई। सूचना मिलने पर मझोला प्रभारी रविंद्र कुमार फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। इसके गोताखोर बुला लिए गए। इसके बाद तालाब में सर्च आपरेशन चला गया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए है।

- गांव के अन्य लड़कों के साथ पेड़ से तालाब में लगा रहे थे छलांग

### बिजली के बोर्ड में पहुंचा पानी, घर में उतरे करंट से किशोर की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर में सोमवार सुबह तेज बारिश में घर में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव लोधीपुर जवाहर नगर निवासी बाबू का परिवार सोमवार की सुबह घर में ही मौजूद था। बारिश की वजह से परिजन बाहर नहीं गए थे। सुबह 11 बजे बिजली के बोर्ड में पानी पहुंच गया। जिसके बाद घर में करंट उतर आया। बाबू के बेटे गणेश(11) को करंट लग गया। जिसमें वह बुरी तरह झुलस गया। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। इसके बाद घर की बिजली सप्लाई बंद की गई और किशोर को उठाकर परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव घर आए और उन्होंने पुलिस को सूचना दिए बिना ही संस्कार कर दिया। मझोला थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि किशोर को करंट लगने की सूचना नहीं दी गई है।

## दीवाली पर 7.50 लाख दीयों से जगमग होगा महानगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इस बार दीवाली पर महानगर 7.50 लाख दीयों से जगमग होगा। निगम प्रशासन अयोध्या के बाद मुरादाबाद महानगर में व्यवस्थित आयोजन की तैयारी में जुट गया है। बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे मैदान में भव्य आयोजन को दीपोत्सव मना वार्षिक उत्सव का स्वरूप दिया जाएगा।

रक्षा संग्रहालय वार मेमोरियल त्रिशूल के उद्घाटन समारोह को भी दीवाली से 5-6 दिन पहले प्रधानमंत्री या रक्षामंत्री के हाथों कराने की तैयारी तेज हो गई है। कार्यक्रम की थीम एक शाम शहीदों के नाम रखी गई है। भव्य सांस्कृतिक के बाद दीपोत्सव मनाते हुए 1000 ड्रोन का शो होगा। ड्रोन शो स्पंदन सरोवर के ऊपर होगा जिसे 3 किलोमीटर के दायरे में अपने घर व दुकानों की छतों से देख सकेंगे।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि अयोध्या के बाद मुरादाबाद में भव्य दीपोत्सव कराए जाएगा। जिसे निगम का वार्षिक उत्सव बनाया जाएगा। जिससे हर साल इसी तरह से नगर निगम प्रकाश पर्व पर महानगर वासियों को उत्सव का माहौल दे सके। जिसे वह हमेशा याद रखें।

# त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलेंगी 6 स्पेशल ट्रेनें

- लखनऊ, दिल्ली, आनंद विहार और गोरखपुर सहित कई रूटों पर संचालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आगामी त्योहारों पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने अतिरिक्त फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के संचालन का फैसला लिया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि नियमित गाड़ियों के अलावा कुल छह जोड़ी आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें अलग-अलग रूटों पर चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें सितंबर से नवंबर के बीच विभिन्न तिथियों पर यात्रियों को सुविधा प्रदान करेंगी।

लखनऊ-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल (04203/04204) लखनऊ से 22 सितंबर से 24 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। इसी अवधि में नई दिल्ली से भी सोमवार को ही वापसी होगी। कुल 10 फेरों में ट्रेन का संचालन होगा। वहीं आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी फेस्टिवल स्पेशल (04008/04007) आनंद विहार से 20 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार और जोगबनी से 21 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक रविवार को चलेगी। यह ट्रेन 11 फेरों में यात्रियों को सुविधा देगी। उधर, दिल्ली-सीतामढ़ी फेस्टिवल स्पेशल (04010/04009) दिल्ली से 2 अक्टूबर से 27 नवंबर तक हर गुरुवार और सीतामढ़ी से 3 अक्टूबर से 28 नवंबर तक हर शुक्रवार को संचालन होगा। कुल 9 फेरे चलेंगे। उधर, नई दिल्ली-गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल (04022/04021) नई दिल्ली से 19 सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को और गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार को ट्रेन चलाई जाएगी। कुल 10 फेरों में इसका संचालन होगा।

#### ज्यादा फेरों वाली ट्रेनें

नई दिल्ली-धनबाद फेस्टिवल स्पेशल (04456/04455) : यह ट्रेन 20 सितंबर से 30 नवंबर तक नई दिल्ली से प्रतिदिन और 22 सितंबर से 2 दिसंबर तक धनबाद से प्रतिदिन चलेगी। कुल 72 फेरों में यह ट्रेन यात्रियों को सुविधा देगी। वहीं, आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी फेस्टिवल स्पेशल (04016/04015) : 29 सितंबर से 30 नवंबर तक आनंद विहार से और 30 सितंबर से 1 दिसंबर तक सीतामढ़ी से प्रतिदिन ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस रूट पर कुल 63 फेरे होंगे।

# डेंगू का एक, मलेरिया के 15 नए मरीज मिले

- फॉगिंग और एंटी लार्वा दवा का छिड़काव न होने से बढ़ रही दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू और मलेरिया का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बीते सप्ताह बिलारी के एक युवक में डेंगू की पुष्टि हुई थी, वहीं अब मलेरिया के 15 नए मामले सामने आए हैं। जिले में मलेरिया मरीजों की कुल संख्या 30 हो गई है। बढ़ते संक्रमण के बावजूद दवा छिड़काव न के बराबर हो रहा है। शहरी क्षेत्र में 51 मोहल्ले और कालोनियां डेंगू और मलेरिया को लेकर संवेदनशील हैं।

डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग और एंटी-लार्वा दवा के छिड़काव के लिए कर्मचारी कई दिनों से नहीं पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि बरसात के बाद मोहल्लों में जलभराव और गंदगी बढ़ गई है, जिससे मच्छरों का प्रकोप है। सागर सराय निवासी विशाल ने बताया कि कई दिनों से फॉगिंग को टीम नहीं पहुंची है। गोविंद नगर निवासी पूनम गुप्ता ने बताया कि एक भी बार टीम फॉगिंग या एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हुआ। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पीएन यादव ने बताया कि जिले में फिलहाल डेंगू का केवल एक मामला है, जबकि मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सभी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और सर्वे टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे घर-घर जाकर लार्वा नष्ट करें और लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के तरीके बताएं।

### 51 मोहल्ले और कॉलोनियां डेंगू और मलेरिया को लेकर संवेदनशील सूची में शामिल

शहरी क्षेत्र में 51 मोहल्ले और कॉलोनियां डेंगू और मलेरिया को लेकर संवेदनशील हैं। इनमें गोविंदनगर, हिमगिरी कालोनी, कटघर, ढक्का, बुद्धिविहार, करूला, सिकोई, असालतपुरा, ताड़ीखाना, बरादरी, हरथला, पीतलनगरी, रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर, पीटीसी, पीएसी, चक्कर की मिलक शामिल हैं। इसके अलावा काशीराम नगर, चंद्र नगर, नवाबपुरा, देहरी गांव, बुद्धबाजार, कोठीवाल नगर, नवीन नगर, लाइनपार, गुलाबबाड़ी, जिगर कालोनी, दौलतबाग, आशियाना, कच्चाबाग, जयंतीपुर, किसरौल, अमरोहा गेट, खुशहालपुर, डिप्टीगंज, बंगला गांव, नया गांव, गांधीनगर, नागफनी, लालबाग, वशिष्ठ नगर, सूर्यनगर, शिवनगर, सम्राट अशोकनगर, विवेक विहार, आजाद नगर, सिविल लाइंस आदि शामिल हैं। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ताजपुर के 16 गांव समेत सात ब्लॉक के 175 गांव स्वास्थ्य विभाग की सूची में संवेनशील चिह्नित किए गए हैं।

# मुनाफे का झांसा देकर हैंडीक्राफ्ट कारोबारी से डेढ़ करोड़ की ठगी

- पीड़ित कारोबारी ने दिल्ली निवासी महिला के खिलाफ साइबर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र के कारोबारी से महिला साइबर अपराधी ने ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ 64 लाख 96 हजार 474 रुपये ठग लिए। खुद को दिल्ली निवासी बताने वाली महिला ने कारोबारी से मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर यह रकम ट्रांसफर कराई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है।

हैंडीक्राफ्ट कारोबारी की गलशहीद थाना क्षेत्र में ही फर्म है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मई 2025 को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप मैसेज आया। मैसेज करने वाली ने नाम जियाना अरोड़ा व खुद को दिल्ली निवासी बताया। कहा कि पिछले पांच साल से ट्रेडिंग कर रही है। आप भी अगर ट्रेडिंग करते हैं तो अच्छा मुनाफा होगा। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप के जरिए एक लिंक उपलब्ध कराया।

आईडी बनाई गई और प्रूफ जमा किया गया। कारोबारी ने 30 मई को पहली बार 40 हजार रुपये फोन पे से ट्रांसफर किए। जिसके बाद उन्हें 10480 रुपये का लाभ हो गया। इसके बाद आरोपी ने अलग अलग खातों से 20 मई से 18 अगस्त के बीच 13 खातों में रकम उन्होंने लगभग 20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिसमें उन्हें 44 लाख 78 हजार 644 रुपये का लाभ हो गया। कारोबारी की आईडी पर उनके लाभ की रकम दिख भी रही थी। उन्होंने इस रकम को खाते में लेने का प्रयास किया तो उनसे बार बार टैक्स के नाम पर रकम जमा कराई। इसके बाद धीरे धीरे साइबर ठग ने उनसे एक करोड़ 44 लाख 96 हजार 474 और जमा करा दिए। इस तरह एक करोड़ 64 लाख 96 हजार 474 रुपये ठग चुके थे। जब खाते में रकम नहीं आई तो वह समझ गए कि साइबर ठगी के शिकार हो गए हैं। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर दिल्ली निवासी जियाना अरोड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जिस खातों में रकम ट्रांसफर की गई है उन खातों की डिटेल निकलवाई जा रही हैं।

# सेवानिवृत्त की पेंशन अटकी परिषद ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सेवानिवृत्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कांती शर्मा को पेंशन और देयक का भुगतान न होने पर कड़ा एतराज जताया है। परिषद ने शासन को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने सोमवार को प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को भेजे पत्र के माध्यम से बताया कि कांती शर्मा 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हुईं, लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी उनके देयक लंबित हैं। लगातार प्रयास के बावजूद भुगतान नहीं हो रहा है।

उन्होंने इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए तत्काल देयकों का भुगतान कराने के साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सेवानिवृत्त कर्मचारी को अपने चिकित्सा खर्च के लिए महीनों इंतजार कराना उचित नहीं है, इससे कर्मचारियों में असंतोष पनप रहा है। परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

इससे पहले बीते शुक्रवार को कांती शर्मा ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह को पत्र सौंपा था, जिसमें उन्होंने देयकों का भुगतान न होने पर आठ सितंबर को कार्यालय के बाहर अनशन पर बैठने की बात कही थी।

लापरवाही | विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में खामियां उजागर, डीडी पंचायत ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

# संभल-अमरोहा डीपीआरओ से स्पष्टीकरण मांगा

- ग्राम पंचायत सचिवों का रोका वेतन एडीओ को दी चेतावनी नोटिस, तीन दिन के भीतर मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

अमृत विचारः पंचायत राज विभाग की योजनाओं की प्रगति को लेकर जूम वीसी समीक्षा बैठक में कई जनपदों की लापरवाहियां सामने आईं। उप निदेशक ने अमरोहा और संभल डीपीआरओ से कार्य में लापरवाही के बरतने के मामले स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें निर्माण कार्यों में देरी, भुगतान में लापरवाही और सीएम डैशबोर्ड पर कमजोर प्रदर्शन को लेकर अधिकारियों को कठोर निर्देश दिए गए। कार्य आरंभ नहीं होने वाले ग्राम पंचायत के सचिवों के वेतन रोकने का निर्देश दिया।

उप निदेशक अभय कुमार यादव ने बताया कि संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत और सचिव ग्राम पंचायत का अगस्त माह का वेतन रोकने के आदेश दिए गए। जब तक कार्य पूरे नहीं होंगे, वेतन जारी नहीं किया जाएगा। सीएम डैशबोर्ड पर संभल सबसे पीछे है यह बैठक में बताया गया। संभल तीन माह से डी श्रेणी में है। बेहद खराब स्थिति बताते हुए दोनों परियोजना प्रबंधकों से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही पूछा गया कि भुगतान में लापरवाही बरतने वाले सचिवों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई।

#### अमरोहा जनपद पर कड़ी नाराजगी

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अमरोहा की प्रगति भी बेहद खराब रही। यहां अब तक 2 अंत्येष्टि स्थल और 1 बहुउद्देशीय पंचायत भवन का आवंटन तक नहीं हो सका है। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी अमरोहा से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

#### ग्राम सचिवालय और जनसुनवाई पोर्टल पर भी मिली चेतावनी

ग्राम सचिवालय संचालन और पंचायत सहायकों को वीएलई आईडी बनाए जाने की प्रगति संभल और रामपुर में सबसे कम पाई गई। निर्देश दिया गया कि हर माह निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट तैयार कर मंडल कार्यालय को भेजी जाए। साथ ही, जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जोर दिया गया। स्पष्ट कहा गया कि मात्र सचिव ग्राम पंचायत की रिपोर्ट के आधार पर शिकायतें बंद न की जाएं। यदि शिकायतों का समाधान संतोषजनक न हुआ तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अधिकारियों की होगी।

#### निर्माण कार्यों में भारी लापरवाही

2024-25 में अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण : जनपद संभल में 10 में से केवल 2, अमरोहा में 9 में से 5, बिजनौर में 13 में से 11, मुरादाबाद में 13 में से 10 निर्माण ही पूरे हो सके।

## शहर में आज



☞ बाजार गंज गणेश प्रतिमा की विसर्जन शोभा यात्रा मंडी चौक से 12:00 बजे
☞ डिप्टी साहब के मंदिर से गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा 12:00 बजे

## सिटी ब्रीफ

### मूर्खता ही सब दु:खों की जड़: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी स्थित झाड़खंडी मंदिर में चल रहे शिव महापुराण के पांचवें दिन सोमवार को कथा व्यास धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि जग में सुंदर हैं महादेव का नाम। महादेव से पार्वती रूपी प्रकृति का मिलन ही सृष्टि प्रकाटय का आरंभ है। उन्होंने बताया कि हर मनुष्य की यात्रा शिव-पार्वती के गुणों से ही शुरू होती है। व्यक्ति का शिवमय होना भी उतना ही जरूरी है जितना मानव होना लेकिन जन्म से प्रारंभ हुई यह यात्रा तब तक अधूरी है जब तक इस यात्रा का विश्राम महादेव पर न हो। बलवान पुरुष का बल जब तक वह नही दिखाता है, उसके बल की उपेक्षा होती है। लकड़ी से कोई नहीं डरता, मगर वही लकड़ी जब जलने लगती है, तब लोग उससे डरते हैं। इस जगत में स्वयं की मूर्खता ही सब दु:खों की जड़ होती है। कथा में महंत भोलानाथ, अमित नाथ,, अंकित नाथ, पं. जगदम्बा प्रसाद वशिष्ठ, नरेंद्र सुमन, कमल गोयल, नमन गोयल, इन्दरजीत शर्मा, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, कृष्ण गुप्ता, संजय अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, पं. अनिल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### खेजड़ली बलिदान दिवस पर पौधरोपण आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद एवं विश्नोई समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खेजड़ली बलिदान दिवस पर विशेष पौधरोपण कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे एम.ए. इंटर कॉलेज, मऊ रेलवे फाटक (पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे) परिसर में संपन्न होगा। आयोजकों संस्थापक, महासचिव पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल ने बताया कि आज से लगभग 295 वर्ष पूर्व राजस्थान के खेजड़ली ग्राम में माता अमृता देवी जी के नेतृत्व में 363 बिश्नोई स्त्री, पुरुष और बच्चों ने वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ऐतिहासिक बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक, महासचिव पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल एवं संरक्षक पर्यावरण प्रेमी अनिल बिश्नोई सहित समाजसेवी, नागरिक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

### अभियान चलाकर खोजे जाएंगे कुष्ठ रोगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 2027 तक कुष्ठ रोग को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए अक्टूबर में 14 दिवसीय अभियान चलेगा। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया। आरंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने किया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में में एक आशा एवं पुरुष कार्यकर्ता घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगे। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने बताया कि जिन स्थानों पर आशा वर्कर नहीं है, वहां आंगनबाड़ी एवं अन्य स्वयंसेवकों की टीम बनाई जाएगी। पांच टीमों पर एक सुपरवाइजर लगाया जाएगा। जिले में अभियान में 2703 टीम लगेगी। पर्यवेक्षण के लिए 532 सुपरवाइजर कार्य करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान सभी ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम आदि के अलावा डॉ. नितिन यादव, जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई, दानवीर सिंह, विशाल दीप यादव, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रामगंगा व गागन नदी का जलस्तर चढ़ाव के क्रम में रिकॉर्ड

# जिले में 278.88 एमएम बारिश, नदियां उफनाईं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● बिलारी तहसील में गिरा सबसे ज्यादा पानी

**अमृत विचार:** जिले में मूसलाधार बारिश से एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदियां उफान पर होने से जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन ने तहसीलों के अधिकारियों व बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। रविवार रात से सोमवार दोपहर तक 278.88 मिलीमीटर मूसलाधार बारिश ने जनजीवन बेपटरी कर दिया। रामगंगा व गागन नदी का जलस्तर चढ़ाव के क्रम में रिकॉर्ड किया गया।

मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। जिले में कुल 278.88 मिलीमीटर बारिश हुई। जिसमें बिलारी तहसील में सर्वाधिक 103.33 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि सबसे कम ठाकुरद्वारा में 40.3 मिमी बारिश हुई। लगातार बारिश ने नदियों का जलस्तर बढ़ाया तो तटीय इलाकों में बाढ़ के संभावित खतरे से निपटने के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया। रामगंगा कटघर रेलवे पुल और कालागढ़ डैम और मुरादाबाद में गागन का जलस्तर भी बढ़ गया। हालांकि अभी चेतावनी स्तर से नीचे है। जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बारिश से एक जनहानि हुई है। जिले में 35 बाढ़ चौकियां अलर्ट पर हैं। इसके अलावा 29 शेल्टर होम फिर सक्रिय कर दिए गए हैं। जिससे जरूरत पर इसका प्रयोग हो सके।

### जलस्तर का आंकड़ा

● रामगंगा कटघर रेलवे पुल-188.670 मीटर-चढ़ाव। ● रामगंगा कालगढ़ डैम - 357.810 मीटर - चढ़ाव। ● गागन मुरादाबाद -190.70 मीटर -चढ़ाव।

### तहसीलों में बारिश के हालात

मुरादाबाद सदर 65.75 मिलीमीटर, कांठ 69.50 मिलीमीटर, बिलारी 103.33 मिलीमीटर, ठाकुरद्वारा 40.30 मिलीमीटर बारिश हुई। इस तरह पूरे जनपद में कुल बारिश 278.88 मिलीमीटर पानी गिरा



पहाड़ों में भारी बारिश के बाद उफनाई रामगंगा नदी। ● अमृत विचार

# मूसलाधार बारिश से शहर में हर ओर पानी

## जीएमडी रोड, झब्बू का नाला, महबुल्ला गंज, पीतल बस्ती, आशियाना सहित कई जगह घंटों भरा रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार की देर रात से शुरु हुई मूसलाधार बारिश सोमवार को शाम तक जारी रहा। तेज बारिश से मुख्य सड़कों के अलावा कॉलोनियों में पानी भर गया। लोगों को जगह-जगह जलभराव से जूझना पड़ा। मुख्य मार्गों पर पानी भरने से न सिर्फ वाहन चालकों को बल्कि पैदल राहगीरों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ी।

बारिश के कारण महानगर के कई इलाके तालाब में तब्दील हो गए। आशियाना, दीनदयाल नगर, नवीन नगर, रामगंगा विहार, जेल रोड, कांठ की पुलिया, जीएमडी रोड, झब्बू का नाला, महबुल्ला गंज, पीतल बस्ती, लाइनपार, सूर्य नगर, मानसरोवर रोड, प्रकाश नगर चौराहा, नया और पुराना रोडवेज बस स्टैंड जैसे इलाकों में घुटने भर तक पानी भर गया। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे पानी में छुप गए, जिससे कई बार लोग गिरते-गिरते बचे।

जगह-जगह पानी में वाहन बंद हो जाने की वजह से लोग धक्का लगाने को मजबूर हुए। कई बाइक सवार पानी में फिसल गए। वहीं, चार पहिया वाहनों का इंजन पानी में बंद हो गया तो यातायात भी बाधित हुआ।



जल भराव के बीच फंसे लोग। ● अमृत विचार

● वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी झेलनी पड़ी दुर्दशा

### आज 12वीं तक के स्कूलों में अवकाश

मंगलवार को बारिश का अलर्ट देखते हुए नर्सरी से 12 तक बेसिक व माध्यमिक शिक्षा व मान्यता प्राप्त बोर्डों के स्कूलों में आज अवकाश घोषित कर दिया है। बीएसए विमलेश कुमार ने जारी आदेश में बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिले के बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और सभी सरकारी, अर्धसरकारी व सभी बोर्डों से मान्यता विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 12 तक प्रभावी रहेगा।

### राहत लेकिन बाहर निकलने वालों की मुसीबत

हालांकि बारिश से तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन, यह राहत सिर्फ उन लोगों के लिए थी जो घरों में सुरक्षित बैठे रहे। जो लोग घर से बाहर थे, उनके लिए यह बारिश आफत बनकर आई। विजय नगर, हरपाल नगर, आशियाना समेत कई क्षेत्रों के पार्क भी जलमग्न हो गए। जलभराव और यातायात बाधित होने के कारण लोग घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे। दिनभर लोग परेशानियों से जूझते रहे। जगह-जगह पानी भरा होने से निकलने में लोगों को भारी दिक्कत हुई।



टाउन हॉल रोड पर जल भराव के बीच गुजरते लोग। ● अमृत विचार



रामगंगा विस्तार कॉलोनी के पार्क में भरा पानी डूबे झूले। ● अमृत विचार



जेल रोड पर पानी से निकलते लोग और पानी में डूबी कारें (पीछे)। ● अमृत विचार



बारिश में जल भराव के बीच निकलते लोग। ● अमृत विचार

# ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सोमवार को प्रतियोगिता का आरंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। महेंद्र कुमार व शशि आर्य ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे बच्चे समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करते हैं। पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, डी.एस.एम.इंटर कॉलेज, प्रभा देवी इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज और साहू रमेश इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जनपदीय एवं मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर, चयनकर्ता मनोज कुमार, दीपक चंद्र, अर्जुन सिंह, उर्वशी गुप्ता, सरिता और संगीता चौधरी सहित रेफरी केशव थापा, कामिया सैनी, यशोदा और रोहित कश्यप की अहम भूमिका रही। व्यवस्था सचिन चौधरी और सहयोगी पदम सिंह ने संभाली।



जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

● पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

### ये रहे बालक-बालिका वर्गों के विजेता

शिव राणा, दीपक, निलेश चौधरी, मयंक दिवाकर, आशीष सिंह, वैभव, ओम, आदर्श, ऋच सैनी, अभिषेक कुमार, ओम सैनी, कार्तिक, गुलाम वारिस और नजफ हैदर रहे। बालिका वर्ग में विजेता कनिका मल्होत्रा, आरिफा, अंजलि, प्रेरणा, निक्की, वंशिका शर्मा, प्रिया लोधी और वेदांशी रहीं। इन विजेता खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### प्रदेश स्तरीय महिला हॉकी का ट्रायल चार को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आठ से 13 सितंबर तक अयोध्या में होगा। इसके लिए चार सितंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल होंगे। शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का मंडल स्तर पर ट्रायल छह सितंबर को होगा। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंडल स्तर पर टीम का चयन कर राज्य के लिए भेजा जाएगा।

## कृषि विभाग की फसलों पर नजर अभी नुकसान नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लगातार बारिश से किसानों की फसलों को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिला कृषि अधिकारी ने फिलहाल किसी भी प्रकार के नुकसान की आशंका से इंकार किया है। हालांकि तेज हवा चलने पर गन्ना और धान की फसल को नुकसान हो सकता है।

जिला कृषि अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में गन्ना और धान की फसलें बड़ी मात्रा में खड़ी हैं। ये दोनों फसलें सामान्य बारिश से प्रभावित नहीं होती हैं और आसानी से गिरतीं भी नहीं हैं। मगर उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बारिश के साथ तेज हवा चली तो फसलों को नुकसान पहुंच सकता है।

बारिश निरंतर जारी रही तो जलभराव और नमी के कारण फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों को चेतावनी के अनुसार सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया की पीलीभीत और बरेली में बारिश के बाद तेज हवा चलने से गन्ना और धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

# बारिश ने बिगाड़ी बिजली आपूर्ति रात से लेकर सुबह तक गुल रही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार रात से हो रही तेज बारिश ने महानगर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बारिश से पीटीसी, कटघर, दस सराय और जीआईसी विद्युत केंद्रों की सप्लाई फेल हो गई। नतीजतन देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

सोमवार की सुबह तक रात से हो रही बारिश का क्रम थमा नहीं। जिससे महानगर के जल भराव वाले मोहल्लों में दौलत बाग कटघर, दस सराय विद्युत केंद्र की सप्लाई बंद कर दी गई। जिससे रात से सुबह तक लोगों बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे बिजली आपूर्ति बहाल न होने पर लोगों ने बिजली कर्मचारियों कर फोन करना शुरू किया तो बारिश बंद होने के सप्लाई चालू करने की बात कही गई। टाउन विद्युत केंद्रों में फाल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे कटरा नाज, मानपुर, ताड़ी खाना, जी एम डी रोड और टाउन हॉल क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 2 बजे तक बंद रही। बिजली गुल होने से लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। सुबह-सुबह टंकी में पानी न आने से लोग बाल्टी और बर्तन लेकर इधर-उधर भटकते नजर आए। उधर टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से जुड़े बुधबाजार और मालवीय नगर और कोठीवाल नगर में सुबह चार बजे से आपूर्ति गुल रही। कोठी वाल नगर के रहने शुभम गगनेजा ने बताया की बारिश के बाद हर बार बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है।, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस इंतजाम नहीं किए जाते। इस बार भी पूरी रात लोग अंधेरे में जागते रहे।

बुध बाजार के दुकानदारों का कहना है कि बिजली विभाग को बारिश के मौसम को देखते हुए बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से राहत मिल सके।

**कटौती के सभी प्लान रद्द:** रविवार की रात से हुई तेज बारिश ने विभाग की व्यवस्था अस्त-व्यस्त कर दी। फॉल्ट को बिजली कर्मचारी पूरे दिन दुरुस्त नहीं कर पाए। लगातार फॉल्ट और उपकरण गीले होने के चलते मरम्मत कार्य में दिक्कतें आ रही थी। उपकरण सही न होने से दिक्कत जस की तस रही। सभी निर्धारित शटडाउन प्लान बारिश के चलते रद्द कर दिए गए। वहीं मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रशांत कुमार ने बताया कि बारिश में कार्य करने में करंट लगने का खतरा रहता है।

● सुबह तक बिजली कटौती के कारण लोग पेयजल के लिए तरसे

> बारिश में उपकरणों के फुंकने का डर बना रहता है। ऐसे में कुछ जल भराव वाले मोहल्लों की सप्लाई बंद कर दी जाती है। जिससे सड़कों पर भरे पानी से करंट दौड़ने को कोई खतरा पैदा न हो लेकिन कुछ विद्युत उपकेंद्रों में बारिश से फॉल्ट हो गए थे जिन्हें सही करा दिया गया है।
> – **प्रशांत कुमार**, मुख्य अभियंता

# स्कूल की टूटी दीवार, सुरक्षा पर संकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे ब्लॉक के ग्राम मिलक मनकरा प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय की सुरक्षा दीवार दो महीने पहले ढह गई थी, लेकिन लापरवाही के चलते आज तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। टूटी दीवार से जहां परिसर असुरक्षित हो गया है, वहीं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को जंगली जानवरों और जहरीले कीड़ों का खतरा हर समय बना रहता है।

प्रधानाध्यापक और अध्यापकों ने बताया कि दीवार टूटने की सूचना कई बार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्राचार कर दी गई, मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव के बाहर बने विद्यालय का स्थान झाड़ियों और खेतों से घिरा हुआ है। बरसात में झाड़ियों से सांप, बिच्छू और जहरीले कीड़े निकलकर विद्यालय परिसर में घुस आते हैं, जिससे छोटे बच्चों की जान को हर पल खतरा बना हुआ है। इतना ही नहीं, विद्यालय परिसर में बनी मध्याह्न भोजन की रसोई में रखा सामान चोरी होने की आशंका भी लगातार बनी हुई है। सुरक्षा दीवार टूट जाने से विद्यालय अब पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। आक्रोशित अभिभावक राजीव कुमार व अन्य का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। जल्द ही दीवार का निर्माण नहीं कराया गया तो वे सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



मूंढापांडे ब्लॉक के गांव मिलक मनकरा प्राथमिक विद्यालय की टूटी दीवार।

● अभिभावकों ने दीवार न बनने पर दी धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी

> हां प्राथमिक विद्यालय की दीवार पुरानी थी, जो कि ढह गई है। प्रधानाध्यापक की ओर से दीवार निर्माण के लिए पत्र मिला था। जल्द ही दीवार को बनवाया जाएगा। – **विमलेश कुमार**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## गाली देने का विरोध करने पर सिर फोड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गाली देने से मना करने पर दबंगों ने युवक का सिर फोड़ दिया।

थाना मझोला के लाइनपार सूर्यनगर निवासी रागनी गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में देकर बताया कि उनका बेटा गौरव बीती रात 10 बजे काम पर से घर लौट रहा था। उसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला रोहित रावत अपने भाई के साथ गौरव को रोक कर उससे गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर आरोपियों पर गौरव के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रोहित रावत और उसके भाई के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज किया गया है।

स्वास्थ्य कोना | महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती है बच्ची

# डॉक्टरों के प्रयास से नवजात को मिला जीवनदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 20 अगस्त की शाम को बोरे में बंद मिली एक नवजात बच्ची जब महिला अस्पताल लाई गई, तो किसी को भरोसा नहीं था कि वह जिंदा बचेगी। थम रही सांसें, ठिठुरता शरीर और नाजुक धड़कनें लेकिन इसी बच्ची की हर सांस के साथ डॉक्टरों ने अपनी धड़कनों की रफ्तार जोड़ दी। 11 दिनों तक मौत और जिंदगी के बीच लड़ी गई इस जंग में जिंदगी जीती। आज बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है।



डॉ. सना।

एसएनसीयू में जिस दिन बच्ची भर्ती हुई उस दिन पीडियाट्रिशन डॉ. प्रतीक ड्यूटी पर थे। बोरे में बंद रहने के कारण बच्ची का शरीर ठंडा पड़ रहा था और सांसें धीमी थीं। वार्मर, ऑक्सीजन सपोर्ट और दवाओं के सहारे उसे जिंदगी की डोर से बांधने की कोशिश शुरू हुई। अगले दिन से बच्ची डॉ. सना की देखरेख में रही। पहले चार-पांच दिन बहुत मुश्किल थे। हर बार उसकी सांस धीमी पड़ती तो लगता जैसे हमारी भी सांस थम गई हो। हम सब उसे बच्चे की तरह देख रहे थे, डॉ. सना ने भावुक होते हुए कहा। बच्ची इतनी कमजोर थी कि दूध तक नहीं पी पा रही थी। स्टाफ नर्सों ने रात-दिन देखभाल की। कभी-कभी लगता था कि वह हमें छोड़ देगी, लेकिन फिर उसकी छोटी-सी उंगलियां हमारी उंगलियों को पकड़ लेतीं और जैसे कहतीं मैं जिंदा रहना चाहती हूं। बताया कि अब बच्ची हर दो घंटे में खुद 3.5 एमएल दूध पी रही है। डॉक्टरों का कहना है कि यह बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है और जल्द ही डिस्चार्ज की जा सकती है।



अस्पताल में भर्ती बच्ची।

### सिस्टर सोनिया ने नाम रखा गुड़िया

डॉ. सना ने बताया कि उनके साथ ही डॉ. किरन और डॉ. प्रतीक का भी इस सफर में काफी सहयोग रहा। स्टाफ नर्स प्रिया, पुष्पा, अनीता, अमित, रितु और रुबी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिस्टर सोनिया ने जब बच्ची को गुड़िया कहकर पुकारना शुरू किया तो फिर सभी उसे इसी नाम से बुलाने लगे।

● 20 अगस्त को बोरे में मिली नवजात 11 दिन की जंग के बाद हुई स्वस्थ

अमृत विचार
मुरादाबाद , मंगलवार,2 सितंबर 2025
मुरादाबाद

न्यूज ब्रीफ

## युवती से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा कमलापुरी डिलारी मार्ग स्थित एक गांव की युवती ने कोर्ट में दिए शिकायती पत्र में बताया कि ठाकुरद्वारा निवासी अदनान, अजमत निवासी कमलापुरी व महबूब आलम, मुमताज निवासी चल चित्र ढाल ठाकुरद्वारा व दो अज्ञात व्यक्ति 7 जुलाई को गांव से ठाकुरद्वारा रिश्तेदारी जाने के दौरान सवारी के इंतजार में खड़ी थी। इसी दौरान आरोपितों ने उसे जबरन रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि अमरूद की बगिया में ले जाकर बारी-बारी से तमंचे की नोक पर जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाने का प्रयास किया तो मुंह दबा दिया। अदनान ने वीडियो बनाई और धमकी दी कि मुकदमा वापिस न लेने पर वीडियो वायरल कर देंगे। अदनान ने अजमत से तेजाब मंगवाकर डालने की कोशिश की, लेकिन वह बाल-बाल बच गई। आरोपियों ने उसे गालियां दीं, सोने के कुंडल और बैग लूट लिया। किसी तरह घर पहुंची पीड़िता ने पिता के साथ कोतवाली पुलिस व उच्चाधिकारियों से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मुरादाबाद न्यायालय में शिकायती पत्र दिया। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विनय सिंह बने बार संघ के अध्यक्ष

## बिलारी तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव एल्डर कमेटी के तत्वाधान में निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुआ। सोमवार को भारी बरसात में भी अधिवक्ताओं का उत्साह देखते ही बना। नामांकन के लिए पहुंचे अधिवक्ता ढोल नगाड़े बजाते हुए एल्डर कमेटी के पास पहुंचे। जहां उन्होंने नामांकन पत्र जमा किया। अध्यक्ष पद के लिए चौधरी विनय कुमार सिंह, सचिव पद के लिए सुनील कुमार सिंह का एकमात्र नामांकन तहसील बार के पास पहुंचा। उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। अंत में सभी को फूलमाला पहनकर स्वागत सम्मान किया गया।

तहसील बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी के चुनाव के लिए एल्डर कमेटी के अध्यक्ष कमाल अकबर एडवोकेट, सचिव रामकुंवर सिंह यादव ने पूरी रणनीति तैयार की। जिसके चलते बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के बायलाज के मुताबिक पदों पर चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए चौधरी विनय कुमार सिंह के भारी तादाद में अधिवक्ताओं का हूजूम नामांकन के लिए पहुंचा। अकेला नाम अध्यक्ष पद पर पहुंचा। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हलीम जावेद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद पाशा,वसीम अकरम प्रथम, विनय कुमार यादव, महासचिव पद के लिए सुनील कुमार सिंह,संयुक्त सचिव पद के लिए मोहम्मद कामिल एडवोकेट, वसीम अकरम द्वितीय, मनोहर सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए जबर सिंह का नाम पहुंचा। सभी पदों पर अन्य कोई और दावेदार नहीं पहुंचा। लिहाजा सभी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।


निर्विरोध बार एसोसिएशन चुनाव के बाद खड़े अध्यक्ष विनय चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

● **फूलमाला पहनाकर किया गया सभी का स्वागत**

सदस्य कनिष्ठ कार्यकारणी के लिए अंकित सिंह ,इंतखाब आलम, संजीव कुमार श्रीवास्तव, शाने आलम, सुभान अली, सदस्य वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए सरताज उल हसन, उपेंद्र सिंह यादव, रईस अहमद अंसारी, नफ़ीसुल हसन फौजी के नाम सामने आए सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। पूर्व बार के अध्यक्ष आफाक हुसैन एडवोकेट ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। भारी तादाद में अधिवक्ता नई कार्यकारिणी के स्वागत के लिए जुटे। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष कमाल अकबर एडवोकेट व सचिव रामकुंवर सिंह यादव ने कहा कि पूरा चुनाव बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के नियम के मुताबिक हुआ है। उम्र के अलावा अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन और प्रैक्टिस को भी ध्यान में रखा गया था।

## कांठ में दिखा तेंदुए का जोड़ा, दहशत

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा में रविवार की रात स्वामी चमन ऋषि महाराज के आश्रम पर तेंदुए का जोड़ा दिखाई दिया। जिसकी वीडियो बना ली गई।

तमाम ग्रामीण व किसान एकत्र हो गए। ग्रामीणों को देख तेंदुए का जोड़ा पेड़ पर चढ़ गया। काफी शोर मचाने के बाद जंगल के रास्ते चला गया। खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान भी मिले हैं। मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, बिट्टू बिश्नोई, हरीराज सिंह बक्शी, कृष्ण अवतार सिंह, सुभाष पारवा, धर्मवीर सिंह, राजवीर सिंह, लखी बिश्नोई आदि का कहना है कि चमन ऋषि आश्रम में रहते हैं। जो इस समय हरिद्वार में है। वहां श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है।

नहर के समीप कई बार तेंदुआ देखा जा चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि शेखर बिश्नोई के घेर में घुसकर कुछ दिन पूर्व एक गोवंश को शिकार बना लिया था। किसान खेतों पर जाते डर रहे हैं। बच्चों का घर से निकलना बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# बारिश के बीच धूमधाम से निकाली गई विसर्जन यात्रा


शोभायात्रा में उमड़ा जन सैलाब। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सुरजन नगर में सोमवार को सड़कों पर गणपति विसर्जन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा। रिमझिम बारिश के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच भक्तों ने रंग-गुलाल उड़ा कर जमकर नृत्य किया।

श्रद्धालुओं ने रंग गुलाल की बौछार व डीजे की धुन पर नाचते गाते रामगंगा नदी के घाट पर बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन किया। सुरजन नगर में पांच दिन पूर्व पीपल देवता, बोबले कुए घरों में गणेश मूर्तियों की स्थापना कर गणेश महोत्सव का आरंभ किया गया था। शोभायात्रा पीपल देवता से प्रारंभ होकर झंडा चौक, चामुंडा मंदिर, शिवामंदिर, बस स्टैंड, जयनगर से होती हुई रामगंगा पर पहुंच कर समाप्त हुई। ग्रामीण एक दूसरे पर गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ का जय घोष करते हुए चल रहे थे। गणेश मंडप सुरजन नगर ने प्रसाद वितरण किया।


विसर्जन को प्रतिमा ले जाते लोग।


# बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** लगातार बारिश से नगर सहित क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रविवार देर रात से प्रारंभ हुई बारिश सोमवार को लगातार होती रही। सड़कों पर जल भराव हो गया है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते जल जमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार देर रात शुरू हुई बारिश अगले दिन सोमवार को पूरा दिन होती रहीं। भारी बारिश के चलते आवागमन में भी दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ा। सड़कें जलमग्न रही। लोगों के घरों और दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। रविवार रात से हो रही लगातार बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। लगातार बारिश से कुछ लोगों को परेशानी भी हुई। लोगों का घर से निकलना मुश्किल सा हो गया है। बाजार में लोग कम दिखे। कई दुकानदारों ने कहा कि बारिश का असर बाजार पर भी पड़ा। किसानों का कहना है कि यह बारिश धान और गन्ने की फसल के लिए लाभदायक है। दूसरी ओर लगातार बारिश होने से रामगंगा के किनारे बसे ग्रामीणों में फिर से बाढ की आशंका प्रबल हो गई है।

## मूसलाधार बारिश में गिरी मजदूर के घर की छत



**कुंदरकी, अमृत विचार :** बारिश के चलते ब्लॉक क्षेत्र के गांव चक फाजलपुर में मजदूर के कच्चे मकान की छत गिर गई। कुंदरकी ब्लॉक के चक फाजलपुर गांव का रहने वाला मजदूर गालिब चार बेटियों, पत्नी और एक नाबालिग बेटे के साथ जर्जर मकान में रह रहा था। सोमवार सुबह हुई बरसात में कच्ची छत भर भराकर गिर गई और सारा सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि परिजन सुरक्षित हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने प्रधान प्रतिनिधि से कई बार आवास की गुहार लगाई, मगर हर बार बहानेबाजी हुई। अफसरों से भी केवल आश्वासन मिला। गालिब और उसका परिवार अब खुले आसमान के नीचे है। वहीं प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद शानू का कहना है कि उन्होंने कई बार नाम सूची में भेजा है।

## बारिश ने दिलाई चिपचिपी गर्मी से राहत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सोमवार की तड़के सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा जम गया। कभी तेज तो कभी हल्की-हल्की फुहारों के साथ बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हुआ, जो दिनभर रुक-रुककर चलता रहा। पूरे दिन सूरज की झलक तक देखने को नहीं मिली। लगातार बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया और लोगों को गर्मी व उमस से बड़ी राहत मिली। लगातार हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे भी खिल खिला उठे। खरीफ की फसलों, विशेषकर धान, मक्का गन्ने व सोयाबीन के लिए यह बारिश संजीवनी साबित हो रही है। खेतों में नमी आने से किसानों की मेहनत रंग लाने की उम्मीद और बढ़ गई है।

## शोभायात्रा और हवन के साथ त्रयोदश गणेश महोत्सव संपन्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवीन नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रहा पांच दिवसीय त्रयोदश गणेश महोत्सव हवन, पूजन और शोभायात्रा के बाद गणपति विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। पंडित दयानंद जोशी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन में नमिता सक्सेना और सूरज सक्सेना ने श्रद्धालुओं के साथ आहुतियां दीं।

सोमवार को हवन के बाद शोभायात्रा प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण से निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और गगनभेदी नारों के बीच यात्रा में भारी भीड़ शामिल हुई। प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव और भक्ति के साथ रामगंगा नदी में विसर्जित कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान पार्षद पंकज शर्मा, मंजू लता, सीमा शर्मा, सोनल सक्सेना, अभिव्यक्ति सिन्हा, ऊषा, शशि किरण, मनोज सक्सेना, विकास, आशीष सक्सेना, वरुण, अर्जुन दुबे, अनमोल सक्सेना, शैली अरोड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मौसम भी नहीं डिगा पाया बप्पा के भक्तों का हौसला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी के छठें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने बारिश और मुश्किल हालात के बावजूद गणपति बप्पा को विदाई दी। सुबह से जारी बारिश के बीच ढोल और बैंड-बाजे की भक्ति धुन पर थिरकते हुए भक्त आशियाना और गुलाबबाड़ी स्थित रामगंगा नदी के तट पर पहुंचे। हालांकि बारिश के चलते विसर्जन स्थलों पर कीचड़ होने से मुश्किल आई लेकिन गणपति के भक्तों की आस्था नहीं डिगी।

नदी किनारे गंदगी और फिसलन भरी राहों के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। जलभराव और गंदगी की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं ने अपने बप्पा की प्रतिमाओं का विधिविधान से विसर्जन किया। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को संभाल कर ले जाना पड़ा। भक्तों का कहना था कि अगर समय रहते सफाई और पुख्ता इंतजाम किए गए होते, तो आस्था की डगर इतनी मुश्किल नहीं होती। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से प्रशासन सतर्क दिखा। पीएसी के गोताखोर मौके पर मौजूद रहे। जिन भक्तों को प्रतिमा विसर्जन में दिक्कत हो रही थी उनका सहयोग करते हुए गोताखोरों ने खुद प्रतिमाएं लेकर विसर्जित की। पुलिसकर्मी भी तैनात रहकर भीड़ को नियंत्रित करते रहे। ढोल, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते हुए गणपति बप्पा मोरया, गणपति राखौ मेरी लाज, दुनिया में देव हजारों हैं गणपति तुम्हारा क्या कहना आदि गीत गाते और जयकारों के साथ श्रद्धालुओं के कदम आगे बढ़ रहे थे। नम आंखों से भक्तों ने प्रतिमाओं को विदा किया।


रामगंगा के तट पर रिमझिम बारिश में विसर्जन के लिए पहुंचे श्रद्धालु।


नाव के द्वारा गणेश की मूर्ति को विसर्जित करते गोताखोर।

● **ढोल पर थिरकते भक्त पहुंचे रामगंगा, विधि विधान से विसर्जित की गणेश प्रतिमा**


नृत्य करते विसर्जन के लिए राम गंगा गनदी के तट पर पहुंचे श्रद्धालु।

## बाइक सवार की मौत ट्रक चालक पर मुकदमा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा शहीद नगर मार्ग पर ग्राम मानावाला के पास रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई थी। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के कुंडा के ग्राम जगतपुर पट्टी निवासी वर्षा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति अमित कुमार( 42) रविवार को बाइक से ग्राम मानावाला रिश्तेदारी में गए थे। दोपहर लगभग एक बजे जब वह मानावाला से घर लौट रहे थे तभी मानावाला मंदिर के पास सुरजन नगर की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में अमित की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# रोटरी ने गोद लिया फतेहपुर विश्नोई गांव, कराएंगे विकास

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद एलीट का अधिष्ठापन एवं चार्टर प्रेजेंटेशन समारोह रविवार की देर रात तक एक रिसोर्ट में धूमधाम से आयोजित किया गया। चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश त्यागी व अन्य पदाधिकारियों ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा। सभा की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। रंगारंग कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई

कार्यक्रम में क्लब की ओर से कई नई पहलों की घोषणा की गईं। जिसमें इस वर्ष नए रोटरी क्लब मुरादाबाद डायनामिक की स्थापना की घोषणा अहम रही। इसके साथ ही विजडम एजुकेशन कॉलेज में एक रोट्रैक्ट क्लब, सितंबर माह तक 12 इंटरैक्ट क्लब स्कूलों में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया। क्लब ने गांव फतेहपुर विश्नोई को गोद लेने का संकल्प लिया। जहां विकास कार्य कराए जाएंगे। समाज सेवा में विशेष योगदान के लिए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. तरुण अग्रवाल को सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डीजीई, पायल गौड़, डी जी एन काव्य सौरभ रस्तोगी, ए आर सी एम पी डी जी डी.के. शर्मा, क्लब एडवाइजर पी डी जी डॉ. बृज भूषण, क्लब मेंटर व डिस्ट्रिक्ट चीफ काउंसलर पी डी जी डॉ. राकेश सिंगल समेत कई वरिष्ठ रोटेरियन मौजूद रहे। संचालन प्रवीण कुमार (सीए) ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में ऐनीज,दीपमाला त्यागी, राजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, राकेश जौहरी,पराग पोरवाल,मयूर गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


रोटरी क्लब मुरादाबाद एलीट का अधिष्ठापन एवं चार्टर प्रेजेंटेशन समारोह में मौजूद पदाधिकारी।

● **सितंबर तक 12 इंटरैक्ट क्लब स्कूलों में स्थापित करने का लक्ष्य**

# हमारा विद्यालय–हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में पंच प्रणों का संकल्प लिया

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, ब्लॉक इकाई प्राथमिक संवर्ग ठाकुरद्वारा द्वारा सोमवार को हमारा विद्यालय–हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम हुआ। जिसमें शिक्षकों, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महासंघ पदाधिकारियों ने पंच प्रणों का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करना नहीं है, बल्कि एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए जिम्मेदार और सजग नागरिक तैयार करना भी है।

शिक्षकों ने शपथ ली कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि वह स्थान है, जहां देश की भावी पीढ़ी तैयार होती है। विद्यार्थियों के माध्यम से समाज और समुदाय में विद्यालयों के प्रति गर्व और सकारात्मक सोच जगाना हम सभी शिक्षकों का संकल्प है। कहा कि वर्तमान परिदृश्य में गुरु पद की प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शैक्षिक संगठन केवल विरोध के लिए नहीं होते, बल्कि समाज में शिक्षा और शिक्षक के प्रति सकारात्मक भाव जागृत कराने के लिए रचनात्मक कार्य भी करते हैं। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि ब्लॉक के लगभग 88 विद्यालयों में शिक्षकों, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें संजय कुमार भारती, सत्येंद्र कुमार , रवि यादव, मनोज कुमार ,महताब सिंह, समेत अनेक शिक्षक शामिल रहे।


गांव कमलापुरी में बच्चों को संकल्प दिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

## शिक्षकों के साथ बच्चों ने ली शपथ

**कांठ, अमृत विचार :** सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई छजलैट मुरादाबाद प्राथमिक संवर्ग द्वारा छजलैट में हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। महासंघ द्वारा पंच प्रणों का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण कराई गई। महासंघ ने बताया कि शिक्षक का दायित्व मात्र विद्यार्थियों को पढ़ाना नहीं है बल्कि एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। विद्यालयों के प्रति यही भाव हमें विद्यार्थियों में भी जगाकर समुदाय, समाज और शासन को भी यही संदेश देना है। पंच प्रण को यदि शिक्षकों के साथ विद्यार्थी और विद्यार्थियों के माध्यम से समुदाय और समाज भी आत्मसात कर ले तो भारत में यह शिक्षा, विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा की दशा व दिशा बदलने में, बेहतर नागरिक तैयार करने में, सशक्त समाज निर्माण में, समृद्ध राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने बताया कि 91 विद्यालयों द्वारा कार्यक्रम को भव्य ढंग से अपने विद्यालयों में आयोजित कराया गया। जिसमें विद्यालयों के समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों ,अनुदेशकों व बच्चों द्वारा भाग लिया गया।


कार्यक्रम में शपथ लेते छात्र- छात्रा व स्टाफ। ● अमृत विचार

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो.7906815587

संबंध विच्छेद
मैंने अपने बेटे इरफान को गलत चाल चलन में पड़ जाने के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी भी कृत्य या लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा और मेरे परिवार का इससे कोई वास्ता नहीं है। **बन्नो पत्नी स्वर्गीय नबी अहमद निवासी मोहल्ला चाह मोटे कल्लन थाना गंज तहसील सदर जनपद रामपुर।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0752501 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **कु. नसरीन पुत्र श्री कुशबू अली जाहिदपुर सीकमपुर, देवीपुर-मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# अजा ए हुसैन अलविदा-अलविदा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** 8 रब्बीउल अव्वल को नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला की शहादत के गम का अलविदाई चुप ताजिया का मातमी जुलूस निकला गया। जिसमें अजादारों ने नम आंखों से कहा अजा ए हुसैन अलविदा अलविदा।

सोमवार को हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए क़र्बला की शहादत के गम का आख़री जुलूस की मजलिस इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में हुई। कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा और कंबर रजा रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला को यजीदी फौज ने कत्ल कर उनके परिवार के लोगो को कैदी बना लिया और उन पर जुल्म करता रहा एक साल बाद जब यजीद ने हजरत इमाम हुसैन के परिवार को रिहा किया तो हजरत इमाम हुसैन की बहन जनाबे जैनब ने यजीद के घर में ही हजरत इमाम हुसैन के शहादत के गम में मजलिस की बुनियाद रखी। हजरत इमाम हुसैन के बेटे जनाबे इमाम सय्यद ए सज्जाद और उनके परिवार 8 रब्बी उल अव्वल को कर्बला से मदीने पहुंचे, नम आँखो के बीच चुप ताजिए का जुलूस बरामद हुआ जुलूस में शबिहे ताबूत काले अलम मुबारक ऊटो पर सजी काली अमारियां , शबीहे जुल्ज़िन्हा (घोड़ा) शामिल रहे। जुलूस के दौरान शिया समुदाए गम युवाओं ने मरसिये पढ़े तथा काशिफ अब्बास क़ाजमी, मौलाना अफ़ाक आलम जेदी, एजाज हाशिम नकवी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर रौशनी डाली।


कुंदरकी में मातम करते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


ताबूत ले जाते लोग।

## अलविदाई मजलिस में ताबूत बरामद

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारुख स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी में मजलिस का आयोजन किया गया। बादे मजलिस शबिहे ताबूत इमाम हसन असकरी अलैहिस्सलाम बरामद किया गया। मजलिस को मौलाना मो. हुसैन पेश इमाम शिया जामा मस्जिद ने खिताब किया। कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया कि इल्म हासिल करों चाहे तुम्हे चीन ही क्यों ना जाना पड़े। जो इंसान इल्म हासिल कर लेता हैं उसे ज़िन्दगी जीने का सलीका आ जाता हैं। इस दौरान नैय्यर अब्बास नक़वी, मो .अब्बास, शबी अब्बास, तस्वीर हैदर, तसव्वुर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## विसर्जन के दौरान नदी में अंदर न जाएं

**कांठ, अमृत विचार:** थाना कांठ में सोमवार को क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी त्योहारों को लेकर प्रशिक्षु आईपीएस पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ अभिनव द्विवेदी ने दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन शोभायात्रा में किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए। शोभायात्रा में नदी के आसपास पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात किया जाए। कोई भी व्यक्ति रामगंगा नदी में अंदर ना जाए। इसके अलावा बारावफात को परंपरागत तरीके से मनाए जाने की हिदायत दी गई। तहसीलदार कांठ राजकुमार ने कहा कि त्योहारों को मिलजुल कर मनाएं और नई परंपरा न डाले। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने गणेश विसर्जन शोभा यात्रा की जानकारी ली। शोभायात्रा के सभी समितियों के पदाधिकारी, संभ्रांत लोग एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारी।

न्यूज ब्रीफ

### कक्षा 1 से 8 तक स्कूलों की छुट्टी घोषित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने भारी बारिश के अलर्ट के चलते मंगलवार को छुट्टी घोषित की है। उन्होंने बताया कि अत्याधिक वर्षा होने के कारण बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यालयों परिषदीय, शासकीय, वित्तविहीन, मान्यता प्राप्त व समस्त सीबीएसई बोर्ड, आईसीएससी बोर्ड सहित सभी बोर्ड के विद्यालय बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने मंगलवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, इसके बाद डीएम ने छुट्टी की है।

### बारिश से मिली राहत जलभराव से परेशानी

**रामपुर, अमृत विचार :** लगातार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई, तो वहीं जलभराव होने से लोगों को परेशानियां आई। सोमवार को बच्चे छाता लगाकर स्कूलों को गए। वहीं कई बच्चों का रिक्शा नहीं आने के कारण बच्चों की छुट्टी हो गई। जबकि सरकारी कई स्कूलों में पानी भर गया। छुट्टी के बाद शिक्षक और बच्चे किसी तरह से स्कूल से बाहर निकल पाए।

### कई विद्यालयों में छतों से टपक रहा पानी

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने बीएसए कल्पना देवी को पत्र देकर कहा है कि रविवार रात से मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के कारण विद्यालयों की छतें टपक रही हैं और विद्यालय में जलभराव हो गया है। कई विद्यालय जर्जर घोषित हो चुके हैं। जहां पर छात्रों के बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। ऐसे में रास्ते भी कीचड़ हो गई है। विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र किसी अनहोनी का शिकार न हो जाए। मौसम विभाग ने भी भारी वर्षा को देखते हुए मंगलवार को भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मांग की है कि मंगलवार का अवकाश को अवकाश किया जाए।

### सभासदों से नहीं मिले अधिशासी अधिकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** गृह जलकर बढ़ोतरी को कम कराने के लिए सोमवार को सभासद मोहम्मद जफर के नेतृत्व में सभासद नगर पालिका परिषद पहुंचे। लेकिन, सभासदों को अधिशासी अधिकारी और कर अधिकारी नहीं मिले। सभासद ने बताया कि 2 सितंबर को अपराह्न 3 बजे टैक्स से सम्बंधित सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सभासद ने बताया कि काफी समय तक अधिशासी अधिकारी का इंतजार किया गया लेकिन, वह नहीं आए।


मिस्टन गंज बाजार में बारिश के बाद हुआ जलभराव। ● अमृत विचार


गांधी समाधि के निकट जलभराव। ● अमृत विचार


बारिश से गिरा जलीस अहमद का कच्चा मकान। ● अमृत विचार

# मूसलाधार बारिश से घरों में भरा पानी, सड़कें भी लबालब

## जनजीवन प्रभावित, सैफनी व अनवा दो कच्चे मकान गिरे, एक महिला घायल, पेड़ भी गिरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार रात से सोमवार को दिनभर हुई बारिश से शहर के मुख्य इलाकों से लेकर अंदर कॉलोनियों जलभराव हो गया। जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, भारी बारिश के कारण सैफनी व अनवा में दो कच्चे मकान गिर गए, इसमें एक महिला घायल हुई है।

शहर के नगर पालिका से हाथी खाना रोड, बाजार मिस्टनगंज, सराफा बाजार, पुराना गंज, गांधी समाधि, राहे रजा पर जलभराव हो गया। सुबह स्कूलों को बच्चे छाता लगाकर गए। झमाझम बारिश के बाद टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया, जिसके कारण हादसों का खतरा बना रहा। भारी बारिश के बाद मोहल्लों और घरों में जलभराव के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। नगर पालिका परिसर और उसके बाहर सड़क पर जलभराव हो गया, जबकि शहर पानी ही पानी नजर आया। भारी बारिश के कारण सैफनी व अनवा में दो कच्चे मकान गिर गए, इसमें एक महिला घायल हुई है, इसके अलावा देहात क्षेत्रों में बिजली बाधित और पेड़ों के गिरने की सूचनाएं भी मिलीं। कई सरकारी स्कूलों में पानी भर गया, जिससे शिक्षकों और छात्रों को परेशानी से दो-चार होना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही के मुताबिक 2 सितंबर को ऑरेंज अलर्ट है, अत्याधिक भारी बारिश की चेतावनी है। जबकि 3 सितंबर हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। इसके अलावा मूसलाधार बारिश होने से नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिससे बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। सोमवार को सिंचाई विभाग ने चार बार नदियों के जलस्तर और बैराज से पानी छोड़े जाने की रिपोर्ट जारी की है। शाम 6 बजे रामनगर बैराज से कोसी नदी में 41,602 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। लालपुर वियर से 2559 क्यूसेक पानी कोसी नदी में छोड़ा गया है। गंगापुर भोपतपुर से रामगंगा नदी में 12800, जबकि हुसैन गंज बैराज से 12250 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। एक्सईएन नहर खंड नवीन कुमार ने बताया कि बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों को अलर्ट कर दिया गया है।


शहर के बाजार पुराना गंज में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### कच्चा मकान गिरने से सामान दबा

**शाहबाद, अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए आफत बन रही है। जिसके चलते लोगों के मकान गिर गए हैं। शाहबाद के गांव अनवा निवासी शिवानी परिवार के साथ घर में मौजूद थी। अचानक से सोमवार को कच्चा मकान गिर गए। हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। इसके अलावा ग्राम मोलिया में हो रही वर्षा के कारण राम अवतार के आवासीय मकान की दीवार गिर गई। गली में नहा रहे विमल के पैर में चोट आई। जिसको प्राथमिक अस्पताल में भर्ती कराया। इसके साथ ही ग्राम कूप में सोमवार को तहसीलदार शाहबाद द्वारा अतिवृष्टि के दृष्टिगत निरीक्षण किया। जिसमें 6 मकान नदी की धारा के नजदीक देखे। उनको सतर्क रहने के निर्देश दिए।


मसवासी में गुदड़ी मेले में भरा पानी।

### मसवासी क्षेत्र के 32 गांवों की बिजली गुल

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवाओं के बीच भारी बारिश से नगर क्षेत्र व देहात क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है। दढ़ियाल मुंशीगंज के बीच हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। जिसे दुरुस्त करने के लिए बिजली कर्मी लाइन पर पेट्रोलिंग कर रहे हैं। जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश से नगर में लगा गुदड़ी मेले में भी जलभराव हो गया है। भारी बारिश से फैसले भी जलमग्न हो गई हैं। गांव के गलियारों से लेकर खलिहान तक जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। मेले की बिजली व्यवस्था भी जलभराव से चौपट हो गई है।

### मलवे में दबकर महिला घायल

**सैफनी, अमृत विचार :** सैफनी क्षेत्र के भजनपुर गांव निवासी जलीस अहमद पुत्र शफी अहमद का कच्चा मकान है। सोमवार सुबह 7 बजे के समय जलीस अपने बेटे शान व बेटी रिदा के साथ घर के बरामदे में बैठे थे, इसी दौरान जलीस की पत्नी परवीन जहां कमरे से कुछ सामान लेने के लिए चली गई। तभी मकान की छत व दीवार भर भराकर नीचे गिर गई। जिसमें परवीन जहां और घर का सामान दब गया, जिसके बाद जलीस ने शोर मचा दिया आवाज सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। मलवे में दबी महिला को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से महिला को उपचार के लिए शाहबाद के सीएचसी केंद्र में भेज दिया। जहां से उसे हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना पाकर तहसील प्रशासन से लेखपाल रशीद अहमद व कानून गो और ग्राम प्रधान साबिर हुसैन ने जांच पड़ताल की है।


### ढकिया चौराहे पर जलभराव से दिक्कत

**ढकिया, अमृत विचार :** सुबह से लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के दौरान गांवों की नालियां चोक होने से जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। लगातार बारिश के चलते ढकिया में लगने वाली शुक्रवार वाली बाजार के मढ़ी चौराहे पर शाहबाद आसफपुर मार्ग पर जलभराव से लोगों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


ढकिया में चौराहे पर जलभराव।

### नगर पालिका टीम ने किया नालों का निरीक्षण

**टांडा, अमृत विचार :** टांडा में रविवार शाम से हो रही बारिश ने लोगों की समस्याओं को बढ़ा दिया है। नगर के कई मोहल्लों की सड़कें तालाब जैसी बन गईं। नगर के मोहल्ला बरगद, हाजीपुरा, काजीपुरा, भब्बलपुरी, पुराना बाजार, पड़ाव आदि मोहल्लों में नालों का पानी सड़क पर आ गया। कई जगह घरों में भी नालों का गंदा पानी घुस गया। निचली दुकानों और मकानों में पानी घुसने से लोगों की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। बारिश के चलते मोहल्लों में लोगों व स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। कीचड़ और गंदे पानी से भरी गलियों में बच्चे किसी तरह घरों से निकल पाए। वहीं अभिभावकों ने बच्चों को घर पर ही रोकना बेहतर समझा। बरसात से नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खुल गई है। दोपहर में नगरपालिका टीम ने नगर के नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका जेई अभिनेश तिवारी ने बारिश के पानी की निकासी की स्थिति का जायजा लिया। अवर अभियंता ने मौके पर ही नालों की सफाई व्यवस्था और जल निकासी को और बेहतर करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात के समय जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की नियमित सफाई और निगरानी आवश्यक है। साथ ही नगर की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। निरीक्षण दल में वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी और लेखा लिपिक शुभम भारती शामिल रहे।


नाले का निरीक्षण करते जेई। ● अमृत विचार

# चुप ताजिये का जुलूस निकाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग से सोमवार सुबह चुप ताजिये का जुलूस निकला। इससे पहले मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने कहा लुटा हुआ काफिला जब मदीने पहुंचा तो जैनुल आबेदीन को उनके चचा हनफिया नहीं पहचान सके।

उन्होंने कहा कि जैनब को अब्दुल्ला ने नहीं पहचाना क्योंकि यजीद की फौज इतने जुल्म किए थे कि चौथे इमाम 24 साल की उम्र में ही बहुत जईफ दिखाई देने लगे थे। असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने नोहा पढ़ा और चुपताजिये का जुलूस निकला। आठ रबीउल अव्वल को चुपताजिये का जुलूस बजरिया मुल्ला जरीफ, नौदरा चौकी, किला पश्चिमी गेट, मिस्टन गंज, राजद्वारा, गांधी समाधि, राहे रजा, राहे जुल्फिकार होते हुए इमामबाड़ा खासबाग पहुंचा। मुख्य जुलूस में इमामबाड़ा खासबाग से जरीह शामिल हुई और चुपताजिये का जुलूस राहे जुल्फिकार, हाईवे, सीआरपीएफ कैंपस होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचा। जुलूस में शान जैदी, जैन और बिट्टन जैदी ने यह सवारी पढ़ी-सवारी है उसी कड़ियल जवां की-सवारी है शहे कोनो मकां की। इससे पहले असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने सवारी पढ़ी। चुपताजिये का जुलूस कर्बला पहुंचने के बाद मौलाना जमान बाकरी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि 10 मोहर्रम और उसके बाद एहलेबैत पर बहुत जुल्म हुए हैं। जुलूस में मौलाना मूसा रजा, माजिद हुसैन, मुस्तफा हुसैन, मुज्तबा हुसैन, हसीन मियां, वसीम मियां, कमल रिजवी, सैयद मोहम्मद अली जैदी, इरफान जैदी, यावर हुसैन, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, मिर्जा तकी बेग रहे।

### सीआरपीएफ कैंपस होकर गुजरते हैं चार जुलूस

मोहर्रम, सफर और रबीउल अव्वल के तीन महीनों में सीआरपीएफ कैंपस होते हुए चार जुलूस निकलते हैं। पहला जुलूस 10 मोहर्रम को सीआरपीएफ कैंपस से होकर गुजरता है। जबकि दूसरा 12 मोहर्रम को मेहंदी का जुलूस सीआरपीएफ से होकर गुजरता है। तीसरा जुलूस 20 सफर को शहीदाने कर्बला के चेहल्लुम पर सीआरपीएफ कैंपस से होकर गुजरता है। जबकि चौथा जुलूस आठ रबी उल अव्वल को सीआरपीएफ कैंपस से होकर गुजरता है जो कि आगापुर स्थित कर्बला पहुंचते हैं।

- इमामबाड़ा खासबाग से मुख्य जुलूस में शामिल हुई जरीह

### फसल क्षति की सूचना 72 घंटे में देना अनिवार्य

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को नामित किया है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया फसल बीमा योजना के तहत नुकसान की सूचना 72 घंटे के अंदर दें।

उन्होंने बताया कि किसानों को प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि, जलभराव, बेमौसम, चक्रवाती वर्षा, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग व चक्रवात से फसलों में हुई क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर टोल फ्री 14447 करना अनिवार्य है। फसलों का निरीक्षण करते हुए जलभराव की रोकथाम के लिए व्यवस्था करें। बताया कि बीमा फसलों में हुई क्षति की जानकारी सुमित सक्सेना 8077089323 अथवा जिला कृषि अधिकारी विकास भवन के कक्ष 58 में जानकारी कर सकते हैं।

# विद्यालय को स्वच्छ रखने की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से सोमवार को विद्यालयों व इंटर कॉलेजों में हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम हुआ। इसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से पांच संकल्प लिए गए। जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने प्रार्थना सभा में हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान का उद्घोष किया।

जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार ने बताया कि सभी ने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के संपदा, संसाधन तथा समय को राष्ट्र धन मानते हुए उनका संरक्षण एवं विवेकपूर्वक उपयोग करेंगे। विद्यालय का ऐसा वातावरण बनाएंगे, जहां भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण आत्म विकास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में जिले के अधिकांश परिषदीय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में संकल्प लिया। कहा कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। इसको आत्मसात करने के लिए संकल्प लिया। भविष्य में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार ने बताया विद्यालय प्रयोगशाला है जहां भविष्य के नागरिक गढ़े जाते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, पूरे संसार को गीता का ज्ञान देने श्रीकृष्ण से लेकर महात्मा गांधी, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे अनेक महापुरुषों के जीवन की सफलता की जड़ें उनके विद्यालयों से प्राप्त ज्ञान और संस्कार में छिपी हैं।


विद्यालय में शपथ लेते बच्चे। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का संकल्प कार्यक्रम

### भूमि पूजन के बाद पुलिस चौकी का निर्माण शुरू

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देश पर नगर पंचायत नरपतनगर में पुलिस चौकी निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

पिछले दिनों नगर पंचायत नरपतनगर में पुलिस चौकी के निर्माण के लिए घोषणा की गई थी। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मसवासी पुलिस चौकी से उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा को नवनियुक्त पुलिस चौकी का प्रभारी भी बना दिया है चौकी प्रभारी मनोज मिश्रा ने जन सहयोग से अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे के दिशा निर्देश में भूमि पूजन के बाद स्वार बाजपुर मार्ग के किनारे पुलिस चौकी के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। पुलिस चौकी में बूढ़ी दढ़ियाल, ढूंढावाला, पीपलसाना, नरपत नगर, मोतीपुरा, खौद, गागन नगली समेत कई गांव शामिल किए गए हैं।

दशलक्षण पर्व | श्री पारसनाथ एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुए कार्यक्रम

# सत्य केवल वाणी का आभूषण नहीं, आत्मा की पहचान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महापर्व दशलक्षण पर्व पर सोमवार को उत्तम सत्य दिवस के रूप में बड़ी श्रद्धा और भक्ति से संपन्न हुआ। फूटा महल स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं शौकत अली रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आत्मशुद्धि एवं आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया।

शाम को आयोजित धर्मसभा में इंदौर और मथुरा से आए विद्वानों ने धर्म प्रेमियों को संबोधित किया। ब्रह्मचारिणी बबीता दीदी एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि सत्य केवल वाणी का आभूषण नहीं, बल्कि आत्मा की पहचान है। सत्य के मार्ग पर चलने वाला जीवन में सरलता और निष्कलंकता प्राप्त करता है। असत्य से दुख मिलता है, जबकि सत्य आत्मा को शांति और आनंद प्रदान करता है। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्य धर्म की नींव है। यदि सत्य न हो तो धर्म का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। परिस्थिति चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, हमें सत्य का पालन करना चाहिए। असत्य क्षणिक लाभ देता है, जबकि सत्य ही आत्मा के उत्थान और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रवचनों के उपरांत मंदिरों में आरती का आयोजन हुआ। दीपों की लौ और भजनों की गूंज से वातावरण भक्ति-रस में सराबोर हो गया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।


फूटा महल स्थित श्री पारसनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते लोग।


पूजा करते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

### सत्यवादी व्यक्ति की हमेशा प्रतिष्ठा होती है

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दशलक्षण पर्व के कार्यक्रम के आयोजन के दौरान पंडित विकास जैन शास्त्री ने कहा कि सत्यवादी व्यक्ति की हमेशा प्रतिष्ठा होती है और वह हमेशा सुखी रहता है। सोमवार को मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। पंडित विकास जैन शास्त्री के निर्देशन में सर्वप्रथम वीरेश जैन ने श्रीजी का अभिषेक किया। बाद में चारों दिशाओं से दिनेश जैन, आकर्ष जैन, पुनीत जैन, संभव जैन ने अभिषेक किया। अनुभव जैन ने दिव्यमंत्रों के साथ श्रीजी शांतिधारा अर्पित की गई।

# शिक्षकों का उत्पीड़न कर रही ऑडिट टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में ऑडिट करने का काम चल रहा है। शिक्षकों का आरोप है कि ऑडिट के नाम उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। शिक्षकों ने ऑडिट करने वाले अधिकारियों पर वसूली करने का भी आरोप लगाया है। शिक्षकों ने बीएसए को मामले में ज्ञापन दिया है।

जिले के सरकारी स्कूलों के ऑडिट करने का काम शासन के निर्देश पर सुभारती विश्वविद्यालय की टीम द्वारा हो रहा है। शिक्षकों का कहना है कि टीम का व्यवहार तानाशाह और दबाव बनाने वाला है। वे इंचार्ज अध्यापकों पर स्कूल के बाहर की सड़क, पानी की निकासी, क्षतिग्रस्त भवन जैसे विषयों पर सवाल कर रहे हैं। शासन के निर्धारित प्रारूपों का पालन नहीं कर रहे है। न ही प्रारूप आदि प्रपत्रों को लेके जा रहे हैं। शासन द्वारा सोशल ऑडिट कराने का उद्देश्य विद्यालय के विकास में सुधार और भविष्य की रूपरेखा तैयार करना है, किंतु टीम ने इसे दबाव एवं अवैध वसूली रूप दे दिया है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश है। सोमवार को इसकी शिकायत उप्र जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी से की।


स्कूल में आने वाली टीम द्वारा शिक्षकों से ऑडिट पानी की निकासी, क्षतिग्रस्त भवन आदि जैसे विषयों के बारे में पूछकर दबाव डाल रहे हैं। **- डॉ. राजवीर सिंह**


शिक्षकों से ऑडिट के नाम पर उल्टे सीधे जवाब पूछे जा रहे हैं, नहीं दे पाने पर उनसे पैसे भी मांगने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे शिक्षक परेशान है। **- सरदीप गौतम**


कई दिनों से शासन की ओर से आई टीम शिक्षकों को आकर परेशान कर रही है। जरूरी काम काम करने के दौरान परेशान किया जा रहा है। **- नफासत अली**


टीम द्वारा स्कूलों में पहुंचकर इंचार्ज अध्यापकों के बाहर की सड़क, पानी की निकासी सहित कई प्रकार के सवालों को पूछकर परेशान किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। **- डॉ. आदर्श कुमार**

स्कूल ऑडिट के नाम पर अभी तक लिखित में कोई शिकायत नहीं आई है। जिन शिक्षकों को ऐसी समस्याएं आ रही हैं। उनसे लिखित में मांगा गया है। ताकि जांच करवाई जा सके। **- कल्पना देवी, बीएसए**

# मुर्गा व अंडा कारोबार बंद हुए 21 दिन पूरे, कारोबारी परेशान

## 10 अगस्त को बिलासपुर में बर्ड फ्लू मिलने के बाद लगी थी पाबंदी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बर्ड फ्लू को लेकर प्रशासन द्वारा नगर और देहात क्षेत्र में मुर्गा व अंडा कारोबार पर लगाई पाबंदी के 21 दिन पूरे हो गए हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से अभी मुर्गा और अंडों की बिक्री पर प्रतिबंध हटाने के निर्देश नहीं आए हैं। पाबंदी से मुर्गा और अंडा कारोबारियों पर रोजगार का संकट मंडराने लगा है। क्योंकि जिले में पोल्ट्री फार्म और मुर्गा फार्म सहित 25 हजार से ज्यादा लोग कारोबार से जुड़े हैं।

10 अगस्त को तहसील के दो पोल्ट्री फार्मों की मुर्गियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी। इस पुष्टि के बाद प्रशासन ने केंद्र सरकार की गाइड लाइन का हवाला देते हुए कई बंदोबस्त किए थे। टीमों का गठन करके सैनिटाइजेशन का कार्य जारी कर दिया था। साथ ही क्षेत्र के अलावा समूचे जिले में 21 दिनों तक चिकन और अंडे की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही अन्य जनपदों और प्रदेशों से आने वाले चिकन पर भी रोक लगाई थी ताकि जनपद में बर्ड फ्लू को काबू किया जा सके और यह अन्य स्थानों पर न फैल पाए। प्रशासन को चिकन और अंडे की बिक्री पर पाबंदी लगाए 21 दिन बीत गए। मगर अभी तक इनसे पाबंदी नहीं हटाई गई। 21 दिन पूरे होने के बाद भी दोनों पर प्रतिबंध जारी है। जबकि अंडा और चिकन कारोबारियों को आजीविका चलाने को लेकर संकट खड़ा हो गया है। वह पिछले 21 दिनों से आस लगाए दुकानें खुलने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने इसको लेकर अभी कोई आदेश जारी नहीं किया है। हालांकि नगर के कुछ चिकन कारोबारियों ने अधिकारियों से मुलाकात भी की। साथ ही अंडे और चिकन से अब प्रतिबंध हटाए जाने की मांग की। मगर अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस दौरान चिकन कारोबारियों ने बताया कि पिछले 21 दिनों से उनका कारोबार ठप पड़ा हुआ है।


● कारोबार पर रोक के हटने की उम्मीद कर रहे हैं दुकानदार

### बर्ड फ्लू में 60 पोल्ट्री फार्म की रिपोर्ट निगेटिव

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकार डॉ. वेद प्रकाश ने बताया बर्ड फ्लू में 60 पोल्ट्री फार्म से लिए गए नमूनों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। जिलाधिकारी द्वारा मांगी गई आख्या रिपोर्ट भेज दी गई है। सोमवार को अंडा-मुर्गी की बिक्री का कारोबार बंद हुए 21 दिन हो गए हैं। अंडा-मुर्गी कारोबारी लगातार दुकानें खुलवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन माह तक सभी पोल्ट्री फार्म से मुर्गियों के नमूने लेकर जांच कराई जाती रहेगी। बताया कि जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बर्ड फ्लू की बाबत आख्या मांगी थी। जिलाधिकारी को आख्या भेज दी गई है अब इस मामले में जिला अधिकारी को फैसला करना है। मामले में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि अभी मामले को लेकर मंथन चल रहा है, इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द फैसला लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना अजीमनगर के गांव मिश्री नगर निवासी जुनैद हसन का कहना है कि रविवार शाम को उसके पिता मेहंदी हसन चारा लेकर घर को आ रहे थे कि रास्ते में रोक कर तीन लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। वह जब मौका पाकर वहां से भागे तो वह लोग घर तक आ गए। उसके बाद ग्रामीण के सिर में ईंट मारकर उसको घायल कर दिया। जहां उनको अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने बिना तारीख डाले तहरीर मांगी थी। उसके बाद पुलिस को तहरीर दे दी है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी हेमंत सिंह मोहल्ला लेबर कॉलोनी राधा रोड थाना सिविल लाइंस को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस उसको थाने ले आई। जहां पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया। वहां से कोर्ट ने उसको जेल भेज दिया। पुलिस काफी समय से आरोपी को तलाश रही थी।

### बचाव पक्ष के गवाह से जिरह पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने के मामले में बचाव पक्ष के गवाह से जिरह पूरी हो गई है। अब मामले में सुनवाई 3 सितंबर को होगी। सपा शासन काल में स्वार रोड पर बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया गया था। सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। मामले की सुनवाई मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया बचाव पक्ष के गवाह से जिरह पूरी हो गई है। अब 3 सितंबर को सुनवाई होगी।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**अमृत विचार, रामपुर :** कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी राहुल सोमवार शाम किसी काम से बाइक से पटवाई की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में पीछे आ रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में राहुल घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जबकि आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। लोगों ने बाइक सवार को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

## महिला को नदी में धक्का देने में नौ पर रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** टांडा क्षेत्र में महिला को दहेज की मांग को लेकर कोसी नदी में ससुरालियों ने धक्का दे दिया था। मामले में पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के 9 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले ग्राम कुतुबपुर टांडा निवासी भूप सिंह के साथ हुई थी। शादी में पिता की ओर से दिए गए सामान से ससुराल वाले असंतुष्ट थे। जिसको लेकर पति, सास, जेठ, जेठानी, देवर और ननद लगातार पीड़िता को कम दहेज लाने का ताना देते और मारपीट करते थे। परिवार के लोग पीड़िता से अतिरिक्त दहेज के रूप में चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये की मांग करते थे। परिवार के दूसरे बेटे के विवाह के बाद महिला पर ससुरालियों का अत्याचार और बढ़ गया। आरोप है कि 30 अगस्त को सभी आरोपी इकट्ठा होकर पीड़िता से दहेज की मांग पूरी करने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता द्वारा विरोध जताने पर उसे बुरी तरह पीटा। बाद में उसे कोसी नदी पर ले जाकर धक्का दे दिया। हालांकि, खेतों में काम कर रहे लोगों ने समय रहते उसकी जान बचा ली। पुलिस ने पति भूप सिंह सहित 9 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।


बैठक को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

## अधिकारियों को फसलों के नुकसान की दें जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने किसानों के साथ बैठक की। किसानों ने रविवार रात से बारिश के चलते किसानों की समस्याओं पर विचार किया।

उन्होंने कहा किसानों को फसल बीमा को लेकर जागरूक होना होगा। फसल खराब होने के 24 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना देनी होगी। अगर फोन न उठे तो कंपनी के अधिकारियों से फोन पर बात करें। अधिकारी भी फोन न उठाएं तो प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करें। फसल बीमा प्रक्रिया में लापरवाही होगी, तो किसान आंदोलन को तैयार रहें। क्योंकि बीमा कंपनी किसानों के साथ धोखा करती है, ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि किसानों से अपील है कि फसल बीमा के लिए जागरूक रहें। किसानों ने कहा कि अभी भारी बारिश का अलर्ट है। बैठक में दरियाव सिंह यादव, रामदास मौर्य, दरबारी लाल शर्मा, संदीप शर्मा, मो. मुस्तकीम, अरबाज खान, प्रमोद यादव, सुरजन सिंह, खलील अहमद, नाजिम खान फहीम तुर्की सरफराज अहमद, सत्येंद्र यादव, बाल किशोर पांडे, रामकुमार लोधी, भूरा खान, चन्ना खान, अशोक सागर मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना सिविल लाइंस का निरीक्षण किया

**अमृत विचार,रामपुर :** रविवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सिविल लाइंस का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को संवेदनशील रहने और क्षेत्र की घटनाओं पर कड़ी नजर रखने को कहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया। साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि एवं विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया एवं सम्बन्धित को निर्देश दिए।

## बाजार में ग्रामीण को पीटा पुलिस ने 5 आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

● मिलक क्षेत्र का मामला, 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** युवती के विवाद के चलते रविवार को बाजार आए ग्रामीण को कुछ लोग पीटते हुए अपने साथ ले गए थे। पुलिस के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पुलिस ने 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करके 5 लोगों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव लोहापट्टी निवासी मुन्ना लाल का कहना है कि उसके लड़के गुड्डू का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। जिसके चलते कुछ दिन पहले युवती गुड्डू के साथ चली गई थी। रविवार को ग्रामीण नानकार बाजार गया था। वहां युवती पक्ष के विशाल, हरस्वरूप, ब्रह्मस्वरूप, राजीव, सोहन, रामगोपाल, बिट्टू और 7-8 लोगों ने रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए ग्रामीण को पीटते हुए उठाकर गांव लोहापट्टी ले गए। ग्रामीण का कहना है कि 30 अगस्त को आरोपियों ने घर में घुस तोड़फोड़ कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ नामजद और आठ अज्ञात सहित 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने छह आरोपी विशाल, हरस्वरूप, रामगोपाल, बिट्टू और अतर सिंह को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से कोर्ट ने उसको जेल भेज दिया।

**बीच बाजार में मारपीट से मचा हड़कंप :** ग्रामीण के साथ मारपीट करने के मामले में परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए। उसके बाद लोगों से जानकारी ली। बाजार करने आए लोग मौका पाकर दुकानों के अंदर घुस गए थे।

## महिला ने लगाया जहर देने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस के गांव दरियागढ़ निवासी लज्जावती ने बताया कि उसकी शादी 17 वर्ष पहले पनवड़िया निवासी सेवाराम से हुई थी।

महिला के मायके वालों का कहना है कि शादी में 4 लाख रुपये खर्च किए थे। ससुराल वालों ने शादी के बाद से ही दहेज की मांग कर रहे थे, हाल में ही उन्होंने एक लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराली उसके साथ मारपीट करते थे। आरोप है कि कुछ समय पहले महिला को ससुरालियों ने चाय में जहर पिलाकर मारने का प्रयास किया। मायके वालों ने इलाज भी कराया था। पति ने हत्या करके रेलवे ट्रैक पर शव डालने की धमकी भी दी। बाद में महिला मायके आ गई और उसने सारा मामला बताया। तहरीर के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने पति सेवाराम, सास हरदेई और ससुर रोशन लाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पालिका में कर्मचारियों का ड्रेस कोड लागू

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभी कर्मचारी अब जल्द ही अलग-अलग ड्रेस कोड में नजर आएंगे। जिसके लिए पालिका द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल के अनुसार जल्द ही पालिका के कर्मचारी अलग-अलग ड्रेस कोड में नजर आएंगे। इस ड्रेस कोड का उद्देश्य पालिका के समस्त कर्मचारियों को भीड़ में अलग पहचान दिलाना, एक व्यवस्थित रूप देना है। उन्होंने कहा कि पालिका कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी स्काई ब्लू शर्ट और नेवी ब्लू रंग की पेंट में नजर आएंगे। स्थायी सफाई कर्मचारी खाकी रंग की ड्रेस एवं संविदा तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारी डार्क ग्रे रंग ड्रेस और काले जूते पहनेंगे। नगर पालिका कार्यालय के कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड तैयार होने के साथ ही उन्हें ड्रेस को पहनकर कार्य करना अनिवार्य होगा। ड्रेस कोड कार्यालय में अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया है। संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड के लिए पालिका द्वारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


बिलासपुर नगर पालिका में ड्रेस में बैठे कर्मचारी।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव भगवतीपुर निवासी सोदान सिंह ने बताया कि उसने बेटी लक्ष्मी की शादी कुछ समय पहले मिलक के कूप गांव निवासी युवक से की थी।

महिला के पिता का आरोप है कि शादी के बाद ही ससुराली दो लाख और बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर बेटी को मायके भेज दिया। बाद में समझौते के बाद महिला ससुराल चली गई थी। आरोप है कि ससुरालियों ने लक्ष्मी को 25 अगस्त को बहुत मारा। जानकारी मिलने के बाद जब पिता सोदान ससुराल पहुंचा तो बेटी का शव को देखकर होश उड़ गए। ससुराल पक्ष के लोगों ने सोदान को कमरे में बंद कर दिया ताकि वह पुलिस को नहीं बता सके और लक्ष्मी का अंतिम संस्कार कर दिया। उसके बाद ग्रामीण किसी तरह से वहां से आ गया। अब उसने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एआई साइकोसिस से हो जाएं सावधान : डॉ. कुलदीप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ में 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। आयुर्वेद मनोचिकित्सक कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पढ़ाई में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन इस पर निर्भर होने की आदत से सावधान रहना होगा।

आपको एआई साइकोसिस बना देगा आपको पता ही नहीं चल पाएगा। शुरुआत में चैटजीपीटी या अन्य एआई प्लेटफार्म पर वॉइस चैट करता है। जिसे महिला या पुरुष की आवाज में सैट करते हैं। आप से अपनी समस्याओं का समाधान डिस्कस करते हैं और वह किसी जीवित व्यक्ति की तरह आपको जवाब देता है। स्वयं की सोच पर से नियंत्रण पूरी तरह से हट जाता है। एआई साइकोसिस होने के बाद सोशल एंग्जाइटी, मूड डिसआर्डर जैसे मानसिक रोग घर करने लग जाते हैं। एआई से बचाव के लिए, इसके उपयोग की सीमाओं का निर्धारण करें। अकेले या रात में एआई का इस्तेमाल कभी न करें। सोशल सर्किल, परिवार, मित्रों व रिश्तेदारों से अधिक से अधिक संपर्क व संवाद बनाएं। हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन एवं ध्यान करें। इस दौरान प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता रहे।


बच्चों की आंख चेक करते चिकित्सक।

## बारिश में सड़कों पर उतरे भाजपाई, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● प्रधानमंत्री की स्वर्गीय मां पर टिप्पणी से आक्रोश

**अमृत विचार :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के मंच से किसी ने प्रधानमंत्री की स्व. माता के लिए अभद्र टिप्पणी की थी। इसके विरोध में भाजपाई सड़कों पर उतर आए। भाजपाइयों ने तेज बारिश में नारेबाजी कर विरोध जताया।

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में भाजपाई पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एकत्र हुए। इसके बाद तेज बारिश के बीच भीगते हुए सभी हाईवे पर आ गए। इसके बाद आंबेडकर पार्क तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री की मां का अपमानित कर कांग्रेस भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ उतर गई है। इसके लिए, राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को देश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं कर सकता। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जीवन और दिवंगत माता पर टिप्पणी करना भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि हर भारतीय मां का अपमान है। ऐसे में राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में शिष्टाचार और संवेदनशीलता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

इस दौरान पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, सुनीता सैनी, मिलक पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, अभय गुप्ता, हंसराज पप्पू, पारूल अग्रवाल, मोहन लाल सैनी, अशोक विश्नोई, प्रमोद आहूजा, अवधेश शर्मा, अर्जुन रस्तोगी, धर्मवीर यादव, विक्रम सिंह, अनुज सक्सेना, संजय पाठक, लाल सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।


भारी बारिश में प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### साइबर सेल का उद्घाटन किया

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार ने थाना कोतवाली में महिला सिपाही से फीता कटवाकर साइबर सेल का उद्घाटन कराया। क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र कुमार और अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल से कहा कि लंबित मामलों का जल्द निस्तारण कराया जाए।



### अभियान चलाकर भारी वाहनों से 2.67 लाख का जुर्माना वसूला

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग टीम ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें 2.67 लाख का जुर्माना वसूला, इससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार देर रात को यात्री कर अधिकारी हीरालाल वर्मा व यातायात पुलिस के सहयोग से शाहबाद में मानक विहीन व अवैध रूप से संचालित बस व ट्रक सहित अन्य वाहनों की चेकिंग की गई। अभियान में 4 बस और 3 ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई की। जिनसे 2.67 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।



### बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**अमृत विचार, रामपुर :** पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में प्रभारी यातायात एवं यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत पेट्रोल पंपों पर जाकर नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के संबंध में पेट्रोल पंप मालिकों, कर्मियों एवं आम जनमानस को जागरूक किया गया। कहा बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिए जाने को लेकर जागरूक किया। कहा कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास करें। आम जनमानस से नियमों के पालन की अपील की। सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट पहनें और नियमों का पालन करें आपका जीवन आपके परिवार के लिए अनमोल है।

### महिलाओं को बताए हेल्पलाइन नंबर

**अमृत विचार, रामपुर :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा जनपद स्तर एवं समस्त थाना पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं एवं जनमानस को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, की जानकारी देकर जागरूक किया गया।



### पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार ने थाना गंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अपराध, त्योहार, मालखाना, विवेचना, फ्लाई शीट आदि व उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया। साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि व विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया और निर्देश दिए।

## अंडर 14 स्टेट हॉकी के लिए टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बालिका अंडर-14 में ओपन स्टेट हॉकी के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी झांसी में होने वाली हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। सोमवार को बिजनौर में खेले गए अंडर 14 वर्ग की प्रतियोगिता में रामपुर की टीम ने बिजनौर को 1-0 से शिकस्त दी।

हॉकी कोच फरहत अली खां ने बताया कि बिजनौर में हुई बालिका ओपन स्टेट हॉकी प्रतियोगिता के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जो झांसी में होने वाली ओपन स्टेट हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता 4 सितंबर को 10 बजे से शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। इच्छुक खिलाड़ी ट्रॉयल्स में निशुल्क प्रतिभाग कर सकती हैं।


हॉकी प्रतियोगिता में भिड़ती टीमें।

## अवैध कटान में वनकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने पीपली वन में अवैध कटान पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी से दोषी वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अहमद जान ने जिलाधिकारी से शिकायत की है कि बीट संख्या 7 पर सागौन और अन्य कीमती पेड़ों लगातार अवैध रूप से कटान हो रहा है। जिसमें वन रेंजर समेत अन्य वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। पीपली वन के आर्य नगर हीरा झाले के पास भी कई कीमती पेड़ों का अवैध कटान कराया गया है, जिसमें फॉरेस्ट गार्ड की भूमिका भी संदिग्ध है। इस मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से भी की जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने इस मामले में जिलाधिकारी से जांच कराकर दोषी वनकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कव्वाली पर झूमे अकीदतमंद

**रामपुर, अमृत विचार :** हजरत सूफी सरदार हुसैन उर्फ काले कपड़े वाले मियां देहलवी का 35वें उर्स मुबारक में सोमवार का मगरिब की नमाज के बाद कुल शरीफ हुआ। इशा की नमाज के बाद हुई कव्वाली में अकीदतमंद झूम उठे। हौसपुर नगली स्थित मजार शरीफ में सोमवार को अकीदतमंद पहुंचे और मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। गद्दीनशीन सूफी सलामत मियां हाशमी ने बताया कि मंगलवार अपराह्न 2:30 बजे हजरत का विसाली कुल शरीफ होगा। 2 सितंबर को मजार शरीफ में फज्र की नमाज के बाद कुरआन मजीद का खत्म होगा और इसके बाद कव्वाली होगी। इसके बाद मजार शरीफ पर अकीदतमंद चादरपोशी करेंगे।

### गंगा का जलस्तर बढ़ा

**बबराला, अमृत विचार :** हरिद्वार के भीमगोड़ा और बिजनौर के मध्य गंगा बैराज से छोड़े जा रहे पानी तथा लगातार हो रही बारिश के चलते राजघाट और नरौरा बैराज पर गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। सबसे ज्यादा असर गंगा किनारे बसे गुन्नौर तहसील के रघुपुर पुख्ता, मंगरा, नरूपुरा, शालिग की मढ़ैया, मैदावली, तोतापुर, बझांगी, ईसमपुर डांडा समेत कई गांवों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

IS 15700 : 2018 सेवोत्तम प्रमाणित
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक (मुरादाबाद/चन्दौसी/अमरोहा/बिजनौर)
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
ऑफिस कॉम्पलेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद (उ0प्र0) Email:- emombd@upavp.com

पत्र सं.-439 /सं.प्र.-मुरा0/ दिनांक 20/03/25

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 12/121 को प्रदेशन पत्र संख्या 2266 / सं०प्र० मुरादाबाद / दिनांक 22.12.2016 के द्वारा श्री रामनाथ सिंह पुत्र स्व0 श्री मुखराम सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी द्वारा दिनांक 19.12.2017 को अपने पक्ष में किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 05.02.2018 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया। तत्पश्चात श्री सिद्धार्थ सिंह पुत्र स्व0 श्री रामनाथ सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र शून्य दिनांक 24.02.2025 के द्वारा भूखण्ड के आवंटी अपने पिता जी श्री रामनाथ सिंह पुत्र स्व0 श्री मुखराम सिंह की दिनांक 03.08.2023 को मृत्यु होना सूचित करते हुए भूखण्ड संख्या 12/121 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद को अपने पक्ष में वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया गया है।
यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
सम्पत्ति प्रबन्धक

## न्यूज ब्रीफ

### चौथे दिन श्री कृष्ण जन्म की कथा का किया वर्णन

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव अहरौला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से आई कथा वाचिका राधिका माधव ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्म की झांकी भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर लोकेश सिंह, कुलदीप चौहान, टेकचंद सिंह, कुलदीप सिंह, बंदी चौहान, मूलचंद सिंह, सतीश चौहान, प्रीतम सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुखपाल सिंह, प्रेम सिंह, संजय सिंह, दीपक चौहान, आशु चौहान, संतोष देवी, सविता चौहान, पिंकी चौहान, भगवती देवी, सुमरती देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### लगातार हो रही बारिश से सड़कों पर जल भराव

**हसनपुर, अमृत विचार :** लगातार बारिश से क्षेत्र वासियों को गर्मी से राहत मिली है वहीं परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश होने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तेज हवा के साथ हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। धान की फसल गिर गई है। वहीं खेतों में खड़ी उड़द की फसल भी पानी में डूब गई है। किसानों का कहना है कि यदि और बारिश हुई तो सब्जियों की फसल भी नष्ट हो सकती है।

# पूरा दिन बारिश, जलभराव से बिगड़ी शहर की सूरत

## नाले-नालियां उफनाए, सड़कों पर नजर आए सैलाब जैसे हालात, जलभराव के चलते बंद रहे बाजार, वाहन चालकों ने उठाई मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आधी रात से मूसलाधार बारिश शुरू हुई। सोमवार को पूरा दिन बारिश नहीं थमी। सुबह शहर की सड़कों पर सैलाब जैसे हालात नजर आए। बारिश के कारण बच्चे भी भीगते हुए स्कूल पहुंचे। जलभराव के कारण शहर की मार्केट तक नहीं खुली। जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त रहा। किसानों को फसलों की चिंता सता रही है।

लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। रविवार की देर रात से बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसके बाद सोमवार को सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। सारा दिन बारिश होती रही। कभी धीमे तो कभी तेज जमकर बारिश हुई। बारिश ने मौसम खुशनुमा करते हुए पिछले कई दिन से पड़ रही गर्मी पर लगाम लगा दी। बारिश थमने के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवाएं चलती रहीं। सारा दिन बारिश से तापमान घटकर 26 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बहरहाल किसानों फसलों की चिंता सताने लगी। जलभराव के चलते जरूर आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। शहर के बिजनौर मार्ग, आजाद रोड, कोट चौराहा, बसावन गंज, बड़ा बाजार, अतरासी चौराहा, टीपी नगर चौराहा, लकड़ा चौराहा पर जलभराव हो गया। इसके चलते गंदा पानी सड़क पर आ गया। राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों की दुकानों में पानी भर गया।



बिजनौर मार्ग पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार



बारिश में छाता लेकर गुजरता युवक। ● अमृत विचार

### बारिश से जगह जगह हुई कीचड़

शहर में चौक होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर आ गया। कई जगह जलभराव भी हुआ तो कहीं सड़कों पर कीचड़ होने की वजह से लोग परेशान दिखाई दिए। वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के चलते कई मार्गों पर लोगों की बाइकों में पानी भर गया। वे खींचते नजर आए।



अतरासी चौराहे के पास जलभराव में बंद हुई बाइक।



बारिश से आजाद मार्ग पर जलभराव। ● अमृत विचार

## तिगरी गंगा में डूबे तीन भाइयों में दो के शव मिले

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी गंगा में स्नान के दौरान डूबे तीन भाइयों में से दो के शव सोमवार शाम मिल गए हैं, तीसरे भाई की तलाश जारी है। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के वापस लौटने पर गोताखोरों ने गंगा में तीनों भाइयों की तलाश की थी। शाम को गंगा की रेती में दबे दो भाइयों के शव मिल गए।

अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी आकाश के बेटे विनायक का 27 अगस्त को मंडन था। आकाश के भाई बंटी, ओमकार व अनुज भी गए थे। मुंडन संस्कार के बाद परिवार के लोग तिगरी में ही हरस्वरूप के यहां अपनी रिश्तेदारी में चले गए थे। जबकि बंटी, ओमकार व अनुज गंगा स्नान करने लगे थे। काफी देर बाद परिवार के लोग लौटे तो तीनों भाइयों के कपड़े तख्त पर रखे मिले थे। गंगा में काफी तलाशने पर भी उनका कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ भी भाइयों को नहीं खोज सकीं। सोमवार को पीड़ित परिवार ने गोताखोरों से तलाश कराई। शाम को बंटी व ओमकार के शव गोताखोरों ने तलाश लिए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि दो भाइयों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

# शहर में हर हाल में निकाला जाएगा जश्ने- ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** 5 सितंबर को निकलने वाले जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। प्रशासन ने अभी तक जुलूस की परमिशन नहीं दी है। जिस पर विधायक महबूब अली ने कहा कि जुलूस इस बार भी परंपरागत रूप से शांतिपूर्ण माहौल में निकाला जाएगा। चेतावनी दी कि अगर प्रशासन अनुमति नहीं देता है, तो वे चीफ सेक्रेटरी से जांच कराएंगे।

सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश लोक-लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने सोमवार को मोहल्ला दानिशमंदान स्थित अपने कैम्प कार्यालय प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि जानकारी मिली है कि पिछले काफी वर्षों से निकल रहे जुलूस-ए- मोहम्मदी पर रोक लग रही है। अमरोहा अमन, चैन, मौहब्बत व भाईचारे का पैगाम देने वाला शहर है।

मुस्लिम कमेटी जुलूस ए मोहम्मदी निकालती रही है। ये सन 1962 से निकलता आ रहा है। मुस्लिम कमेटी ने समय रहते जुलूस की अनुमति के लिए प्रशासन से मांग की है। नहीं किन्ही कारणों से प्रशासन जुलूस ए मोहम्मदी की अनुमति नहीं दे रहा है। 2 मई 2025 को सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी एवं विटस मुरादाबाद द्वारा मुस्लिम कमेटी घोषित कर दी गई है जो लगातार अपना काम कर रही है।

जुलूस की अनुमति के लिए प्रशासनिक अधिकारियो को पत्र एवं सभी औपचारिकताएं पूर्ण करा दी गई हैं। अधिकारियों को जुलूस को अपनी देखरेख में शान्ति पूर्वक निकालने की अनुमति दे देनी चाहिए। कहा कि जुलूस तो हर हाल में निकाला जाएगा। यदि परमिशन नहीं दी गई या जुलूस पर रोक लगाई गई तो इसकी शिकायत शासन में की जाएगी।



सदर विधायक महबूब अली।

- विधायक महबूब अली बोले- प्रशासन अनुमति नहीं देता है, तो चीफ सेक्रेटरी से जांच कराएंगे

## टेंपो एवं कार की भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल

**हसनपुर अमृत विचार :** टेंपो एवं कार की आमने-सामने की भिड़ंत में टेंपो में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

रविवार की देर रात कमल सिंह निवासी भडी थाना नखासा जिला संभल अपने बहनोई सैदनगली निवासी कोमिल के साथ टेंपो में सवार होकर गजरौला जा रहा था। टेंपो गजरौला मार्ग स्थित गाव मनौटा के निकट पहुंचा तो गजरौला दिशा से आ रही एक कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। टेंपो सवार कमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। वउप निरीक्षक सोनू सिंह ने बताया कि कार एवं टेंपो की भिड़ंत में एक युवक घायल हुआ है। तहरीर प्राप्त होने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कंपोजिट विद्यालय में पोषण संचेतना अभियान शुरू

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बीमारी पास नहीं फटकेगी। उन्होंने जंक फूड से बचने और आहार में मोटे अनाज का उपयोग करने का आह्वान किया। साथ ही पेयजल और हैंडवाश आदि पर ध्यान देकर स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए जुबिलेंट प्रबंधन की भी प्रशंसा की।

सोमवार को अमरोहा जनपद में गजरौला ब्लॉक के गांव मोहम्मदाबाद स्थित कंपोजिट विद्यालय में जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन एवं श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से पोषण संचेतना अभियान का आरंभ डीएम निधि गुप्ता वत्स ने किया। एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत दो सौ सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियां देख डीएम काफी प्रफुल्लित नजर आईं। उन्होंने शिक्षिकाओं की भी प्रशंसा की। डीएम ने कहा कि जब प्रत्येक गांव का बच्चा स्वस्थ होगा तभी स्वस्थ भारत की कल्पना की जा सकती है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि जागरूकता से ही पोषण संचेतना अभियान को सफल बनाया जा सकता है। स्कूली बच्चे इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बीएसए मोनिका चौधरी ने कहा कि पोषक तत्वों से शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है और बौद्धिक विकास भी होता है। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट, प्रधानाध्यापक संजीव कुमार, एबीएसए आरती गुप्ता, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल आदि के साथ ही मुंशी लाल, धर्मेंद्र कुमार, गिरीश मोहन, जितेंद्र कुमार, स्वदान सिंह, नीतू रानी, वंदना उपाध्याय, अंजू सिंह, मंजू, राधा रानी, पूनम गर्ग आदि भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

- जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन और श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से दो सौ सरकारी स्कूलों में चलेंगे कार्यक्रम

# जुलूस-ए-अमारी निकाला, उतरे काले अलम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर में हजरत इमाम हसन असकरी की शहादत के जिक्र के साथ जुलूसे अमारी निकाला गया। इसके बाद मजलिस हुई। अजाखानों से काले अलम उतार दिए गए।

जुलूस काजीजादा के इमामबाड़ा चांदसूरज से निकला। अजाखाने में सिब्ते सज्जाद और हमनवां ने मरसिया ख्वानी की। जुलूस में सबसे आगे ऊंट चल रहे थे, जिसके ऊपर अमारीया थी। इसके बाद अलम, तख्त और दुलदुल चल रहा था। इमामबाड़ा छज्जी में मुदस्सिर अली खां और साथियों ने मरसिया पढ़ा। मौलाना डॉ शहवार हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। यहां से जुलूस नौबतखाना, सट्टी और हक्कानी से होते हुए इमामबाड़ा सज्जादियां पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी इमामबाड़ों के काले अलम उतारे दिए गए। शहर की मातमी अंजुमन असगरी, बनी हाशिम, रजा-ए-हुसैनी, गुलजारे हैदरी, सज्जादिया, मोहम्मदी, हुसैनी, सादात, इमामिया, अकबरी, हाशमी और मासूमिया ने मातम और नौहा ख्वानी की। जुलूस का संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी रजिस्टर्ड ने किया। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद और जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, नायब काईद इंमदाद आबिदी, डॉ चंदन नकवी, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, मौ ग़ालिब, बाहर हैदर, मौ तक़ी खां, कमर रजा सलीम, शाने मुज्तबा, सैय्यद मुज्तबा, दायम रज़ा, जाफर रजा निगरानी कर रहे थे।



जुलूस-ए-अमारी में शामिल शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

- 11वें इमाम हसन असकरी की शहादत पर हुई मजलिस

### मुहर्रम का आखरी जुलूस चुपताजिया बरामद हुआ

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर में 8 रबीउल अव्वल सोमवार को मुहर्रम का आखरी जुलूस चुपताजि यानी जुलूसे अमारी बरामद हुआ। सर्वप्रथम इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे मजलिस हुई। जिसमे मर्सियाखुवानी मास्टर नईमुल हसन और हमनवा ने की जबकि मजलिस को सफी मुक़्तदा ने खिताब किया। मजलिस के बाद मुहम्मद अब्बास के मकान से जुलूसे अमारी बरामद हुआ। जिसमे ऊंटों पर अमारियाँ, जुलजनाह, अलम शामिल थे जुलूस तयशुदा रास्तों से होता हुआ अपने मक़ाम पर जाकर ख़त्म हुआ जुलूस के दौरान तक़रीर मौलाना वफ़ा हैदर ने की। सवारी अरीब हैदर, मिसाल अब्बास, सफदर अली आदि ने पढ़ी और नोहे मुहम्मद अब्बास, हैदर अब्बास आदि ने पढ़े।

## प्रेमिका से मिलने आए युवक व तीन साथियों को पकड़ा

**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के ढबारसी कस्बे में रविवार की रात को लगभग 12 बजे एक कार बिजलीघर के निकट आकर रुक गई। कार में चार युवक सवार थे।

एक युवक प्रेमिका से मिलने के लिए मोहल्ले में घूम रहा था। पड़ोसियों ने चोर-चोर का शोर मचा दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने युवक का पीछा किया तो वह कार से अन्य साथियों के साथ उझारी की ओर भागने लगा। ग्रामीणों ने भी पीछा शुरू कर दिया। ढबारसी पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मी भी उझारी के निकट पहुंचे। ग्रामीणों ने चारों युवकों को घेरकर पकड़ लिया। चौकी पुलिस ने चारों युवकों को चौकी में बैठाकर परिजनों को संभल से बुलाकर सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी कुमरेश त्यागी ने घटना की जानकारी होने से अनभिज्ञता जाहिर की है।

## न्यूज डायरी

### श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के महादेव मोहल्ला स्थित आनंद धाम आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन सोमवार को कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े आनंद और हर्षोल्लास से मनाया गया। कथावाचक सौरभ कौशिक महाराज ने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण परमात्मा हैं। इसके बाद भी अपने माता-पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कमल अग्रवाल, दीपक शर्मा, सुमन शर्मा, सिम्मी अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राखी, सर्वेश शर्मा, कमलेश, पुष्पा, संतोष, आशु, सोनू अशोक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।





### राधा अष्टमी पर भजन संध्या में झूमते रहे श्रद्धालु

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री राधा रानी के जन्मदिन पर श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में रविवार की रात एक शाम श्री राधा रानी के नाम, राधा नाम संकीर्तन आयोजित किया गया। भजन संध्या में गायक राहुल दीवाना, सौरभ मित्तल एवं सलोनी दीदी, मीनाक्षी दीदी ने राधा रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु राधा रानी की भक्ति में लीन होकर नृत्य करने लगे। भजन संध्या के अंत में भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। योगिता सक्सेना, मुकेश गोयल, राहुल दीवाना, महेश शर्मा, देवेंद्र शास्त्री, संजीव शर्मा, सतवीर गिरी, पप्पू गिरी, आशु चौहान, राहुल अग्रवाल, महेश प्रजापति, बबीता सैनी, रुचि अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया श्रीराधा अष्टमी महोत्सव



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित नवदुर्गा मंदिर में श्री नवदुर्गा भक्त मंडल के द्वारा ब्रज की महारानी श्री राधा रानी का अवतरण दिवस यानी श्री अष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। राधा रानी की मंगल आरती करने के बाद महाभोग लगाया गया। दोपहर को नवदुर्गा मंदिर परिसर में भजन संध्या आयोजित की गई। जय श्री राधे कृष्ण की गूंज से पूरे नवदुर्गा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। राधाष्टमी के महोत्सव मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन उत्सव के साक्षी बने। अंत में मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नवदुर्गा मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी, राजकुमार वर्मा, यीशु वर्मा, विजय रस्तोगी, मिंटू जैन, श्याम सुंदर वर्मा, राहुल आर्य, अमोद कुमार, पंडित राजीव त्रिवेदी कल्पना त्रिवेदी, मंजू त्रिवेदी, सीमा त्रिवेदी, शोभा वर्मा, आरती वर्मा, अनिता वर्मा, अनीता रस्तोगी, रोजी त्रिवेदी आदि भक्त मौजूद रहे।

### रिटायर्ड फौजी के बेटे का फंदे पर लटका मिला शव



**गजरौला, अमृत विचार :** रिटायर्ड फौजी के बेटे का शव उसके ही घर में फंदे पर लटका मिला जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मोहल्ला शांति नगर निवासी शिवम त्यागी (28) पुत्र स्वर्गीय ओमदत्त त्यागी सोमवार को अपने घर पर अकेला था। ओमदत्त त्यागी रिटायर्ड फौजी थे। उसके चचेरे भाई अनमोल ने किसी काम से शिवम को कई बार फोन किया लेकिन रिसीव नहीं हुआ। अनमोल शिवम के घर गया दरवाजा अंदर से बंद था। अनमोल ने पड़ोसी की छत से शिवम के घर में देखा तो उसका शव घर के आंगन में फंदे पर लटका मिला। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जीने का गेट तोड़कर शिवम के घर में प्रवेश किया। पुलिस ने शिवम की तलाशी की तो उसके पास तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में 14 केंद्रों पर होगी पीईटी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले के 14 केन्द्रों पर 25344 अभ्यर्थी पीईटी की परीक्षा में शामिल होंगे। 6 और 7 सितंबर को होने वाली परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। डीएम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को बैठक में डीएम निधि गुप्ता ने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक से परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को शान्तिपूर्वक, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिए। कहा कि जनपद में काफी संख्या में अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये परिवहन विभाग के अधिकारी समय रहते आवश्यक व्यवस्था कर लें। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगा दी गई है।

**परीक्षा केंद्र :** एएसएम मॉडर्न एकेडमी ग्राम खाता, एकेके इण्टर कालेज बिजनौर रोड, भगवत सरन इण्टर कालेज, दिल्ली रोड, जोया, दिल्ली पब्लिक स्कूल, निकट आरटीओ, अतरासी रोड, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, टीपी नगर, चौराहा, राजकीय इण्टर कालेज, निकट गांधी मूर्ति, रेलवे स्टेशन रोड, हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल, जोया रोड, आईएम इण्टर कालेज, आजाद रोड, निकट आर्य समाज मंदिर, जेएस हिन्दू इण्टर कालेज, स्टेशन रोड, जे.एस. हिन्दू महाविद्यालय ब्लॉक-ए. आजाद रोड, निकट अम्बेडकर पार्क, जे.एस. हिन्दू महाविद्यालय ब्लॉक-बी. आजाद रोड, निकट अम्बेडकर पार्क, कुन्दन मॉडल इन्टर कालेज, निकट टी०पी० नगर चौराहा, लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी, जोया-अमरोहा रोड और सिख इण्टर कालेज, ग्राम नारंगपुर जोया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।



बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

# अनजान नंबर से प्रधानों को आ रहीं विज्ञापन भुगतान की कॉल

संवाददाता रहरा

**अमृत विचार:** साइबर अपराधी ग्राम प्रधानों को ठगने की कोशिश में लगे हैं। अलग-अलग गांवों के प्रधानों को फोन कॉल कर विज्ञापन के भुगतान की मांग कर रहे हैं। इससे ग्राम प्रधान हैरान-परेशान हैं।

हैलो, ग्राम प्रधान जी बोल रहे हैं। विज्ञापन का भुगतान कराइए। अनजान नंबर से इस तरह की फोन कॉल आजकल गंगेश्वरी विकासखंड के दर्जनों ग्राम प्रधानों के पास आ रही हैं। फोन पर उधर से बात करने वाला कभी पुरुष तो कभी कोई महिला होती है। जो अपने आप को लखनऊ से किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या प्रिंट मीडिया के कार्यालय से बोलना बताते हैं। ग्राम प्रधान या उसके किसी परिवार के सदस्य द्वारा फोन रिसीव करने पर उधर से विज्ञापन के भुगतान की बात करते हैं। जबकि ग्राम प्रधानों का कहना है कि उनके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया से जुड़े किसी बाहरी व्यक्ति को विज्ञापन नहीं दिया गया है।

रहरा निवासी ग्राम प्रधान पति नन्हे सिंह का कहना है कि उनके पास इस तरह की कॉल कई बार आ चुकी हैं। अपने आप को मीडिया से जुड़ा बात कर विज्ञापन के भुगतान की डिमांड करते हैं। ग्राम प्रधानों ने जल्द इस मामले की शिकायत प्रशासन से करने की बात कही है।

अमृत विचार

मुरादाबाद, मंगलवार, 2 सितंबर 2025



# नालों में गिरकर हेड कांस्टेबल व 4 साल की बच्ची की मौत

## चंदौसी में गणेश चौथ मेले में ड्यूटी करने बाइक से जा रहा था हेड कांस्टेबल, रायसत्ती माता थान पर बच्ची के साथ जात लगाने आये थे माता-पिता

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



मृतक रजनीश।

**अमृत विचार:** संभल जनपद में लगातार बरसात के बाद जलभराव के हालात में चंदौसी मेला गणेश चौथ में ड्यूटी के लिए पहुंचे बाइक सवार हेड कांस्टेबल की गहरे नाले में गिर जाने से मौत हो गई। वहीं संभल में रायसत्ती देवी के थान पर जात लगाने आए दंपती की चार साल की बेटी गहरे नाले में डूब गई।

बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र के गांव पुरेनी निवासी 40 वर्षीय रजनीश हेड कांस्टेबल था। उसकी तैनाती बहजोई पुलिस लाइन में थी जबकि इन दिनों उसे मेला गणेश चौथ में मुंशी के रूप में तैनात किया गया था। सोमवार को सुबह 11 बजे रजनीश बाइक से पुलिस लाइन से गणेश चौथ मेला ड्यूटी के लिए आ रहा था। तेज बरसात की वजह से सड़कों पर जलभराव था वहीं नाले भी उफनाये हुए थे। मेला स्थल से कुछ पहले चंदौसी के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में सड़क जल मग्न होने की वजह से नाले की पुलिया रजनीश को दिखाई नहीं दी। बाइक फिसल गई और हेड कांस्टेबल रजनीश गहरे नाले में गिर गया। रजनीश ने नाले से निकलने का काफी प्रयास किया। वहां कोई मदद करने वाला भी उस समय नहीं था। छटपटाता हुआ रजनीश नाले में बह गया। 15 से 20 मिनट के बाद लोगों देखा तो बाइक स्टार्ट सड़क किनारे पड़ी थी। खोजबीन की तो कुछ दूर नाले में रजनीश पड़ा दिखाई दिया। मोहल्ले वालों ने उसे नाले से निकाला और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस के साथ ही सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे और रजनीश को चंदौसी सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस कर्मी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर साक्ष्य संकलित करने के लिए फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची ।



मौके पर खड़ी बाइक के पास लोगों ने जानकारी लेते सीओ अनुज चौधरी व कोतवाल।

- **गहरे नाले में गिरा हेड कांस्टेबल तो नहीं निकल पाया बाहर**
- **बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र के गांव पुरेनी के रहने वाले थे रजनीश**
- **संभल में रायसत्ती देवी थान पर जात लगाने माता-पिता के साथ आई बच्ची नाले में डूब गई**



हेड कांस्टेबल की मौत के बाद बिलखती पत्नी व बेटा। ● अमृत विचार

### पत्नी व दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल

हादसे में पति की मौत की जानकारी मिलते ही रजनीश की पत्नी मिथलेश तुरंत चंदौसी सीएचसी पहुंच गई। पति का शव देखते ही मिथलेश बेसुध होकर गिर पड़ी। होश आया तो दहाड़ें मारकर रोने लगी। पिता की मौत के बाद दोनों बेटों मयंक व वंश का भी बुरा हाल था। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार चंदौसी मेले में मुंशी के तौर पर तैनात थे। शव पोस्टमार्टम के बाद राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी जाएगी।

## उफनाते नाले में 200 मीटर बहती गई बच्ची

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **बाहर निकाला तब तक बच्ची की हो चुकी थी मौत**

**अमृत विचार:** संभल शहर के रायसत्ती माता थान पर माता-पिता चार साल की मासूम बेटी के साथ जात लगाने के लिए पहुंचे तो स्लैब पर पैर फिसल जाने से बच्ची उफनाते नाले में गिर गई। वह बहती हुई 200 मीटर दूर चली गई। जब तक बाहर निकाला गया तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी।

सोमवार को जनपद संभल के थाना रायसत्ती थाना क्षेत्र के बढ़ई वाली बस्ती निवासी राधेश अपनी पत्नी जूली व चार साल की बेटी अर्चना के साथ रायसत्ती मंदिर माता के थान पर जात लगाने के लिए आया था। जात लगाने के बाद वे बाहर निकल रहे थे तभी अर्चना स्लैब पैर फिसल जाने की वजह से नाले में जा गिरी। बच्ची बहती करीब 200 मीटर बह गई। किसी तरह मासूम बच्ची को नाले से बाहर निकाला गया। बच्ची बेसुध थी लेकिन जिंदगी की आस में माता पिता उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थानाध्यक्ष बोबिंद्र कुमार ने बताया कि नाले में गिरकर डूबने से बच्ची की मौत हुई है। फिलहाल उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर नायब तहसीलदार अरविंद कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## न्यूज ब्रीफ

### अवधेश वर्मा बने गुन्नौर के नए एसडीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** जनपद में प्रशासनिक फेरबदल के तहत डीएम राजेंद्र पैंसिया ने डिप्टी कलेक्टर अवधेश वर्मा को गुन्नौर का एसडीएम बनाया है। गुन्नौर की एसडीएम रहीं वंदना मिश्रा को बहजोई मुख्यालय पर डिप्टी कलेक्टर पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बदलाव के साथ ही गुन्नौर तहसील के प्रशासनिक कार्यों की बागडोर अवधेश वर्मा के हाथों में आ गई है। जबकि वंदना मिश्रा अब नए पद पर प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी व अन्य पटल का दायित्व संभालेंगी।

### पुत्रवधु ने की ससुर से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली के रतुपुर गांव निवासी कल्लन बुधवार की शाम करीब पांच बजे लड़के के मकान की तरफ से अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि पुत्रवधु रिहाना, पौत्री सुमायला, रिम्सा, पौत्र फैसल ने घर के बंटवारे को लेकर गाली गलोच शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की । कल्लन ने पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने शनिवार की शाम केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गंगा में कूदने वाले युवक का नहीं लगा सुराग

**बबराला, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मुड़ैना निवासी उमाशंकर उर्फ लाड़ साहब पुत्र फतेह सिंह ने शुक्रवार देर रात राजघाट गंगा पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। घटना के बाद से युवक का पता नहीं चल सका है। पीएसी, गाजियाबाद की बाढ़ राहत टीम मोटर बोट से गंगा में तलाशी अभियान चला रही है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। जिससे परिजनों की उम्मीद टूट रही है। सोमवार को बारिश के बावजूद परिजन स्वयं भी गंगा किनारे तलाश करते रहे।

### संदिग्ध भागे, लावारिस बाइक कब्जे में

**मनोटा, अमृत विचार :** थाना एचोड़ा कंबोह क्षेत्र के मनोटा सैदनगली मार्ग पर देर रात तीन युवक बाइक से जा रहे थे। भटपुरा पहुंचे तो पीछे से गश्त कर रही पुलिस की गाड़ी आ गई। गाड़ी को देख कर तीनों बाइक छोड़कर कर जंगल में भाग गए। पुलिस ने काफी पीछा किया लेकिन वह हाथ नहीं आए। चोरों की सूचना पर ग्रामीण भी दौड़कर आ गए। बाइक देखने में लग रहा था जैसे चोरी की थी। पुलिस ने बाइक कब्जे में ले ली है।

## एसपी ने चार की छीनी थानेदारी कइयों को इधर से उधर किया

**संभल, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक ने लापरवाह कार्यप्रणाली वाले चार थाना प्रभारियों की थानेदारी छीन ली है। कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने नखासा थाना प्रभारी रजनीश कुमार को डायल यूपी 112 का प्रभारी बनाया है। ऐंचोड़ा कंबोह के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान को नखासा का नया प्रभारी नियुक्त किया। जुनावई के थाना प्रभारी उमेश सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। स्वाट टीम प्रभारी लोकेंद्र त्यागी को कुढ़ फतेहगढ़ का प्रभारी बनाया है। बनियाठेर थाना प्रभारी मेघपाल सिंह को जुनावई का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया। रेनू कुमारी को प्रभारी डायल यूपी 112 से प्रभारी निरीक्षक महिला थाना की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने अपने पीआरओ मनोज कुमार वर्मा को बनियाठेर का थाना अध्यक्ष नियुक्त किया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहित कुमार काजला को ऐंचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी बनाया गया है। कैला देवी थाने के प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह को जन शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बना दिया। पुलिस लाइन से सौरभ त्यागी को थाना अध्यक्ष कैला देवी नियुक्त किया। पुलिस लाइन से लवनीश कुमार को एसपी ने पीआरओ बनाया है। निरीक्षक पूनम राठी, विनोद कुमार मिश्रा, पूनम कुमारी, संदीप राज सिंह, अखिलेश गंगवार को गैर जनपद स्थानांतरण की वजह से उनके पदों से हटाया गया है। निरीक्षक सुनील कुमार को कैला देवी से अपराध शाखा व मोहित कुमार को मंसूरपुर काफी से स्वाट टीम प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

## गुन्नौर बार एसोसिएशन के लिए आज होगा मतदान

**बबराला, अमृत विचार:** गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के लिए मंगलवार को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान खत्म होते ही मतगणना शुरू कर दी जाएगी।

अध्यक्ष पद पर रागिब उल्ला और शैलेन्द्र यादव के बीच मुकाबला है। अध्यक्ष सहित 19 पदों पर कुल 24 प्रत्याशी मैदान में हैं,। लगभग 275 सदस्यों में सबसे अधिक संख्या यादव अधिवक्ताओं की है। हालांकि, इस बार यादव समाज के अधिवक्ता बंटे दिखाई दे रहे हैं, जिससे मुकाबला रोचक बन गया है। सोमवार को प्रत्याशी मतदाता अधिवक्ताओं का समर्थन मांगते रहे। चुनाव कार्यालय में मतदान की तैयारियां अंतिम चरण में थीं। चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंह, धनेश गौड़ और श्रीकृष्ण भारद्वाज पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की व्यवस्था में व्यस्त रहे।

## बारिश बनी मुसीबत, स्कूलों में आज अवकाश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लगातार बारिश से जगह-जगह जलभराव होने पर लोग दिक्कतों से जूझे। जिला अस्पताल से लेकर रोडवेज बस अड्डे तक पानी नजर आया। डीएम ने मंगलवार को जनपद में इंटर तक के स्कूलों में अवकाश का आदेश जारी किया है।

रविवार को देर रात से शुरु हुई बरसात से सोमवार को दिन में संभल के साथ अन्य शहर कस्बों में जलभराव के हालात बन गए। बरसात का सिलसिला सोमवार को देर रात तक जारी रहा। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। बाजार में भी दिन भर सन्नाटा पसरा नजर आया। सुबह को देर से दुकानें खुलीं और फिर शाम को बाजार जल्दी बंद हो गया। संभल में हालात नरकीय हो गये हैं। सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के आसपास सड़कें तालाब नजर आईं। बैंक रोड के नाम से जाने जाने वाले आर्य समाज रोड पर घुटनों तक पानी भरा रहा। शंकर कॉलेज चौराहा से जिला अस्पताल मार्ग के अलावा जिला अस्पताल में जलभराव से मरीजों व तामीरदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रोडवेज बस अड्डा तालाब में तब्दील हो गया। सड़क पर बसें खड़ी कर यात्रियों को बैठाया गया। हयातनगर में शाहजीपुरा मार्ग के अलावा बीडी इंटर कॉलेज रोड पर भी जलभराव के हालात रहे।



सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास के निकट जलभराव। ● अमृत विचार

### 12वीं तक के स्कूलों में आज अवकाश

जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने अपने आदेश में कहा है कि अत्यधिक वर्षा होने के दृष्टिगत जनपद संभल में समस्त बोर्ड के नर्सरी से कक्षा 12 तक के स्कूलों में शिक्षण कार्य मंगलवार को स्थगित रहेगा। बच्चे शिक्षण कार्य के लिए स्कूल नहीं आयेंगे ।



जिला अस्पताल परिसर में भरा पानी व परेशान होते लोग। ● अमृत विचार

# गुन्नौर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, फल मंडी हटाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार:** गुन्नौर में अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को सख्त अभियान चलाया गया। हाईवे किनारे नेहरू चौक पर अवैध फल मंडी को हटा दिया गया। टिनशेड व अन्य अतिक्रमण ध्वस्त कर दिये। कार्रवाई के दौरान रोडवेज के चेकपोस्ट को भी कब्जा मुक्त करा दिया गया।

गुन्नौर में हाईवे के किनारे नेहरू चौक का इलाका पिछले काफी समय से अतिक्रमण की चपेट में था। बदायूं व दिल्ली मार्ग के इस तिराहे पर अतिक्रमण की वजह से दिन भर जाम के हालात बने रहते थे। यहां पिछले 30 साल से अवैध फल मंडी का भी संचालन किया जा रहा था। नगर पालिका व प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार चेतावनी दी लेकिन अतिक्रमण करने वालों ने अनसुना कर दिया। इसके बाद ही सख्ती से अतिक्रमण हटाने का फैसला लिया गया। सोमवार को सुबह पांच बजे नगर पंचायत के अधिकारी, नायब तहसीलदार व पुलिस बुलडोजर , ट्रैक्टर-ट्रॉली व हथौड़े-बेलचे वाले कर्मचारियों को लेकर पहुंचे तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि लोग तुरंत अपना सामान व अतिक्रमण हटाएं नहीं तो बुलडोजर चलेगा। इसके बाद आनन-फानन में सामान हटाया जाने लगा। इसके बाद अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी गई। झमाझम बारिश के बीच करीब चार घंटे तक चले अभियान में स्थायी और अस्थायी निर्माण ध्वस्त किए गए तथा सड़क के दोनों तरफ 75 फुट तक पटरी खाली कराई गई। फल-सब्जी मंडी के टिनशेड उखाड़ दिए गए। नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह, कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान और अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के अलावा भारी पुलिस बल तैनात किया गया।



गुन्नौर में अतिक्रमण ध्वस्त करजी जेसीबी। ● अमृत विचार



अतिक्रमण तोड़ने के दौरान छाता लगाकर खड़े पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- **नेहरू चौक पर अतिक्रमण कारियों ने कर रखा था सालों से कब्जा**

### कब्जा मुक्त कराया गया रोडवेज चेकपोस्ट

गुन्नौर के नेहरू चौक पर अतिक्रमण करने वालों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने रोडवेज के चेकपोस्ट पर भी कब्जा जमा लिया था। सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरु हुई तो लंबे समय से अतिक्रमण की जद में रहे यूपी रोडवेज की पोस्ट को भी कब्जा मुक्त कराया गया। नौ बजे तक चले इस संयुक्त अभियान में नगर पंचायत, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें शामिल रहीं। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि बार-बार चेतावनी के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो फिर सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। कहा कि यदि किसी ने दोबारा से अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई के साथ ही जुर्माना भी वसूल किया जायेगा।

## तेज बारिश के बीच मोहर्रम का आखिरी जुलूस निकाला



बुकनाला में बरसात के बीच जुलूस में शामिल शिया मुसलमान ● अमृत विचार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** ग्राम बुकनाला सादात में सोमवार को आठ रबी उल अव्वल पर तेज बारिश के बीच मोहर्रम का तारीखी व आखिरी जुलूस निकाला गया।

जुलूस इमामबाड़ा साहेबुजमान से मजहरे कर्बला होता हुआ इमामबाड़ा बनी हाशिम पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इस दौरान इमामबाड़ों व घरों से काले अलम हटाए गए। इमामबाड़ा मजहरे कर्बला पर आख़िरी नबी हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा का ताबूत शबीह के रूप में सजाया गया। अकीदतमंदों ने गुलाब के फूल चढ़ाकर पुरसा दिया और दुआएं मांगीं। जुलूस में अलम, शबीहे ताबूत, ऊंट की अमरिया व झूला भी बरामद किए गए। अंजुमनों ने नौहा-ख़्वानी और मातम कर इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों को खिराजे अकीदत पेश की। इसी के साथ मोहर्रम का शोक औपचारिक रूप से समाप्त हो गया।

## हिंदुओं की घटती संख्या चिंता का विषय

- **आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले- देश को एक और बंटवारे की तरफ ले जा सकता है जनसांख्यिकीय असंतुलन**

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि संभल में हिंदुओं की घटती जनसंख्या चिंता का विषय है। संभल सहित देश के अनेकों भागों में बिगड़ता जनसांख्यिकीय संतुलन देश को एक और बंटवारे की तरफ ले जाएगा।

ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में मासिक सत्संग में प्रवचन करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि देश में अनेकों ऐसे स्थान बन चुके हैं जहां हिंदू अल्पसंख्यक हो गया है। भारत की एकता और अखंडता के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती नजर आ रही है। कहा कि श्री कल्कि धाम हमारी आस्था का हिमालय है, यह हमारी आस्था का जीवंत प्रमाण है। यह उस अनवरत संघर्ष का परिणाम बिंदु है जो लगातार सरकारों और अदालतों में चला। किंतु हमारी आस्था अटूट बनी रही। हमारी अटूट आस्था को तब संबल मिला जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम का शिलान्यास किया। कहा कि श्री कल्कि नारायण को समर्पित इस धाम के निर्माण के लिए हम लोग पूरे देश में जाएंगे और अधिकाधिक लोगों को श्री कल्कि धाम निर्माण से संबद्ध करेंगे। प्रवचन से पहले प्रातः कालीन बेला में श्री कल्कि धाम निर्माण यज्ञ में पूर्णाहुति आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दी। संजय खन्ना, चारू त्यागी, महामंडलेश्वर स्वामी हरमनोज दास , महामंडलेश्वर स्वामी कल्याण देव , आचार्य दुष्यंत शास्त्री, खिलेंद्र सिंह, अशोक कृष्णम, पंकज गुप्ता, संजीव त्यागी, सुधीर चाहल आदि उपस्थित रहे।



ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में प्रवचन करते आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### सांड से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**जुनावई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव घौंसली मौहकम निवासी 28 वर्षीय नवनीत नोएडा में होम डिलीवरी का काम करता था। पिता भाय सिंह ने बताया कि बुखार की वजह से वह मोटर साइकिल से घर आ रहा था। थाना क्षेत्र के बदायूं मेरठ हाईवे एसआर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो आपस में लड़ रहे दो सांड में से एक ने नवनीत की बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर जा गिरी और नवनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संगठन को मजबूत करने के लिए सभी लोग एकजुट हों

**बहजोई, अमृत विचार :** प्रगतिशील बरनवाल वैश्य सभा की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। सिटी मांटेसरी जूनियर हाई स्कूल में बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता बरनवाल ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करें। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपनेश गुप्ता बरनवाल ने भी संगठन की मजबूती पर बल दिया। राजीव कुमार गुप्ता बरनवाल, तेजेन्द्र गुप्ता, उमाकांत गुप्ता, अंशु गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, राजकुमार गोयल, अरविन्द कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, राजेंद्र कुमार बरनवाल, अमित कुमार गुप्ता, गिरीश कुमार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता बरनवाल, शिशुपाल गुप्ता, प्रवीण आर्य, राजदीप गोयल, संजीव गोयल आदि मौजूद रहे।



शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी।

### त्योहारों पर न डाली जाए कोई नई परंपरा: डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम, एसपी ने शांति समिति की बैठक में नई परंपरा न डालने की चेतावनी दी । एसपी ने त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने का भरोसा दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शांति समिति के सदस्यों से सुझाव तथा समस्याओं के बारे में सीधा संवाद किया। एसपी ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन 4 सितम्बर को एवं मुख्य रूप से 6 सितम्बर को होगा। 5 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जाएगा। एसपी ने कहा कि किसी भी जुलूस के डीजे में दो से अधिक स्पीकर न लगे हों। डीएम ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर लगभग 100 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। पीओपी, चूना तथा गोबर मिट्टी की प्रतिमाओं का ही विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरेक व्यक्ति व समुदाय एवं उनकी समस्याओं को ध्यान में रखा जाए। विद्युत एवं पेयजल की निर्वाध आपूर्ति रहे।



श्री दिगंबर जैन मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं।

### सत्य की साधना मनुष्य के जीवन को बनाती है सार्थक

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व में उत्तम सत्य धर्म की आराधना हुई। प्रात : कालीन सत्र में प्रथम अभिषेक व शांति धारासौभाग्य आलोक जैन, अर्पित जैन, नमन जैन, शुभम जैन एवं राहुल जैन, अनिल जैन सर्राफ, मितेश जैन व शैली जैन को सपरिवार प्राप्त हुआ। दसलक्षण महापर्व के अंतर्गत सत्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जैन शास्त्री चंद्र कुमार ने कहा कि सत्य ही धर्म का आधार है। सत्य की साधना मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाती है। सायंकालीन कार्यक्रम में सामूहिक आरती व प्रवचन के बाद सांस्कृतिक माहौल में आयोजित 'अंताक्षरी प्रतियोगिता' ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीम के रूप में अग्रिम जैन, प्राची जैन, शैली जैन, सजल जैन, शुभम जैन, कविशा जैन एवं अभिलाषा जैन ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### अब बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल, डीएम ने किए आदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** अब बिना हेलमेट पहने पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलेभर में में 1 सितम्बर से 30 सितंबर तक ' 'नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इस अभियान की सफलता के लिए डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर व दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर शासन ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का प्रारंभ 1 सितंबर से किया है। जिसको लेकर डीएम राजेंद्र पैंसिया कहा है कि कोई भी फ्यूल पंप संचालक ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल नहीं देगा, जिनके चालक या पीछे बैठे व्यक्ति ने हेलमेट नहीं पहना हो। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और जन सुरक्षा को मजबूत करना है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा-129 दोपहिया चालकों और सवारियों के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है। जबकि धारा-194-डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी राज्यों को इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी देते हुए कहा है कि पेट्रोल पंप संचालक लोगों ने बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# तीन किमी से अधिक दूरी के उच्च प्राथमिक विद्यालयों का विलय नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

● सरकार की ओर से हाईकोर्ट में दिया गया जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को विद्यालयों के विलय के मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान दौरान राज्य सरकार की ओर से पूरक जवाबी शपथ पत्र दाखिल किया गया। जिसमें इस बात को स्पष्ट किया गया है कि एक किलोमीटर से कम दूरी वाले तथा जिन विद्यालयों में 49 से अधिक बच्चे हैं, उनकी पेयरिंग नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया है कि तीन किलोमीटर से अधिक दूरी के उच्च प्राथमिक विद्यालयों का भी विलय नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने सरकार के उक्त पूरक शपथ पत्र को रिकॉर्ड पर लेते हुए अगली सुनवाई के लिए 22 सितंबर की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने दिया है। सीतापुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह के उक्त पूरक शपथ पत्र के साथ राज्य सरकार के 27 अगस्त 2025 के शासनादेश को भी दाखिल किया गया है। जिसमें सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन प्राथमिक विद्यालयों के एक किलोमीटर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के तीन किलोमीटर से अधिक दूरी के बावजूद पेयरिंग की गई है, उन्हें निरस्त कर दिया जाए। कहा गया कि शासनादेश का सख्ती से अनुपालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को भी दिए गए हैं। पूरक शपथ पत्र में कहा गया है कि नए निर्देशों के तहत सीतापुर में सिर्फ 77 विद्यालयों की पेयरिंग की गई है। उल्लेखनीय है कि याचियों की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा व अन्य ने भी यही दलील दी थी कि 50 बच्चों वाले तथा एक किमी से अधिक दूरी वाले विद्यालयों की पेयरिंग नहीं की जानी चाहिए।

# योगी जी मेरा एडमिशन करवा दीजिए, डॉक्टर बनूंगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिली कानपुर की नन्ही मायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी जी मेरा एडमिशन करा दीजिए, मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। यह बात सोमवार को जनता दर्शन में कानपुर से अपनी मां नेहा के साथ आई नन्ही मायरा ने कही। मासूम मायरा को देख मुस्कुराते हुए योगी ने पहले हालचाल जाना, फिर पूछा कि क्या बनना चाहती हो। इस पर मायरा ने जवाब दिया- डॉक्टर। यह सुन मुख्यमंत्री ने पहले उसे चॉकलेट दी, फिर अधिकारियों को एडमिशन कराने का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मायरा की मां नेहा ने एडमिशन के लिए आवेदन दिया। सीएम ने पूछा तो नेहा बोली-कानपुर से आए हैं, स्कॉट्र्स वर्ल्ड स्कूल में एडमिशन कराना है। इसके बाद मायरा से मुखातिब सीएम ने पूछा क्या बनेगी- जिस पर उसने तपाक से जवाब दिया-डॉक्टर। बच्ची की मासूमियत पर सीएम मुस्कुरा उठे। नन्ही मायरा ने पत्रकारों को बताया कि कि योगी बाबा ने कहा है कि एडमिशन हो जाएगा।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की दी जानकारी

शासन के अधिकारियों ने सोमवार को कानपुर के एस्कार्ट्स वर्ल्ड स्कूल से मायरा के एडमिशन के संदर्भ में जानकारी ली। इस पर शाम होने से पहले ही एस्कार्ट्स वर्ल्ड स्कूल के-1, केशवपुरम कानपुर नगर के प्रधानाचार्य सुधीर तिवारी ने बीएसए व शासन के अधिकारियों को प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी।

### 50 शिकायतें आईं, मुस्कान लेकर लौटे फरियादी

जनता दर्शन में सितंबर की पहली सुबह मुख्यमंत्री आवास पहुंचे 50 फरियादी मुस्कान लेकर लौटे। मुख्यमंत्री योगी ने उनकी समस्या जानी और प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी की समस्याओं का निराकरण हो और हर पीड़ित से फीडबैक भी लिया जाय।


जनता दर्शन के दौरान बच्ची मायरा को चॉकलेट देते मुख्यमंत्री योगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 101 विद्यालयों में बनाई गई अटल टिंकरिंग लैब

**अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाने पर जोर है। इसके तहत प्रदेश के 778 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब स्थापित की जा चुकी है। 1084 विद्यालयों में आईसीटी लैब और 1236 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए जाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में 101 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई है, जहां छात्र प्रयोग के माध्यम से विज्ञान और तकनीक की गहराई से समझ हासिल कर सकेंगे।

### बाल वाटिकाओं की संख्या बढ़कर 70 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब बाल वाटिकाओं की कुल संख्या बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है। यहां लर्निंग कॉर्नर व वंडर बॉक्स की मदद से तीन वर्ष से लेकर छह वर्ष तक की आयु के बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाई कराई जा रही है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्री-प्राइमरी स्कूलों के तौर पर चलाई जा रहीं इन बाल वाटिकाओं में बाल मैत्रीय फर्नीचर रंग-बिरंगे कक्षा कक्ष भी बनाए गए हैं। आउटडोर गेम की व्यवस्था भी की गई है। अब यहां वंडर बॉक्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वंडर बॉक्स में 26 तरह की सामग्री हैं। जिसमें आकार सुडोकू, चेहरों की पहेली, नंबर कार्ड, 10 वृत्त पहेली गुड़िया बनाओ व अन्य सामग्री शामिल हैं। लर्निंग कॉर्नर की भी व्यवस्था की जा रही है।

### महानिदेशक बने डॉ.पवन कुमार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. दिनेश कुमार सिंह सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी जगह, महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.पवन कुमार अरूण को स्थायी नियुक्ति होने तक अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह आदेश प्रमुख सचिव के निर्देश पर चिकित्सा अनुभाग-दो से सोमवार को जारी कर दिया गया है।

### भाजपा ने विदेश नीति को बर्बाद किया : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि भाजपा-आरएसएस ने भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है। दुनिया के तमाम मित्र देशों ने साथ छोड़ दिया है। अभी आपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ोसी देश भी साथ नहीं खड़े हुए। तब हमलावर पाकिस्तान को चीन हर प्रकार की मदद कर रहा था। जिस अमेरिका से बड़ी दोस्ती थी, उसने व्यापार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के साथ ही और कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की धमकी दी है। घबराई भाजपा सरकार अब चीन की शरण में पहुंच गई है। जिसका ट्रैक रिकार्ड भारत से दुश्मनी का ही रहा है।

### आईआईएम सिखाएगा पंचायतों का प्रबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के सीतापुर रोड स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायतों में बेहतर प्रबंधन के गुर सिखाएगा। पंचायती राज विभाग ने प्रशिक्षण की कार्य योजना बनाई है और संस्था से एमओयू होते ही शेड्यूल बनाकर जनप्रतिनिधियों और विकास से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों के विकास के लिए बेहतर प्रबंधन और नेतृत्व करना बेहद जरूरी है। इसको देखते हुए पंचायत राज विभाग आईआईएम से एमओयू करके प्रदेश स्तरीय पांच दिवसीय 'मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम' कराएगा।

# गंभीर बीमार बंदियों की समय पूर्व रिहाई के नियम होंगे सरल : योगी

## मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी नीति बनाने को लेकर की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट व मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि प्राणघातक रोग से ग्रस्त बंदियों, वृद्ध व असहाय बंदियों की वास्तविक संख्या जानने के लिए सर्वेक्षण कराएं। इनकी प्राथमिकता के साथ रिहाई होगी। इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी नीति बनाने को लेकर निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वतः विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। ऐसे लोगों का प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए। इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई।

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुझाई गई प्रणाली को प्रदेश में अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि बंदियों को न्यायिक अधिकारों का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, त्वरित और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित होनी चाहिए तथा जल्द ही नई नीति का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाए।


लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं को लेकर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### वर्ष में तीन बार हो समीक्षा

नियमों में बदलाव पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष तीन बार जनवरी, मई और सितंबर में पात्र बंदियों के मामलों की स्वतः समीक्षा की व्यवस्था हो। यदि किसी बंदी को रिहाई न दी जाए तो उसके कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं और उसे यह अधिकार मिले कि वह उस निर्णय को चुनौती दे सके।

### जघन्य अपराधों में रिहाई कतई नहीं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जेल मैनुअल में यह भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना आवश्यक है कि किन बीमारियों को असाध्य रोग की श्रेणी में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए समयपूर्व रिहाई उन्हीं मामलों में की जानी चाहिए, जहां से सामाजिक जोखिम न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हत्या, आतंकवाद, देशद्रोह, महिला और बच्चों के विरुद्ध जघन्य अपराध जैसे मामलों में रिहाई कतई नहीं की जानी चाहिए।

### पिछड़े वर्ग के उत्थान को खुलेगा शोध संस्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए शोध संस्थान खुलेगा। इसके साथ ही, निशुल्क कोचिंग सेंटर व नया आयोग भवन स्थापित होगा। सोमवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान व विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया गया। पिछड़ा वर्ग शोध संस्थान की स्थापना का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके साथ ही प्रदेश के गरीब व जरूरतमंद अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद देने के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

# योगी से मिलने के बाद संजय निषाद का यू-टर्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा से गठबंधन तोड़ने की धमकी से पीछे हटे

**अमृत विचार:** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के बाद यू-टर्न ले लिया है। इससे पहले भाजपा से गठबंधन तोड़ने की धमकी दे रहे संजय निषाद ने सुर बदलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमारे अभिभावक और मार्गदर्शक हैं और मेरी भाजपा से कोई नाराजगी नहीं है।

दरअसल, बीते दिनों संजय निषाद ने भाजपा को दो टूक कह दिया था कि अगर सत्ताधारी पार्टी को लगता है कि हमसे कोई फायदा नहीं है तो गठबंधन तोड़ दें, हम तैयार है। उनकी धमकी के बाद से तमाम तरह की चर्चाएं चलने लगी थीं। इस बैठक के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है।

# 13 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने 13 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इस कड़ी में सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक राजकुमार मित्तल को अपर जिलाधिकारी (नगर ट्रांसगोमती), लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राम प्रकाश अपर जिलाधिकारी (वित्त) महोबा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कुंवर पंकज मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज को अपर जिलाधिकारी (वित्त) महोबा, नवीन चंद्र उप जिलाधिकारी उन्नाव को अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) मेरठ, ज्योति राय उप निदेशक पशुपालन निदेशालय को अपर जिलाधिकारी (वित्त) बलरामपुर, प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी (वित्त) बलरामपुर को उप निदेशक पशुपालन निदेशालय, सुनंदू सुधाकरन अपर जिलाधिकारी (वित्त) सुल्तानपुर को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल तैनात किया गया है। अंजली गंगवार एसडीएम कासगंज को प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ, कुमार सिंह यादव एसडीएम पवन कुमार एसडीएम बाराबंकी को प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ, राज महोबा को एडीएम (न्यायिक) बाराबंकी, मो. कमर अपर नगर आयुक्त झांसी को उप निदेशक महिला कल्याण निदेशालय, राहुल कुमार यादव प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ को अपर नगर आयुक्त झांसी और राकेश सिंह अपर जिलाधिकारी (नगर ट्रांस गोमती) को अपर जिलाधिकारी (वित्त) सुल्तानपुर, बनाया गया है।

# वन्यजीव तस्कर गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● एसटीएफ ने उन्नाव के सदर कोतवाली स्थित तालीब सराय में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने सोमवार को संरक्षित वन्यजीव तस्करी गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह की दो महिला तस्करों को उन्नाव के सदर कोतवाली स्थित तालीब सराय से दबोचा। आरोपियों के पास से 85 तीतर और 70 टुईयां तोता समेत कई अन्य पक्षी और सामान बरामद किया है। एसटीएफ के मुताबिक, यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर का है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

डिप्टी एसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक, पकड़ी गई महिला तस्करों में तालीब सराय निवासी मो. इदरीश की पत्नी राफिया और मो. सगीर की पत्नी गुरनाज शामिल है। दोनों के पास से 85 तीतर, 70 टुईयां तोता, 15 रेड मुनिया, आठ रिंग नेक पैरेट, 10 ट्राई कलर मुनिया के अलावा सिल्वर व्हील, एलक्जेंडराइज पैरेट, लेजरव्हीस्लिंग टील बरामद किया है। डिप्टी एसपी के मुताबिक, गिरोह का सरगना राफिया का पति इदरीश है। स्थानीय स्तर पर वन्य जीव को जुटाता है। इसके बाद बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में तस्करों को इन्हें ऊंचे दाम पर बेचा जाता है। साथ ही यह भी बताया कि पहाड़ी तीतर के मांस को स्थानीय बाजार में भी महंगे दामों पर सप्लाई किया जाता है। अभियुक्त ने बताया कि लाल मुनिया एवं तोता प्रतिबंधित एवं संरक्षित प्रजाति के पक्षी हैं। जिनको वन विभाग द्वारा गेट एक ही श्रेणी में रखा गया है। इस मामले में एसटीएफ ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ उन्नाव कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।


लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र में बारिश के बीच अपने बच्चे को छाता लगाकर भीगने से बचाती महिला। अमृत विचार

### कैबिनेट की बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल बैठक मंगलवार को होगी। लोकभवन में होने वाली इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। दरअसल, संभल को लेकर सामने आयी न्यायिक रिपोर्ट के मद्देनजर इस बार की कैबिनेट बैठक काफी अहम होने वाली है। बैठक में संभल की न्यायिक रिपोर्ट रखी जाएगी और उस पर चर्चा भी होगी। रिपोर्ट के आधार पर संभल में आगे की सरकारी कवायद पर निर्णय भी हो सकता है।

# मेडिकल कॉलेजों के आरक्षण संबंधी शासनादेश रद्द करने के खिलाफ अपील

## हाईकोर्ट ने पूछा, एकल पीठ के निर्णय में क्या है कमी, सुनवाई आज

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अंबेडकर नगर, कन्नौज, जालौन व सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण के संबंध में पारित शासनादेशों को रद्द करने के एकल पीठ के निर्णय के विरुद्ध विशेष अपील दाखिल की गई है। सोमवार को उक्त अपील पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा है कि उक्त निर्णय में क्या कमी है। मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने अपीलार्थी के वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर को स्पष्ट करने को कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों व आरक्षण सम्बंधी प्रावधानों पर विचार के उपरांत पारित एकल पीठ के उक्त 25 अगस्त के निर्णय में क्या कमी है। उल्लेखनीय है कि एकल पीठ ने यह पाते हुए कि शासनादेशों 20 जनवरी 2010, 21 फरवरी 2011, 13 जुलाई 2011, 19 जुलाई 2012, 17 जुलाई 2013 व 13 जून 2015 के जरिए आरक्षित वर्ग के लिए को 79 प्रतिशत से अधिक सीटें सुरक्षित की गई हैं, उक्त शासनादेशों को निरस्त कर दिया है, साथ ही उक्त कॉलेजों में आरक्षण अधिनियम, 2006 का सख्ती से अनुपालन करते हुए, नये सिरे से सीटें भरने का आदेश दिया है। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दी थी कि उक्त मेडिकल कॉलेजों में राज्य सरकार के कोटे की कुल 85-85 सीटें हैं, जबकि सिर्फ 7-7 सीटें अनारक्षित श्रेणी के लिए रखी गई हैं। वहीं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा व ट्रेनिंग की ओर से दलील दी गई थी कि इंदिरा साहनी मामले में शीर्ष अदालत यह स्पष्ट कर चुकी है कि 50 प्रतिशत की सीमा अंतिम नहीं है, इससे अधिक आरक्षण दिया जा सकता है। हालांकि, एकल पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई व कहा कि उक्त सीमा सिर्फ नियमों का पालन करते हुए, बढ़ाई जा सकती है।

### ओवर ब्रिज पर खड़े ऑयल टैंकरों को हटाने के लिए बनी कमेटी

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि अमौसी ओवर ब्रिज पर गैर कानूनी तरीके से खड़े ऑयल टैंकरों को हटाने के लिए डीसीपी, ट्रैफिक ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अक्टूबर की तिथि नियत करते हुए, डीसीपी ट्रैफिक से कार्यवाही की रिपोर्ट तलब की है। साथ ही अगली सुनवाई पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने शिव मोहन की जनहित याचिका पर दाखिल किया। याचिका में कहा गया है कि अमौसी ओवर ब्रिज पर गैर कानूनी तरीके से ऑयर टैंकर पार्क होते हैं जिनसे न सिर्फ ट्रैफिक की असुविधा होती है, बल्कि खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।

योजना

63 प्रतिशत युवाओं ने लिया सेवा क्षेत्र के उद्यम लगाने के लिए बैंक से ऋण

# उद्यम लगाने में प्रदेश के युवाओं को भा रहा सेवा क्षेत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएम युवा उद्यमी योजना में प्रदेश के युवाओं को सेवा क्षेत्र के उद्योग ज्यादा भा रहे हैं। इनमें भी खाद्य उद्योग ज्यादातर युवाओं की पंसद है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि योजना के तहत 63 प्रतिशत युवाओं ने सेवा क्षेत्र के उद्यम लगाने के लिए बैंकों से ऋण लिया है, जबकि उत्पादन क्षेत्र में इन युवाओं की भागीदारी 37 प्रतिशत है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य में लगी राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को उद्यमी बनाने में जुटी है। उद्योगों की संख्या बढ़ाकर युवाओं को भरपूर रोजगार उपलब्ध कराने पर फोकस है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ब्याजमुक्त पांच लाख रुपये का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंकों से दिलाया जा रहा है।

उद्योग विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी 2025 को लांच की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत अब तक 79,814 युवाओं को 3500 करोड़ रुपये बतौर ऋण दिया जा चुका है। योजना में युवा महिलाएं भी खूब भागीदारी कर रही हैं। ऋण लेने वालों में 71 प्रतिशत पुरुष व 29 प्रतिशत महिला उद्यमी शामिल हैं। कुल ऋण लेने वाले युवाओं में 33.7 प्रतिशत सामान्य वर्ग, 49 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग व दो प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग शामिल हैं। इन वर्गों के युवाओं ने आरक्षण के तहत नहीं, बल्कि स्वतः रुचि लेकर अपनी भागीदारी तय की है।

**नए उद्यमियों को किया जा रहा जागरूक :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में उद्योग विभाग की ओर से नियुक्त किये गये सीएम युवा उद्यमी फेलो युवाओं को जागरूक करेंगे। उद्योग विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। उद्यमी फेलो युवाओं को उद्योग लगाने से लेकर बैंक से ऋण स्वीकृत कराने में अपना सहयोग देंगे।

### इस वर्ष डेढ़ लाख युवाओं को ऋण दिलाने का लक्ष्य

उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष डेढ़ लाख युवाओं को इस योजना के तहत ऋण दिलाने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 51,144 युवाओं को 2100 करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खाद्य उद्योग में जहां ज्यादा लोगों को रुचि हैं, वहीं इसके बाद युवा टेलरिंग, बुटीक, ब्यूटी पार्लर आदि पर जोर दे रहे हैं।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में होगा उद्योग विभाग का कॉन्क्लेव

युवाओं को भागीदारी बढ़ाने के लिए उद्योग विभाग ग्रेटर नोयडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में शामिल होगा। विभाग की ओर से कॉन्क्लेव आयोजित होगा, जिसमें उद्यमियों को जागरूक किया जाएगा।

# 700 करोड़ से प्लांट लगाएगा कोका कोला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री गोरखपुर को 4 सितंबर को देंगे बॉटलिंग प्लांट समेत 2251 करोड़ की सौगात

**अमृत विचार :** मल्टीनेशनल कंपनी पेप्सिको के बाद कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट भी गोरखपुर में लगने जा रहा है। यह प्लांट अमृत बॉटलर्स द्वारा 700 करोड़ रुपये के निवेश से लगाया जाएगा। इससे 1200 लोगों को रोजगार मिलने का दावा किया जा रहा है।

बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास 4 सितंबर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये के निवेश से बनी तीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, 640 करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन यूनिट्स का शिलान्यास, औद्योगिक भूमि के आवंटन पत्र का वितरण, 400 करोड़ रुपये की लागत वाली कालेसर आवासीय योजना सेक्टर 11 के आवंटन पत्र का वितरण, सीईटीपी व सीपेट का शिलान्यास और 281 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाना भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री निजी क्षेत्र व गीडा की कुल मिलाकर 2251 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।



जिस देश में मनुष्यों का चरित्र ऊंचा नहीं है, वह देश कभी उन्नति नहीं कर सकता।

–बंकिम चंद्र चटोपाध्याय, उपन्यासकार



## ड्रैगन और हाथी का साथ

प्रधानमंत्री की कूटनीतिक कुशलता ने उनकी चीन-यात्रा को सफल और यादगार बना दिया। अपने संबोधनों और कूटनीतिक बैठकों के माध्यम से उन्होंने न केवल मेजबान चीन, बल्कि अमेरिका, पाकिस्तान, रूस और अमेरिका से अंदरूनी तौर पर असंतुष्ट यूरोपीय देशों को भी अलग-अलग, दूरगामी संदेश दिए। पुतिन और शी जिनपिंग के साथ वार्ता-निमग्न तस्वीर ने जहां अमेरिका की चिंता बढ़ाई होगी, वहीं प्रधानमंत्री का यह दो-टूक कहना कि आतंकवाद पर दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है, आतंक के अपराधियों, आयोजकों और समर्थन देने वालों को सजा मिलनी चाहिए, पाकिस्तान के प्रति चीन के समर्थन के संदर्भ में भी एक परोक्ष संकेत था। नवाज शरीफ की मौजूदगी में ही संगठन से पहलगाम हमले की निंदा करवा लेना बड़ी कूटनीतिक जीत है। याद रहे, पिछली बार जून में हुई शंघाई सहयोग संगठन की मंत्रिस्तरीय बैठक में इस निंदा का उल्लेख न होने पर भारत ने घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया था, जिसे पाकिस्तानी कूटनीति ने अपनी जीत बताया था, मगर इस बार प्रधानमंत्री की रणनीति ने पासा पलट दिया।

प्रधानमंत्री ने इन कूटनीतिक पहलों से ट्रंप को साफ संदेश दे दिया है कि भारत पर उनकी मनमानी नहीं चलेगी, यदि अमेरिका शत्रुतापूर्ण रुख रखेगा, तो भारत के पास कई विकल्प मौजूद हैं। उनका यह कहना कि भारत-चीन संबंधों को 'तीसरे देश के चश्मे' से नहीं देखा जाना चाहिए, रूस और अन्य देशों के लिए भी स्पष्ट संकेत था। सम्मेलन में वे रूस, चीन के अलावा अन्य 15 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से भी मिले और द्विपक्षीय रिश्तों के लाभ रेखांकित किए। इस बड़े राजनीतिक मंच ने दुनिया के तमाम देशों में यह धारणा भी सुदृढ़ की है कि समूची दुनिया अमेरिका की मनमानी धुन पर बेबस होकर नहीं नाचती। विश्व की आबादी का एक बड़ा हिस्सा उसे सर्वशक्तिमान मानने को बाध्य नहीं है। दुनिया के छोटे देश भी साहस के साथ अपनी संप्रभुता की रक्षा कर सकते हैं।

यह सफल मुलाकात अमेरिका के लिए रणनीतिक झटका है, जहां अमेरिका अपने मित्रों और प्रतिद्वंद्वियों दोनों के साथ व्यापार-युद्धों में उलझा है, वहीं चीन, तुर्की, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी अर्थव्यवस्थाओं के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाकर वैश्विक नेतृत्व में अपनी स्थिति सुदृढ़ कर रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक व सैन्य शक्ति के विरुद्ध एक प्रखर प्रतिरोध के रूप में भारत को खड़ा करने के उद्देश्य से अमेरिका लंबे समय से भारत के साथ बेहतर संबंधों का प्रयास करता रहा, पर ट्रंप की अकुशल, अर्थ-लोलुप राजनीति ने भारत को बीजिंग के करीब कर दिया। भविष्य में यह दुनिया का बड़ा कूटनीतिक गठजोड़ सिद्ध हो सकता है। अब तक वैश्विक निगाहें मुख्यतः चीन–अमेरिका संबंधों पर टिकी रहती थीं, ऐसी स्थिति में चीन–भारत समीकरण केंद्र में होगा। सर्वाधिक आबादी और बड़े बाजार वाले दोनों देश सहयोग करें, तो तकरीबन तीन अरब लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा सकते हैं। चीन की आर्थिक शक्ति और तकनीकी बढ़त, भारत के सस्ते और दक्ष श्रम से जुड़ कर औद्योगिक क्रांति ला सकते हैं। अपेक्षा है कि चीन और भारत प्रतिद्वंद्वी नहीं, सहयोगी और साझेदार बनें और मतभेदों को विवादों में न बदलें।

### प्रसंगवश

## रामायण काल से बाबूगढ़ तक भारत में अश्व

सेंट्रल एशियाई मानव और अश्व जींस के माइग्रेशन पैटर्न के बारे में जो जानकारी उपलब्ध है, उससे तय हुआ है कि भारत में घोड़े का आगमन ब्रोंज एज अथवा कांस्य धातु युग में हुआ। घोड़े के बारे में भारत में पहले विवरण रामायण काल से मिलते हैं, जब श्रीराम ने चक्रवर्ती सम्राट की उपाधि धारण करने के लिए यज्ञ के लिए एक घोड़ा पूरे उत्तर भारत में घुमाया था। बाद के पुरासाक्ष्य भी यमुना किनारे सनौली से पहली बार मिले। यह महाभारत कालीन साक्ष्य हैं। भारतीय लोग घोड़े को रथ में जोतते थे, लेकिन इसकी पीठ पर सवारी करने का प्रचलन बहुत बाद में हुआ। घोड़े को काबू करने के लिए लगाम और काठी बहुत दिनों तक बनाने की बात हम शायद सोच ही नहीं पाए थे। घोड़ा, भारतीय उपमहाद्वीप का मूल निवासी नहीं है। यह उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों, अरब, मध्य एशिया और यूरेशिया से आयातित सबसे मूल्यवान पशु रहा है।




रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


साइंस जर्नल के 9 मई 2018 के अंक में 48 शोधकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित पेपर 'द फर्स्ट हॉर्स हर्डर्स एंड द इंपैक्ट ऑफ अर्ली ब्रौंज एड स्टेप एक्सपेंशंस इनटू एशिया' में दी गई जानकारी के अनुसार मध्य एशिया के स्टेप्स के मैदानों में घोड़े, घोड़े को पालतू बनाकर साधने और इसका उपयोग करने के बारे में है, जिसका प्रसार भारत की ओर 3300 ईसा पूर्व अर्थात आज से 5300 वर्ष पूर्व होने का संकेत मिलता है।

आम तौर मध्य एशिया के घास के विशाल मैदानों में जो हुआ, उसकी एक परिकल्पना के अनुसार, यूरोप और एशिया दोनों में इंडो-यूरोपीय भाषाओं का प्रसार प्रारंभिक कांस्य युग के यामनया चरवाहों के पोंटिक-कैस्पियन मैदानों से प्रवास के साथ हुआ। यामनया रूसी शब्द है, जिसका अर्थ है गड्ढा। रूसी पुराविद वैसिली गोरोद्स्तोव ने सन् 1901-1903 के बीच दोनेत्स नदी के किनारे उत्खनन किया और एक प्रारंभिक सभ्य नगर की खोज यहां हुई। माना जाता है कि घोड़ों के पालन-पोषण के कारण इस क्षेत्र के लोगों का विकास संभव हुआ। बाद में तुर्क और तातार ने घोड़ों का इस्तेमाल युद्ध के लिए खूब किया। मंगोलियाई लड़ाकों ने घुड़सवार सेना के बल पर ही उत्तरी चीन में अपने साम्राज्य की स्थापना की थी। चंगेज खां ने घुड़सवार लड़ाकों की सेना का इस्तेमाल करते हुए अपने साम्राज्य का प्रसार पूरे सेंट्रल एशिया और पूर्वी यूरोप में किया। अश्वपालन का सबसे पहला सुरक्षित प्रमाण मध्य एशिया की बोटाई संस्कृति से मिलता है।

ईसा से तीन सदी पूर्व अर्थात मौर्य काल में ही शालिहोत्र ने शालिहोत्र संहिता की रचना कर ली थी। इसमें 12000 श्लोक संस्कृत भाषा में हैं और विश्व में अश्वों से संबंधित यह शायद प्रथम ग्रंथ है। शालिहोत्र, श्रावस्ती के निवासी थे, जो अब उत्तर प्रदेश में गोंडा और बहराइच के निकट है। प्राचीन काल से ही भारतीय राजकुल अश्वारोही सेना रखते थे। साक्ष्य हैं कि प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति तक भी सेना में अश्व का बड़ा उपयोग हुआ था। भारत में अंग्रेजों ने अपना शासन कायम करने के लिए एक सुदृढ़ कैवेलरी की स्थापना की थी। 1825 में स्थापित बाबूगढ़ स्टड फार्म में अश्वों को रखने के लिए ईंटों से जो बैरक बनाई गई थीं, वे अभी कायम हैं और एशिया में इन्हें सबसे अधिक लंबाई वाला माना जाता है। सर्वाधिक पुरानी बैरक की लंबाई 500 गज है। प्रसंगवश कहें तो इस समय विश्व में किसी के पास विशुद्ध अरबी घोड़ा नहीं है। अरबी नस्ल से तैयार थोरोब्रेड सर्वश्रेष्ठ घोड़े इस समय सिर्फ ग्रेट ब्रिटेन के शाही परिवार के निजी स्टड में ही हैं।

## टैरिफ के पीछे की मंशा और भारत की रणनीति






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ


आज के अर्थ प्रधान युग में द्विपक्षीय व्यापारिक गतिविधियों की भूमिका हमेशा ही अहम रही है। आपसी व्यापार करने वाले देशों का आर्थिक तंत्र तो इससे मजबूत होता ही है। सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ आमजन के जीवन स्तर में भी आशातीत सुधार होता है। आधारभूत संरचनाओं की दशा परिवर्तित होती है, समृद्धि की गति को सही दिशा मिलने लगती है, लेकिन 'अंतर-देशीय सौदे की कला' की पटकथा लेखन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत के खिलाफ घोषित टैरिफ युद्ध कठघरे में खड़ा होते दिख रहा है।

भारत व ब्राजील के खिलाफ 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का उनका 'मुलतानी दांव' आलोचना की परिधि में आ गया है, क्योंकि अमेरिका के संघीय अपीलीय कोर्ट ने ही ट्रंप के लगाए अधिकांश टैरिफ को अवैध करार दे दिया है। अपीलीय कोर्ट ने 30 अगस्त को 7-4 के बहुमत से सुनाए फैसले में कहा है कि ट्रंप ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत मिली शक्तियों का दुरुपयोग किया है। व्यापारिक साझेदारों पर इस प्रकार का मनमाना टैरिफ लगा देना कतई अनुचित है। ऐसे टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को ही है, हालांकि अपीलीय कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए 14 अक्टूबर तक का समय दिया है।

अमेरिका से विश्व के कई देशों को शिकायतें भी बहुत हैं। कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने तो सार्वजनिक मंच पर यह तक कह दिया है कि अमेरिका कई मुद्दों पर 'दोमुंहेपन' की बात करता ही रहता है। व्यापार सदैव साझेदारी का सौदा होता है। एकल फैसले के लिए इसमें कोई स्थान होता ही नहीं। तीव्र संचार और व्यवहारवादी दृष्टिकोण ने आज का वैश्विक बाजार को एक-दूसरे के काफी करीब ला दिया है। अपने को विश्व का स्वयंभू/चौधरी मान बैठे अमेरिका को समझ लेना होगा कि बिन प्रजा, राजा का अस्तित्व होता ही नहीं। किसी एक देश के बिना विश्व बाजार प्रभावित नहीं होता। जान लें, अमेरिका की सबसे बड़ी दिक्कत भारत नहीं, वरन रूस और चीन हैं। अमेरिका का तो यह इतिहास ही रहा है कि अपने तात्कालिक लाभ के लिए कुछ भी कर जाओ। मांग मनवाने के लिए किसी भी स्तर तक गिर जाओ की नीति अपनाता ही रहता है। वह पहले पूरा जोर लगाता है और बाद में दूसरे पक्ष (देश) के झुकने की प्रतीक्षा करता है।

भारत ने उसकी संदर्भित रणनीति/कूटनीति को काफी हद तक समझ भी लिया है। सोया, मक्का, गेहूं, दूध, ऑटो पार्ट्स व अन्य सामानों को भारत के बाजार भेजने की अमेरिकी परिकल्पना फिलहाल भारत की मोदी सरकार में फलीभूत होती तो कदाचित नहीं दिखेगी, क्योंकि जैसे अमेरिका अपने हितों को सदैव ऊपर रखता है, वैसे ही विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने को अग्रसर भारत भी अपने हितों के लिए कुछ भी करने की हिम्मत रखता है।

जिस तरह अमेरिका अपने हितों को सदैव ऊपर रखता है, वैसे ही विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने को अग्रसर भारत भी अपने हितों के लिए कुछ भी करने की हिम्मत रखता है।

अमेरिका को अब जान ही लेना होगा कि बदलता भारत उसके दबाव में तो कतई नहीं आने वाला। यह अलग बात है कि तुनकमिजाज ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ का असर भारत में आंशिक रूप से दिखने लगा है। कपड़ा, चमड़ा, झींगा, हैंडीक्राफ्ट व अन्य उद्योग कमोबेश प्रभावित होते दिख रहे हैं। ट्रंप के टैरिफ वार से निपटने के लिए भारत सरकार ने मुख्य निर्यातक राज्यों अर्थात गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु को श्रम-प्रधान क्षेत्रों में समर्थन देने का फैसला लिया है, जिससे रोजगार पर संभावित असर को रोका जा सके। वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डालर रहा, जिसमें तीन-चौथाई हिस्सेदारी गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक व उत्तर प्रदेश की रही।

यूएसए, चीन, यूएई, सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया, इराक, सिंगापुर, हांगकांग व दक्षिण कोरिया भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं। वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष) में भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 131.84 बिलियन डालर था, जिसमें भारत का अमेरिका को निर्यात 86.51 बिलियन डॉलर व आयात 45.33 बिलियन डालर था। यूएसए भारत के लिए कच्चे तेल, मशीनरी व रसायनों का एक आयातक है। भारत से यूएसए को किए जाने वाले शीर्ष निर्यातों में आभूषण, वस्त्र, रत्न और फार्मास्यूटिकल्स प्रमुख हैं। रूस से कच्चा तेल खरीदने के भारत के निर्णय से तिलमिलाए ट्रंप को यह भी जानना चाहिए कि यूरोप के अधिकांश देश रूस से प्राकृतिक गैस इत्यादि धड़ल्ले से आयात करते हैं।

रूस से व्यापार करने वाले यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने से ट्रंप गुरेज क्यों कर रहे हैं? भारत व रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 68.7 बिलियन अमेरिकी डालर के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर भारत पेट्रोलियम उत्पादों के दूसरे सबसे बड़े निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर चुका है। विश्व बाजार में भारत की हिस्सेदारी करीब 13 प्रतिशत तक जा पहुंची है। टैरिफ से तात्कालिक प्रभावित सेक्टर्स को राहत के लिए केंद्र सरकार करीब 2250 करोड़ रुपये का पैकेज दे रही है। इससे क्षेत्र आधारित निर्यात संवर्द्धन अभियान को गति मिलेगी। इसके अलावा वैकल्पिक विदेशी बाजारों की तलाश व घरेलू मांग को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार द्वारा युद्धस्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं।

### आमने सामने



महादेवपुरा में 'वोट चोरी' के रूप में एटम बम के बाद, हम जल्द ही हाइड्रोजन बम लाएंगे। हाल ही में हमने देश के सामने वोट चोरी का सबूत पेश किया। वोट चोरी का मतलब लोगों के अधिकारों, लोकतंत्र और भविष्य की चोरी है।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

कर्नाटक की गणना को लेकर राहुल का दावा एटम बम था, वो तो दीवाली का पटाखा भी साबित नहीं हुआ। राहुल को सुनता हूं तो मुझे ये समझने में समय लगता है कि वह क्या कहना चाह रहे हैं?

–रवि शंकर प्रसाद
सांसद, भारतीय जनता पार्टी



## भारत और जापान के संबंध नए क्षितिज पर




अरविंद जयतिलक
लेखक


अमेरिका के साथ टैरिफ और ट्रेड डील के बीच बेहद असहज माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों को मिठास से भर दिया है। रंग बिखेरती दोस्ती से लबरेज भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापानी प्रधानमंत्री इशिबा के नेतृत्व में दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर दस्तखत किए हैं। क्लीन हाइड्रोजन और अमोनिया पर अनुसंधान करने की हामी के साथ वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, जलवायु परिवर्तन समेत कई दूसरे मामलों में दोनों देशों ने प्रतिबद्धता जताई है।

दोनों देशों के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर भी एक रोडमैप तैयार हुआ है, जिसके तहत दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मसलन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा मिलकर दक्षिणी ध्रुव का अध्ययन करेंगी। यह समझौता दोनों देशों के लिए अंतरिक्ष में प्रगति का एक बड़ा कदम होगा। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसद टैरिफ थोपने के बीच जापान द्वारा भारत को अगले दस सालों में 10 ट्रिलियन येन अर्थात छह लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा। दोनों देशों के बीच अगले दशक में छोटे और मध्यम इंटरप्राइजेज के अलावा स्टार्टअप को जोड़ने पर भी सहमति बनी है।

दोनों देशों के बीच तकरीबन पांच लाख लोगों का आदान-प्रदान होगा, जो एक-दूसरे की प्रगति का हिस्सेदार बनेंगे। इसके तहत 50 हजार स्किल्ड और सेमी स्किल्ड लोग जापान जाएंगे और वहां की आर्थिक व सांस्कृतिक प्रगति का संवाहक बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान-इकोनॉमिक फोरम के मंच से विश्व को संदेश दिया कि भारत निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह है, जहां पूंजी बढ़ती ही नहीं बल्कि कई गुना अधिक हो जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 80 फीसद कंपनियां भारत में विस्तार करना चाहती हैं और 75 फीसद पहले से ही मुनाफे में हैं। प्रधानमंत्री का कथन स्पष्ट है कि जो भारत में निवेश करेगा, वह फायदे में रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा से दोनों देशों की आर्थिक प्रगति का एक और नया द्वारा खुलेगा, जिससे दोनों देश लाभान्वित होंगे।

जापान, भारत का सिर्फ आर्थिक व कारोबार तक सीमित साझीदार ही नहीं है, बल्कि वह भारत का रणनीतिक–सामरिक मित्र भी है।

दृष्टि दौड़ाएं तो पिछले दो वर्षों में जापानी कंपनियों ने भारत के साथ लगभग दो सैकड़ा एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत सुजुकी मोटर गुजरात में अपना विस्तार करने के लिए तकरीबन चालीस हजार करोड़ रुपये निवेश कर रही है। इसी तरह निप्पन स्टील भी गुजरात और आंध्रप्रदेश में सात हजार करोड़ रुपये निवेश कर रही है। टोयोटा किर्लोस्कर कर्नाटक और महाराष्ट्र में लगभग 23 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। कई रियल एस्टेट और स्टील कंपनियां भारतीय शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपये निवेश करने जा रही हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का गतिमान होना तय है। गांवों का कायाकल्प होगा और रोजगार बढ़ेंगे।

गौर करें तो भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय आर्थिक कारोबार में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान भारत के साथ जापान का द्विपक्षीय व्यापार कुल 22.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। जापान से भारत को निर्यात 17.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात 5.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। अर्थात भारत को जापान का निर्यात भारत के कुल आयात का 2.62 फीसद और जापान को भारत का निर्यात भारत के कुल निर्यात का 1.18 फीसद था। जापान भारत का सिर्फ आर्थिक व कारोबार तक सीमित साझीदार वाला मित्र नहीं है, बल्कि वह भारत का रणनीतिक-सामरिक साझीदार मित्र भी है।

याद होगा गत वर्ष पहले डोकलाम विवाद पर जापान ने खुले तौर पर भारत का पक्ष लेते हुए कहा था कि चीन डोकलाम की वास्तविक स्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश कर रहा है, जो कि गलत है। ध्यान दें तो कुछ वर्षों के दरम्यान भारत एवं जापान के बीच रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौता बेहद मजबूत हुआ है। जापान भारत के साथ एटमी करार को आकार दे चुका है। भारत ऐसा पहला देश है जिसने एनपीटी (परमाणु हथियार अप्रसार संधि) पर हस्ताक्षर नहीं किया है, इसके बावजूद भी जापान ने उसके साथ समझौता किया है।

इससे पूर्व भारत द्वारा कालेधन के विरुद्ध छेड़े गए वैश्विक अभियान में सहयोग करते हुए जापान द्वारा दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन का भी समर्थन किया जा चुका है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच साझा विजन डॉक्यूमेंट-2025 के अंतर्गत कई अहम समझौते हुए हैं। जापान द्वारा भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए सवा तीन अरब के स्पेशल फंड बनाने का भी वादा किया जा चुका है।

जापान ने गत वर्ष पहले भारत को बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 88 हजार करोड़ रुपये के ऋण को महज 0.1 प्रतिशत ब्याज दर पर देने का एलान किया। दोनों देशों के बीच आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, जापानी भाषा की शिक्षा, उत्तर-पूर्वी हिस्से की परियोजनाओं का संवर्द्धन आदि पर भी समझौते हो चुके हैं।

जापान गुजरात के मंडल बेचराज-खोरज क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यक्रम में सहयोग, एक-दूसरे के शहरों को वायुमार्ग से जोड़ने, शोध क्षमता और शोध निष्कर्षों की प्रभावशीलता बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि दोनों देशों की दोस्ती अर्थव्यवस्था, निवेश व विकास को गति देने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में यह दोस्ती कुटनीतिक व भू-रणनीतिक संदर्भों को भी समेटे हुए है।

### सोशल फोरम

## ट्रेन पकड़ने की जद्दोजहद ने बना दिया ओलंपियन

पंद्रह साल की एलिजाबेथ को हर रोज स्कूल से घर जाने वाली ट्रेन पकड़नी होती थी। ट्रेन बहुत कम समय के लिए स्टेशन पर थमती थी। उसे पकड़ने के लिए बिजली की गति से भागती आती एलिजाबेथ को देखना उसके बायोलॉजी अध्यापक चार्ल्स प्राइस को आकर्षित करता था, जो खुद भी हर रोज उसी ट्रेन से चलते थे। प्राइस एक जमाने में एथलीट रह चुके थे। एक दिन उन्होंने अपनी स्टॉपवॉच पर एलिजाबेथ के भागने की रफ्तार नापी तो वह दंग रह गए।




मनीष कुमार सोलंकी
ब्लॉगर


उनके कहने पर एलिजाबेथ ने बाकायदा दौड़ना शुरू किया और उसकी प्रतिभा का ऐसा डंका बजना शुरू हुआ कि कुछ ही माह बाद वह एक इनडोर प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस की अमेरिकी चैंपियन हेलेन फिल्की के साथ दौड़ रही थी। इस बार वह दूसरे नंबर पर रही, लेकिन तीन महीने बाद उसने न सिर्फ फिल्की को परास्त किया, नया वर्ल्ड रेकॉर्ड भी बना डाला। उसका तीसरा बड़ा कंपटीशन उसी बरस एम्सटर्डम ओलंपिक की सूरत में था, जब 100 मीटर की रेस के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली वह इकलौती अमेरिकी बनी। एलिजाबेथ ने रेस जीती और कुल सोलह साल की आयु में पहली 100 मीटर ओलंपिक चैंपियन बनीं। सबसे कम उम्र में यह कारनामा करने का उसका यह कीर्तिमान आज तक कोई नहीं तोड़ सका।

अमेरिका वापसी में उसका ऐतिहासिक स्वागत हुआ और सुनहरे बॉबकट बालों वाली दुबली सी एलिजाबेथ रॉबिन्सन अमेरिका की चहेती एथलीट बन गईं। एक प्लेन क्रैश में उसकी टांग, कूल्हे और बांह की हड्डियों का कचूमर बन गया, लेकिन वह बच गई। अस्पताल से छुट्टी देते हुए एलिजाबेथ को डॉक्टरों ने कहा, फिर से दौड़ने के लिए उसे नया जन्म लेना होगा। धीरे-धीरे एलिजाबेथ ने बैसाखियों के सहारे चलना शुरू किया। कुछ माह बाद बैसाखियां छोड़ चलना शुरू किया। फिर हल्की रफ्तार में दौड़ना। चार साल बाद वह बाकायदा दौड़ रही थी।

बर्लिन में 8 अगस्त 1936 को हुई इस रेस के फाइनल में अमेरिका का मुकाबला मेजबान जर्मनी के साथ था। दूसरे राउंड तक जर्मनी की लड़कियां आगे चल रही थीं। तीसरे राउंड में एलिजाबेथ ने जर्मन प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ कर लीड हासिल कर ली। अमेरिकी टीम ने गोल्ड जीता। एलिजाबेथ उर्फ बैटी रॉबिंसन का यह दूसरा ओलंपिक गोल्ड मैडल खेल इतिहास की सबसे बेशकीमती उपलब्धियों में गिना जाता है। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## राजनेताओं और नौकरशाहों का अशोभनीय आचरण

मध्य प्रदेश में नौकरशाहों और राजनेताओं के बीच निरंतर टकराव सामने आ रहा है। चंबल के अंचल में आने वाले जिले भिंड में भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह और कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव आपस में ऐसे भिड़े कि परस्पर मारपीट की नौबत आ गई। कलेक्टर ने विधायक की ओर अंगुली उठाई तो विधायक ने मुक्का तान दिया। यह नजारा कलेक्टर बंगले के बाहर द्वार पर देखने में आया। बाद में यहीं धरना शुरू हो गया। दरअसल इस झगड़े में मुद्दा तो खाद संकट बना, लेकिन कलेक्टर और विधायक के बीच जो तू-तू मैं-मैं दिखी, उसमें दोनों का ही कदाचरण सामने आया। निर्वाचित जनप्रतिनिधि और जिले के प्रशासनिक मुखिया के बीच इस तरह का दुराचरण समाज में बढ़ती अनैतिकता का प्रतीक हैं। लोकतंत्र में ऐसा व्यवहार न तो होना चाहिए और न ही इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। यह तब और निंदनीय है, जब एक-दूसरे पर लगाए आरोपों से साफ हुआ कि असली जड़ अनैतिक महत्वाकांक्षा में निहित है।




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार


इस बात में कोई दो राय नहीं कि बीते दो दशकों के भीतर शासन-प्रशासन के स्तर पर कार्यशैली की गुणवत्ता में बहुत गिरावट आई है और हर क्षेत्र में प्रशासनिक निरंकुशता बढ़ी है। शासन यानी सरकार का काम जन-हितैषी व चतुर्मुखी विकास संबंधी ठोस नीतियां बनाना है। स्वीकृत परियोजना के अनुरूप क्रियान्वयन का दायित्व प्रशासनिक अधिकारियों का होता है, जिनमें कलेक्टर जिला प्रमुख होने के साथ अधिकतम अधिकारों से संपन्न भी होता है, इसलिए 95 प्रतिशत कार्यों का संबंध ऐसे उचित क्रियान्वयन से है, जो पूरी तरह नागरिक सेवा के अधिकारियों के हाथ में होता है। सच्चाई तो यह भी है कि विधायिका के बजाय अधिकांश नई नीतियों और नए कानूनों के निर्माण में भी अहम भूमिका इन्हीं अधिकारियों की रहती है, इसलिए ज्यादातर कानून इस तरह से परिभाषित किए जाते हैं कि उनमें अंतिम निर्णय का अधिकार अंततः अधिकारी के ही हाथ में रहे। पंचायती राज, सूचना का अधिकार कानून और उपभोक्ता अदालतों से जनता का मोहभंग हो जाना यही प्रमुख वजह है।

जब शिक्षा-तंत्र पर निगरानी की पहल का दायित्व पंचायतों को सौंपने की बात उठी थी, तब शिक्षकों ने बौद्धिक दंभ दिखाते हुए कहा था कि एक निरक्षर सरपंच उन पर निगरानी कैसे कर सकता है? इस परिप्रेक्ष्य में गौरतलब है कि शिक्षक रोजाना विद्यालय आता है अथवा नहीं? आता भी है तो वह मटरगश्ती करता है या कुछ पढ़ाता भी है? इसकी तस्दीक करने का संबंध निगरानीकर्ता के पढ़े-लिखे होने से कतई नहीं है। आज सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई से बड़ा सवाल शिक्षक का विद्यालय में उपस्थित नहीं होना है। अब भला शिक्षक की उपस्थिति की तस्दीक करने में निरक्षरता कहां बाधा बनती है? यहां यह भी गौरतलब है कि एक अनपढ़ व्यक्ति का व्यावहारिक ज्ञान, पढ़े-लिखे से भी कहीं ज्यादा हो सकता है।

कलेक्टर हो या कोई अन्य लोकसेवक उसकी गुणवत्ता का मापदंड, उसकी दक्षता, ईमानदारी, कार्यक्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता से होती है। नीतियों व कार्यों पर यदि ठीक से अमल नहीं होता है तो गुणवत्ता ध्वस्त हो जाती है। प्रत्येक राज्य सरकार अनेक श्रेष्ठ नीतियां गरीब, वंचित और किसानों के हित में बनाती हैं, लेकिन प्रशासनिक अकुशलता और भ्रष्टाचार के चलते परिणाम के स्तर पर अमल दोषपूर्ण रहता है। प्रजातंत्र में न्याय को संरक्षित करने का दारोमदार लोकसेवकों पर है। बहरहाल, दोनों का यह आचरण नागरिक सेवा के विपरीत है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



दिवंगत आत्माओं से आशीर्वाद लेने का पर्व
------
पूर्वजों के धरती पर आने की मान्यता

# श्राद्ध से जीवित रहती श्रद्धा
# पितरों को प्रकट करें कृतज्ञता

श्राद्ध तर्पण अति पवित्र शुभ प्राचीन परंपरा है। इसमें देह त्याग के बाद भी जीवात्मा के विकास एवं परस्पर भावपूर्ण आदान-प्रदान की व्यवस्था है। वर्ष में पितृ पक्ष के 15 दिन इसी के कार्य के लिए नियत किए गए हैं। श्राद्ध शब्द का अर्थ श्रद्धापूर्ण व्यवहार से है, जबकि तर्पण का अर्थ तृप्त करना है। इस तरह श्राद्ध तर्पण का मतलब दिवंगत पितरों को तृप्त करने की श्रद्धा या समर्पण है। सबसे पहले पितृ पक्ष यानि श्राद्ध का उल्लेख महाभारत काल में मिलता है, जहां भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महर्षि निमी को श्राद्ध का उपदेश देने वाले प्रथम व्यक्ति महा तपस्वी अत्री थे। उस उपदेश को सुनने के बाद महर्षि निमि ने श्राद्ध करना शुरू किया। उन्हें देखकर अन्य ऋषियों ने भी श्राद्ध शुरू कर दिया। लगातार श्राद्ध का भोजन प्राप्त करने से उनके सभी पूर्वज संतुष्ट रहने लगे।

## भोजन पहले अग्निदेव फिर पूर्वजों को अर्पित करें

- ऋग्वेद के अनुसार, अग्नि मृतकों को पितृलोक तक पहुंचाने में सहायक होती है। श्राद्ध के दौरान अग्नि से प्रार्थना की जाती है कि वह वंशजों के दान और भोजन को पितृगणों तक पहुंचाकर मृतात्मा को भटकने से रक्षा करें। ऐतरेय ब्राह्मण में अग्नि का उल्लेख उस रज्जु के रूप में है जिसकी सहायता से मनुष्य स्वर्ग तक पहुंचता है। वहीं, पुराणों के अनुसार, पितृ पक्ष या श्राद्ध से मिल रहे भोजन से जब देवताओं और पूर्वजों को अपच हो गई, तो वह ब्रह्माजी के पास गए।
- ब्रह्माजी ने कहा कि अग्निदेव ही उनका कल्याण करेंगे क्योंकि अग्नि तत्व भोजन के पचाने के लिए बेहद जरूरी है। जब वो अग्निदेव के पास गए, तो अग्निदेव ने देवताओं और पूर्वजों से कहा कि अब से हम सभी श्राद्ध में एक साथ भोजन करेंगे। मेरे साथ रहने से तुम्हारा अपच दूर हो जाएगा, तब से श्राद्ध का भोजन पहले अग्निदेव फिर पूर्वजों को दिया जाता है। श्राद्ध में अग्निदेव को देखकर दैत्य और राक्षस भी भोजन दूषित नहीं कर पाते, और कभी हो भी जाये, तो अग्नि सब कुछ शुद्ध कर देती है।



## इस दिन जरूर कराएं ब्राह्मण भोज

- धार्मिक शास्त्रों में श्राद्ध पूजा का सबसे अच्छा समय दोपहर को है। दोपहर के समय योग्य ब्राह्मणों की सहायता से मंत्रोच्चारण कर श्राद्ध पूजा करें। पूजा के बाद जल से तर्पण करें और भोजन में गाय, कुत्ते, कौवे आदि का भाग अलग करके पहले उन्हें खिलाएं। अगर संभव हो तो गंगा नदी के किनारे जाकर श्राद्ध कर्म करें। यह सर्वाधिक फलदायी होता है। ऐसा न कर पाएं तो घर पर भी विधिपूर्वक श्राद्ध कर सकते हैं। जिस दिन श्राद्ध करें, उस दिन ब्राह्मण भोज जरूर कराएं और उन्हें दान-दक्षिणा दें।

## शाहजहां ने पत्र लिखकर औरंगजेब को धिक्कारा था

- श्राद्ध तर्पण की परंपरा को याद करके मुगल बादशाह शाहजहां अपने अंतिम यातना भरे दिनों में रोया था। क्रूर पुत्र औरंगजेब ने उसे जेल में बंद कर रखा था। शाहजहां ने मार्मिक पत्र लिखा था कि 'बेटा, तू कितना निर्दयी और विचित्र मुसलमान है, जो अपने जीवित पिता को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा रहा है, जबकि हिंदुओं की तरफ देख, जो अपने मृत पिता को भी पानी देते हैं। इस पत्र का उल्लेख आकिल खां की किताब वाके आलमगीरी में मिलता है।

## श्राद्ध कब से कब तक

| | |
|---|---|
| पूर्णिमा | 7 सितम्बर, रविवार |
| प्रतिपदा | 8 सितम्बर, सोमवार |
| द्वितीया | 9 सितम्बर, मंगलवार |
| तृतीया | 10 सितम्बर, बुधवार |
| चतुर्थी | 10 सितम्बर, बुधवार |
| पंचमी | 11 सितम्बर, गुरुवार |
| षष्ठी | 12 सितम्बर, शुक्रवार |
| सप्तमी | 13 सितम्बर, शनिवार |
| अष्टमी | 14 सितम्बर, रविवार |
| नवमी | 15 सितम्बर, सोमवार |
| दशमी | 16 सितम्बर, मंगलवार |
| एकादशी | 17 सितंबर, बुधवार |
| द्वादशी | 18 सितम्बर, गुरुवार |
| त्रयोदशी | 19 सितम्बर, शुक्रवार |
| चतुर्दशी | 20 सितम्बर, शनिवार |
| सर्वपितृ अमावस्या | 21 सितम्बर, रविवार |

## पूर्वज की मृत्यु तिथि याद नहीं तो अमावस्या पर सर्वपितृ श्राद्ध

- ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के बाद जीवात्मा चंद्रलोक से आगे पितृ लोक में पहुंचती है। मृतात्मा को अपने नियत स्थान तक पहुंचने की शक्ति प्रदान करने के लिए मरणोपरांत पिंडदान और श्राद्ध की व्यवस्था की गई है। श्राद्ध कर्म मृत्यु तिथि के आधार पर किया जाता है। जिस दिन व्यक्ति की मृत्यु हुई थी, पितृ पक्ष के उसी दिन उसका श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी को अपने पूर्वज की मृत्यु तिथि याद नहीं है, तो वे अमावस्या के दिन सर्वपितृ श्राद्ध कर सकते हैं। यह तिथि उन सभी पितरों के लिए होती है जिनकी मृत्यु तिथि मालूम न हो।



लेखक
आचार्य पवन तिवारी
संस्थापक अध्यक्ष, ज्योतिष सेवा संस्थान

## बोध कथा



# महिमा राधा नाम की

एक कुष्ठ रोगी अपने कुष्ठ रोग के कारण अत्यधिक परेशान रहता था। किसी ने उसे ब्रज भूमि जाने की सलाह दी, इस पर वह वृंदावन आ गया। यहां वह सड़क के किनारे बैठा रहता था, और हर आने जाने वाले व्यक्ति से अपना कुष्ठ रोग ठीक होने का उपचार पूछता रहता था। उसकी हालत देखने के बाद कोई कुछ दवाई बता कर चला जाता तो कोई कुछ उपचार बता देता। लेकिन धीरे-धीरे समय बीतता जा रहा था, और किसी के भी उपाय या उपचार से न तो उसका कुष्ठ रोग कम हुआ, न ही उसकी पीड़ा कम हुई। कुछ दिनों के पश्चात एक सरल हृदय बाबा उस मार्ग से गुजरे। कुष्ठ रोगी ने उनसे भी अपने इलाज की गुहार लगाई। बाबा उसकी दशा देखकर द्रवित हो गए। हाल-चाल पूछा और कहा कि तुम सारा दिन यहां बैठे-बैठे आने-जाने वाले लोगों से उपचार पूछते रहते हो। वृंदावन में आकर भी राधा रानी का नाम नहीं लेते हो। कल से अपने मुख से हर समय 'श्री राधे-श्री राधे' का उच्चारण किया करो। वही तुम्हारा कल्याण करेंगी। कुष्ठ रोगी ने बाबा की सलाह मानकर उसी समय से 'श्री राधे-श्री राधे' जपना शुरू कर दिया। अब वह आने-जाने वाले लोगों से भी श्री राधे-श्री राधे कहने लगा। यहां तक कि उसके घावों में जब बहुत पीड़ा होती थी, तब भी वह कराहने के बजाय करुण स्वर में 'श्री राधे-श्री राधे' ही कहता रहता। श्रीकृष्ण ने बृज की गलियों से गुजरते हुए कुष्ठ रोगी की करुण वेदनामयी आवाज में 'श्री राधे-श्री राधे' की पुकार सुनी, तो तुरंत दौड़े-दौड़े उसके पास पहुंचे। कुष्ठ रोगी के पास आकर श्रीकृष्ण को ऐसा प्रतीत हुआ मानो वहां कोई कुष्ठ रोगी न होकर साक्षात राधा रानी बैठी हैं। श्रीकृष्ण ने तुरन्त उस कुष्ठ रोगी को गले से लगा लिया और स्वयं भी भावविह्वल होकर राधे-राधे कहने लगे। तभी पीछे से राधा रानी बोलीं-'प्रभु मैं तो इधर खड़ी हूं उधर नहीं।' किन्तु भगवान को तो कुष्ठ रोगी में ही राधारानी दिख रहीं थीं। उन्होंने उसे ही मजबूती से पकड़े रखा और राधे-राधे कहते रहे। कुछ क्षणों के पश्चात जब श्रीकृष्ण ने आंखें खोली तो देखा कि राधा रानी तो वास्तव में उनके पीछे ही खड़ी थीं, किन्तु इतने ही क्षणों में भगवान की कृपा और स्पर्श मिलने से वह कुष्ठ रोगी पूरी तरह भला-चंगा और पूर्णतः स्वस्थ हो चुका था। यह कथा हमें सीख देती है कि जब पूर्ण श्रद्धा से कोई कार्य करते हैं तो सफलता जरूर मिलती है, भले ही वह किसी भी भगवान का नाम जप ही क्यों न हो। जब हम अपने इष्टदेव को पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पुकारते हैं, तो वह हमारे दुख और कष्ट दूर करने जरूर आते हैं।

लेखक: राजपुरुष

# !! धर्म का मर्म !!

मनुष्य को क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए शास्त्र ही प्रमाण हैं, क्योंकि वेद और शास्त्र स्मृतियां भगवान की आज्ञा हैं। सृष्टि संचालन के लिए ईश्वर को विधान बनाना पड़ता है, उसी शासन विधान का नाम शास्त्र है। विश्व संचालन की विद्या इन धर्म शास्त्रों में समाहित है।।।धर्मो विश्वास्य जगतः प्रतिष्ठा।। इस प्रकार धर्म और इसके शास्त्र शाश्वत हैं, सनातन हैं। यही सनातन धर्म संपूर्ण जगत का जीवन है। सूर्य में प्रकाश,अग्नि में दाहक शक्ति, चंद्रमा में शैतल्य,अमृत में अमृत्व,पृथ्वी में क्षमा, मानव में मानवता समेत विभिन्न धर्मों के रूप में यही एक सनातन धर्म अवस्थित है। यही सनातन धर्म सार्वभौम विश्व धर्म या आत्मधर्म है, जो आत्म कल्याणकारी होने के साथ साथ सर्वभूत हितमय है। विचारणीय बात यह है कि जीव पशु-पक्षी कीट-पतंगे तथा तिर्यक आदि 84 लाख योनि में भटकता हुआ भगवत्कृपा से मानव शरीर प्राप्त करता है। इस योनि में उसे कर्म करने का सामर्थ्य प्राप्त होता है, पर इस सामर्थ्य का वह कितना प्रयोग करता है, यह उस पर निर्भर है।



मानव जीवन स्वेच्छाचारिता पूर्वक भोग विलास में जीवन बिता दिया और शास्त्र रूपी भगवदाज्ञा के अनुसार जीवन चर्या नहीं चलाई तो पुनः समस्त तिर्यक योनि में दुख रूपी जीवन व्यतीत करना पड़ेगा। मनुष्य आज पशुओं से भी निकृष्ट जीवन यापन कर रहा है। पशुओं को अपने धर्म का आहार आदि का बोध है, पर मनुष्य को नहीं । आप और कुछ बने न बनें, किंतु आप मानव बन गए तो आप धर्म शास्त्र पथ से भ्रष्ट नहीं होंगे। वास्तव में धर्म वह है जिसके परिणाम में अपना और दूसरों का हित होता है। अधर्म वह जिसमें अपना और दूसरों का अहित होता है।

**परहित सरिस धर्म नहि भाई। पर पीड़ा सम नहि अघमाई।।**

सत्य, सदाचार और परहित धर्म का मूल है। माता-पिता, पुत्र और पत्नी के धर्म अलग अलग है, पर सभी एक दूसरे का हित और परस्पर सुख पहुंचाने वाले ही होंगे।

**।।निःस्वार्थता ही धर्म की कसौटी है।।**

जो जितना निस्वार्थी है वो उतना ही आध्यात्मिक और धार्मिक है। आज संसार में अनैतिक आचार व्यवहार स्वार्थ की पराकाष्ठा है। धार्मिक संस्कार लुप्तप्राय हो रहे है। जिसमें सर्वत्र ही काम क्रोध लोभ मोह मद गर्व अभिमान, द्वेष, ईर्ष्या, हिंसा परोत्कर्ष पीड़ा दलबंदिया अधर्म युद्ध आदि सभी अधर्म के विभिन्न स्वरूपों का तांडव नृत्य हो रहा है। तो पता नहीं पतन कितना गहरा होगा। अतः मनुष्य धर्म शास्त्रों का आलंबन लेकर पाप पुण्य नीति अनीति की पहचान की सामर्थ्य प्राप्त कर सके तथा देव पितृ गुरु आदि के प्रति अपना कर्तव्य समझ सके यही धर्म का वास्तविक मर्म है।



लेखक
चन्द्रेश जी महाराज
(चंद्रदास)

## सप्ताह के व्रत और पर्व

- **3 सितंबर :** बुधवार – पार्श्व एकादशी
- **4 सितंबर :** गुरुवार – वामन जयंती, शुक्र प्रदोष व्रत





- 5 सितम्बर, शुक्रवार – गणेश विसर्जन, अनंत चतुर्दशी पर्व
- 6 सितम्बर, शनिवार – भाद्रपद पूर्णिमा व्रत, चंद्र ग्रहण
- **7 सिंतबर, रविवार– प्रतिपदा श्राद्ध**
- **7 सितम्बर 2025** – रविवार – पितृ पक्ष आरंभ, प्रातिपदा श्राद्ध

## अनंत सूत्र की 14 गांठें, 14 लोकों की प्रतीक



- अनंत चतुर्दशी पर्व भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है। इस दिन उनके अनंत रूपों की पूजा की जाती है। पूजा में चौदह गांठों वाला खास धागा, जिसे अनंत सूत्र कहते हैं, प्रयोग किया जाता है। ये धागा भगवान विष्णु के चौदह लोकों भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपोलोक, ब्रह्मलोक, अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल और पाताल लोक का प्रतीक है। अनंत सूत्र को पुरुष दाएं और महिलाएं बाएं हाथ पर बांधती हैं। मान्यता है कि इस रक्षा सूत्र को बांधने से सभी प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

# जनकपुर के बिना अधूरी है अयोध्या

अयोध्या जितना ही धार्मिक महत्व नेपाल के जनकपुर धाम का भी है। पूर्वी नेपाल में बिहार बार्डर के समीप स्थित जनकपुर माता सीता का मायका है। इसे बिहार का मिथिलांचल भी कहते हैं। मिथिलांचल के लोग स्वयं को भगवान राम के ससुराल से जुड़ा महसूस करते हैं। यहां के लोगों का मानना है कि बिना जनकपुर के अयोध्या अधूरी है। जनकपुर धाम में हर रोज भजन-कीर्तन होने से पूरा इलाका भक्तिमय बना रहता है। पूरे कस्बे में हर घर पर राम पताका फहराती है। सड़क के किनारे हर हिंदू के घर का मुख्य हिस्सा भगवा रंग में रंगा है।

जनकपुर भगवान राम का ससुराल है। भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन मिथिला संस्कृति के अनुसार जनकपुर से माता सीता के ससुराल अयोध्या दो ट्रकों में भरकर सौगात भेजी गई थी। मान्यता है कि जब बेटी अपने ससुराल के नए घर में प्रवेश करती है, तो उसके मायके से कुछ सगुन भेजे जाते हैं।



### राजा जनक के नाम पर हुआ नामकरण

अंग्रेजों के शासन के वक्त एक समझौते में नेपाल को मेची नदी के पूर्व और महाकाली नदी के पश्चिम के बीच का तराई क्षेत्र दिया गया था। इस तरह मिथिला का एक बड़ा भूभाग नेपाल में शामिल कर दिया गया, जनकपुर भी इसी क्षेत्र का हिस्सा था। राजा जनक के नाम पर इस शहर का नाम जनकपुर रखा गया था। राजा जनक की पुत्री सीता जिन्हें जानकी भी कहते हैं, उनके नाम पर इस मंदिर का नामकरण हुआ था। मंदिर में मां सीता की मूर्ति सन 1657 के आसपास की बताई जाती है।

## कभी भारत का हिस्सा था जनकपुर

- जनकपुर धाम प्राचीन काल में विदेह राज्य की राजधानी थी। जनकपुर मंदिर साल 1911 में बनकर तैयार हुआ था। 4860 वर्ग फीट में फैले इस मंदिर का निर्माण टीकमगढ़ की महारानी कुमारी वृषभानु ने करवाया था। उनके कोई संतान नहीं था। यहां पूजा के दौरान उन्होंने मन्नत मांगी थी कि अगर उन्हें संतान होती है, तो यहां मंदिर बनवाएंगी। संतान की प्राप्ति के बाद महारानी वहां लौटीं और साल 1895 में मंदिर का निर्माण शुरू हुआ जो 16 साल में पूरा हुआ। उस समय मंदिर के निर्माण पर नौ लाख रुपये खर्च हुए थे, इसलिए इस मंदिर को नौलखा मंदिर भी कहते हैं। 1967 से इस मंदिर में 12 महीने अखंड कीर्तन चलता रहता है। 24 घंटे सीता-राम नाम का जाप लोग करते हैं।

## अयोध्या से जनकपुर तक रामायण सर्किट

- अयोध्या और जनकपुर को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण सर्किट का शुभारंभ किया है। जनकपुर धाम तक भारत से ट्रेन भी चलाई गई है। इसके लिए भारत से नेपाल का रेल समझौता हुआ है। कोंकण रेलवे कारपोरेशन, महाराष्ट्र ने 84 करोड़ 65 लाख रुपये कीमत की चार बोगी और इंजन समेत दो डीएमयू सवारी गाड़ी नेपाल को उपलब्ध कराई हैं।



लेखक
यशोदा श्रीवास्तव

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,364.49 | 24,625.05 |
| बढ़त | 554.84 | 198.20 |
| प्रतिशत में | 0.70 | 0.81 |

सोना- 1,05,670 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,26,000 प्रति किलो

अमृत विचार

मुरादाबाद, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### गेमिंग अधिनियम जल्द होगा अधिसूचित: सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। संसद द्वारा 21 अगस्त को पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स तथा अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देते हुए सभी प्रकार के ऑनलाइन 'रियल मनी' गेम पर प्रतिबंध लगाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के कार्यक्रम से इतर कहा, यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद यह अधिनियम लागू हो जाएगा।

### वेदांता ने कर्मचारी शेयर विकल्प दिए

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने 2024-25 में 450 करोड़ के कर्मचारी शेयर विकल्प दिए। कर्मचारी शेयर विकल्प योजना (ईएसओएस) कर्मचारी लाभ योजना है जो उन्हें कंपनी के शेयर भारी छूट (एक रुपये) पर खरीदने का अधिकार देती है। इससे संगठनात्मक विकास में उनकी भूमिका को पुरस्कृत किया जाता है। इसे प्रदर्शन प्रोत्साहन माना जाता है और यह धन सृजन में सहायक होता है। वेदांता लिमिटेड, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी है।

### टाटा मोटर्स की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की पिछले महीने थोक बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 73,178 इकाई रही, जबकि बीते वर्ष अगस्त में यह 71,693 इकाई थी। टाटा मोटर्स ने कहा कि अगस्त में कुल घरेलू बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 68,482 इकाई रही, जबकि पिछले साल अगस्त में यह 70,006 इकाई थी। घरेलू बाजार में कंपनी के कुल यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने सात प्रतिशत घटकर 41,001 इकाई रही, जो अगस्त 2024 में 44,142 इकाई थी। आलोच्य महीने में घरेलू वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 27,481 इकाई रही, जो पिछले साल अगस्त में 25,864 इकाई थी।


# तीन दिन बाद सेंसेक्स 555 अंक उछला

## आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से घरेलू बाजार उत्साहित, आईटी-वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई, एजेंसी**

आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए सोमवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स ने 555 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी में 198 अंक की बढ़त रही। विश्लेषकों ने कहा कि अनुकूल निवेशक धारणा के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी से बाजार को तेजी मिली।

बीएसई का सेंसेक्स 554.84 अंक की बढ़त के साथ 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 597.19 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी 198.20 अंक की बढ़त के साथ 24,625.05 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार पिछले तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स में 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोमवार को सेंसेक्स में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। इनमें से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इटर्नल, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि सन फार्मा, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।



- सेंसेक्स में शामिल 30 में से 23 कंपनियां बढ़त के साथ हुईं बंद

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 7.8% की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में सर्वाधिक है। हालांकि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर 50% कर देने से कपड़ा, चमड़ा एवं रत्न-आभूषण जैसे प्रमुख निर्यातों पर खतरा मंडरा रहा है।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारत की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.8 प्रतिशत रही है, जिसने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था के जुझारूपन में निवेशकों के भरोसे को मजबूती दी है। नायर ने कहा कि जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में कर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाए जाने की उम्मीदें निवेशक धारणा को मजबूत कर रही है और सोच-समझकर खपत करने को बढ़ावा दे रही हैं। यह आशावाद खासकर वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचा रहा है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार ने कारोबारी सप्ताह की सकारात्मक शुरुआत की जिसमें जून तिमाही के बेहतर जीडीपी आंकड़ों की अहम भूमिका रही। सत्र के दूसरे हिस्से में चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुआ।

### मिड और स्मॉलकैप बढ़त के साथ हुए बंद

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.64 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.49 प्रतिशत की तेजी रही। वाहन खंड में सर्वाधिक 2.68 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.07 प्रतिशत, विवेकाधीन उपभोक्ता खंड में दो प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,796 शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,391 शेयरों में गिरावट रही और 193 अन्य अपरिवर्तित रहे।

### विदेशी बाजार में दिखा मिलाजुला असर

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार अधिकतर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत बढ़कर 68.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 8,312.66 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 11,487.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। शुक्रवार को सेंसेक्स 270.92 अंक गिरकर 79,809.65 अंक और निफ्टी 74.05 अंक की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ था।

# घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आगामी त्योहारों के कारण राजस्व में वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अगस्त 2024 में 1.75 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था। इस साल अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 20 प्रतिशत घटकर 19,359 करोड़ रुपये रह गया। शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त 2025 में 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि है। ये आंकड़े केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद की बैठक से ठीक दो दिन पहले जारी किए गए।

इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने और कर स्लैब की संख्या कम करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ईवाई के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि निर्यात रिफंड में उल्लेखनीय गिरावट से वैश्विक शुल्क के कारण निर्यात क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। अग्रवाल ने कहा कि प्रतिकूल वैश्विक हालात और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, मजबूत घरेलू खपत अब तक स्थिर बनी हुई है। डेलॉइट इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा कि संग्रह में वृद्धि साझा किए जीडीपी आंकड़ों के अनुरूप है और नीति निर्माताओं को इससे जीएसटी सुधारों को आगे बढ़ाने का भरोसा मिलेगा।



- 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हुआ राजस्व एकत्र

### आयात पर आईजीएसटी में कमी हैरान करने वाली

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जुलाई 2025 में वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि (अगस्त 2025 के आंकड़े के अनुसार) को देखते हुए आयात पर आईजीएसटी में कमी हैरान करने वाली है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा कि जीएसटी में 10.7% की वृद्धि घरेलू और आयात दोनों में जीएसटी रिफंड में 20% की गिरावट के कारण हुई है।

# नियमों की अनदेखी पर कोल इंडिया पर लगा करीब 11 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने पर बीएसई-एनएसई ने की कार्रवाई

कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने सोमवार को कहा कि बीएसई और एनएसई ने उस पर 10.72 लाख का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के चलते लगाया गया।

बीएसई और एनएसई, दोनों ने कोयला क्षेत्र की इस कंपनी पर अलग-अलग 5.36-5.36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीआईएल ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी को 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में सेबी के प्रावधानों का पालन न करने के संबंध में एनएसई-बीएसई से नोटिस मिला है। इस तरह के गैर-अनुपालन के लिए प्रत्येक ने 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया है। कोल इंडिया घरेलू कोयला उत्पादन में 80% से अधिक का योगदान देती है। कंपनी ने कहा कि यह गैर-अनुपालन उसकी किसी लापरवाही या चूक से नहीं था और अनुपालन जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयास भी किए गए थे। निदेशक मंडल के सभी सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इसलिए बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति सीआईएल के प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# कम मुद्रास्फीति, निर्यात बढ़ने से 7.8% की जीडीपी वृद्धि : नोमुरा

**मुंबई।** जापानी ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने कहा कि जून तिमाही में 7.8% की उच्च आर्थिक वृद्धि से नीतिगत स्तर पर आत्मसंतुष्टि नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह महंगाई में नरमी और ट्रंप प्रशासन के शुल्क युद्ध के बाद निर्यात बढ़ने से हुई है।

कंपनी ने कहा कि निर्यातकों का समर्थन करने और घरेलू मांग को बढ़ावा देने को नीतिगत कदम जरूरी है। इसके तहत 2025 के अंत तक रेपो दर में आधा प्रतिशत की कटौती करके इसे 5% करना, निर्यात में विविधता लाना, प्रभावित निर्यातकों को राजकोषीय और ऋण सहायता देना और सुधार प्रोत्साहन शामिल हैं। आर्थिक चक्र को लेकर हमारा नजरिया बदला नहीं है, लेकिन 2025-26 की पहली तिमाही की उच्च जीडीपी वृद्धि को देखते हुए, हम सांख्यिकीय रूप से वित्त वर्ष 2025-26 के अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6% से संशोधित कर 6.6%कर रहे हैं।

# यूपीआई लेनदेन की संख्या 20 अरब के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन की संख्या अगस्त महीने में 20 अरब को पार कर गई। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी।

इस दौरान मूल्य के लिहाज से 24.85 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। यह आंकड़ा जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। मूल्य के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मात्रा के लिहाज से जुलाई में सबसे अधिक 19.47 अरब लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई के अनुसार यूपीआई लेनदेन की राशि 21 प्रतिशत बढ़कर 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 20.60 लाख करोड़ रुपये था। एनपीसीआई ने बताया कि मात्रा के लिहाज से लेनदेन अगस्त 2024 के 14.9 अरब से 34 प्रतिशत बढ़कर अगस्त 2025 में 20.01 अरब हो गया। इस साल अगस्त के दौरान औसत दैनिक लेनदेन राशि 80,177 करोड़ थी, जबकि इस दौरान औसत दैनिक लेनदेन की संख्या 64.5 करोड़ थी।




- जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये का यूपीआई से हुआ लेनदेन

### भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था मजबूत

स्पाइस मनी के सीईओ दिलीप मोदी ने कहा कि अगस्त 2025 में 20.01 अरब यूपीआई लेनदेन का आंकड़ा पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की गहराई और मजबूती का पता चलता है।

## राष्ट्रीय

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनाए अहम फैसले

# 20% इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ याचिका रद्द



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका को रद्द कर दिया, जिसमें 20% इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की बिक्री को चुनौती दी गई थी। याचिका में आरोप था कि वाहन चालक ऐसे ईंधन का उपयोग करने को मजबूर हैं, जिसे उनके वाहनों के लिए डिजाइन नहीं किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा याचिका में उठाए तर्कों से सहमत नहीं हुई। याचिका में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों या पेट्रोल पंप पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि ई20 ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है। याचिकाकर्ता मल्होत्रा के तो नाम का इस्तेमाल हो रहा है। इसके पीछे एक लॉबी है। सरकार ने प्रत्येक चीज पर विचार किया है। इसके बाद पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि पेट्रोल पंपों पर अब केवल ईबीपी-20 ही उपलब्ध होता प्रतीत हो रहा है, वह भी बिना किसी सूचना के। ईबीपी-20 इसके अनुरूप निर्मित वाहनों के लिए समस्या नहीं है। लेकिन वाहनों का निर्माण इसके अनुरूप नहीं हुआ है। याचिका में अधिकारियों को पेट्रोल पंपों और वितरण इकाइयों पर इथेनॉल की मात्रा का लेबल अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी, ताकि यह उपभोक्ताओं को दिखाई दे और यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि ईंधन वितरण के समय उपभोक्ताओं को अपने वाहनों की इथेनॉल अनुकूलता के बारे में सूचित किया जाए। अधिकारियों को 'गैर-अनुपालन वाले वाहनों में 20% उपयोग की सीमा तक इथेनॉल मिश्रित ईंधन से यांत्रिक क्षरण व दक्षता हानि पर एक राष्ट्रव्यापी प्रभाव अध्ययन' करने का निर्देश दिया गया था।

### ट्रांसजेंडर-समावेशी स्कूली पाठ्यपुस्तक संबंधी याचिका पर केंद्र को सुप्रीम नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, एनसीईआरटी और महाराष्ट्र समेत छह राज्यों से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें स्कूली पाठ्यक्रम में ट्रांसजेंडर-समावेशी व्यापक यौन शिक्षा (सीएसई) को शामिल करने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की दलीलों पर गौर किया और प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर आठ हफ्तों में जवाब मांगा। केंद्र और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अलावा, याचिकाकर्ता काव्या मुखर्जी साहा ने याचिका में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, तमिलनाडु और कर्नाटक को पक्षकार बनाया।

### नए यात्री जेटी के निर्माण के खिलाफ याचिका रद्द

दक्षिण मुंबई में ऐतिहासिक 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर नए यात्री जेटी और टर्मिनल का निर्माण जारी रहेगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस परियोजना को मंजूरी देने वाले मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका सोमवार को रद्द कर दी। हाईकोर्ट ने 15 जुलाई को गेटवे ऑफ इंडिया के पास महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) द्वारा प्रस्तावित 229 करोड़ की लागत वाली यात्री जेटी और टर्मिनल सुविधा के निर्माण को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं को खारिज कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लॉरा डी सूजा द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए कहा कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है।

### 'सनातन धर्म' टिप्पणी: 2026 में उदयनिधि स्टालिन की याचिका पर होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन की उस याचिका पर 2026 में सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने 2023 में सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी अपने बयान पर दर्ज सभी प्राथमिकियों और शिकायतों को एक साथ संलग्न करने एवं मामलों को एक स्थान पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। स्टालिन की याचिका पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई की। याचिकाकर्ता (स्टालिन) के अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि स्टालिन के खिलाफ कई प्राथमिकी और शिकायतें दर्ज हैं। इस न्यायालय ने पहले भी कई मामलों में दो काम किए हैं।

# जम्मू में बाढ़ क्षेत्र पहुंचे शाह, पीड़ितों को राहत का दिया आश्वासन

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित जम्मू का दौरा किया और कुछ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि शाह के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा भी थे और उन्हें जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। शाह बाढ़ और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे। राजभवन में आगंतुकों से मिलने के बाद वह स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए जम्मू हवाई अड्डे के पास स्थित एवं बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांवों में से एक मांगूचक के लिए रवाना हुए।

# वोट चोरी के एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम आने वाला है : राहुल

**पटना, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम आने वाला है।

उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के समापन पर यह दावा किया कि वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जनता को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। राहुल ने कहा कि वोट चोरी का मतलब अधिकार, आरक्षण, रोज़गार, शिक्षा और युवाओं के भविष्य की चोरी है। गांधी ने दावा किया कि वोट चोरी के बाद लोगों के राशन कार्ड और जमीन छीन ली जाएगी। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता ने यह दावा फिर किया कि पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव चोरी किया गया था। भाजपा के लोगों, तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है। आपकी वोट की चोरी पूरे देश को पता लगने जा रही है। इससे पहले राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने गांधी मैदान से डाक बंगला चौराहे तक मार्च निकाला।



पटना में वोट अधिकार यात्रा को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

### पुलिस ने रोका मार्च

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने सोमवार को मार्च निकाला, जिसे पुलिस ने बीच रास्ते में ही डाक बंगला चौराहे के निकट रोक लिया। गांधी मैदान से शुरू मार्च को आंबेडकर पार्क तक जाना था।

### भाजपा नीतीश को वहां फेंकेगी जहां कचरा फेंकते हैं : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भाजपा और आरएसएस की झोली में गिरने तथा विचारधारा से समझौता करने का आरोप लगाया और दावा किया कि भाजपा-आरएसएस उन्हें वहीं फेंक देंगे जहां कचरा फेंका जाता है। उन्होंने दावा किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के बाद डबल इंजन सरकार नहीं होगी और महागठबंधन की सरकार बनेगी जो गरीबों, महिलाओं, दलितों और पिछड़ों की सरकार होगी।

**बिहार एसआईआर मामला**

# दावे, आपत्तियां 1 सितंबर के बाद भी होंगी दाखिल : ईसी

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार एक सितंबर के बाद भी दाखिल हो सकेंगे लेकिन सूची को अंतिम रूप देने के बाद उन पर विचार होगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं जे. बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग (ईसी) की इस दलील पर गौर किया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक दावे और आपत्तियां दाखिल हो सकेंगे। शीर्ष अदालत ने एसआईआर पर भ्रम की स्थिति को विश्वास का मुद्दा करार देते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह 1 अगस्त की सूची पर मतदाताओं की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे।

# सेना ने हटाया टीएमसी का प्रदर्शन मंच

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय सेना ने सोमवार को गांधी प्रतिमा के पास टीएमसी के मंच को हटाना शुरू कर दिया। यह मंच अन्य राज्यों में पश्चिम बंगाल के बांग्लाभाषी प्रवासी श्रमिकों पर कथित अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन के लिए बनाया गया था।

रक्षा अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना (स्थानीय सैन्य प्राधिकार, कोलकाता) उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार मैदान क्षेत्र में दो दिनों की अवधि के लिए कार्यक्रमों की अनुमति देती है। तीन दिन से अधिक के कार्यक्रमों के लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति लेनी होती है। दो दिन की अनुमति दी गई थी। हालांकि, मंच एक महीने से लगा हुआ है। अस्थायी ढांचे को लेकर आयोजकों को कई बार सूचित किया गया, लेकिन इसे नहीं हटाया गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया और सेना द्वारा मंच को हटाया जा रहा है। मैदान थाने के अधिकारी के अनुसार सेना ने कहा कि हर सप्ताह के अंत में होने वाले प्रदर्शनों के बाद मंच को हटाना पड़ता है।



टीएमसी का प्रदर्शन मंच हटाते सेना के जवान। एजेंसी

### केंद्र ने किया सेना का दुरुपयोग : ममता

प. बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषी प्रवासी श्रमिकों पर अत्याचार के विरोध में बनाए मंच को हटाने के लिए सेना के दुरुपयोग का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची ममता बनर्जी ने कहा, मैं सेना को दोष नहीं देती, इसके पीछे भाजपा का प्रतिशोध है। यह अनैतिक और अलोकतांत्रिक है। सेना को मंच हटाने से पहले कोलकाता पुलिस से परामर्श करना चाहिए था। वे मुझे बुला सकते थे और मैं कुछ ही मिनटों में मंच हटवा देती।

# जरांगे का आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं, सड़कें खाली कराएं

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन से पूरा शहर ठहर गया है और यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है तथा इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है।

हाईकोर्ट ने मुंबई में सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया और जरांगे तथा उनके समर्थकों को हालात सुधारने तथा मंगलवार दोपहर तक सभी सड़कें खाली करने का अवसर दिया। जरांगे 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत 10% आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। जरांगे ने सोमवार से पानी पीना भी बंद कर दिया है।



### लोगों ने किया यातायात बाधित

मराठा आरक्षण को लेकर मुंबई के आजाद मैदान में चार दिन से अनशन पर बैठे मनोज जरांगे ने सोमवार से पानी पीना बंद कर दिया और डॉक्टरों ने उनके सेहत की जांच की। मराठा समुदाय के सदस्य आरक्षण की मांग को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और दक्षिण मुंबई के अन्य हिस्सों में जमा हो गए, जिससे यातायात बाधित हुआ और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तान: हेलिकॉप्टर गिरा, पांच लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलट सहित चालक दल के कम से कम पांच सदस्यों की मौत हो गई। गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने एक बयान बताया कि हेलिकॉप्टर डायमर जिले के चिलास क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा, हमारा एक हेलीकॉप्टर चिलास के थोर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि चालक दल में दो पायलट और तीन तकनीकी कर्मचारी शामिल थे।

### मिसाइल कारखाने को देखने पहुंचे किम जोंग

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, जो मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है।

### इजराइल ने हमास से समझौता किया खारिज


**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को एक बार फिर बंधकों की चरणबद्ध रिहाई से इन्कार कर दिया और कहा कि आंशिक युद्धविराम और बंधक-रिहाई समझौता मेज पर नहीं है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू ने हमास के साथ संघर्ष विराम पर अपने रुख को दोहराया। उनका यह यह बयान युद्ध कैबिनेट के छह घंटे लंबे सत्र के बाद आया। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री ने समझौते के लिए किसी भी आंशिक रूपरेखा को स्वीकार करने के खिलाफ आधिकारिक वोट के लिए दबाव डाला।

### हेलिकॉप्टर से संपर्क टूटा, आठ लोग लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उष्णकटिबंधीय द्वीप बोर्नियो पर एक हेलीकॉप्टर का उड़ान भरने के आठ मिनट बाद संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ व्यक्ति सवार थे। 'ईस्टइंडो एयर' के स्वामित्व वाला 'एयरबस बीके117 डी-3' हेलीकॉप्टर इंडोनेशिया के दक्षिण कालीमंटन प्रांत के कोटाबारू जिले में एक हवाई अड्डे से सोमवार सुबह 8:46 बजे मध्य पलंगकारया शहर के लिए रवाना हुआ था। हेलीकॉप्टर को सुबह 10:15 बजे पलंगकारया पहुंचना था और हवाई यातायात नियंत्रण से इसका अंतिम संपर्क सुबह 8:54 बजे हुआ था।

# शक: रूस ने ईयू अध्यक्ष ले जा रहे विमान का जीपीएस कर दिया जाम

**ब्रसेल्स, एजेंसी**



● पुतिन की कट्टर आलोचक हैं उर्सुला वॉन डेर लेयन

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को ले जा रहे विमान का जीपीएस बुल्गारिया के ऊपर जाम हो गया। संदेह है कि रूसी अभियान में यह जीपीएस जाम हुआ। यूरोपीय आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने बताया कि विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।

उन्होंने कहा कि वॉन डेर लेयेन रूस और बेलारूस की सीमा से लगे यूरोपीय संघ के देशों की अपनी यात्रा जारी रखेंगी। पोडेस्टा ने कहा, हम निश्चित रूप से पुष्टि कर सकते हैं कि जीपीएस जाम हो गया था। हमें बुल्गारिया के अधिकारियों से जानकारी मिली। अधिकारियों ने संदेह जताया कि रूस की कार्रवाई के कारण ऐसा हुआ।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन में युद्ध की कटु आलोचक वॉन डेर लेयेन, रूस और उसके सहयोगी बेलारूस की सीमा से लगे यूरोपीय संघ के देशों के चार दिवसीय दौरे पर हैं। पोडेस्टा ने कहा, यह घटना वास्तव में उस मिशन की तात्कालिकता को रेखांकित करती है, जिसे राष्ट्रपति अग्रिम पंक्ति के सदस्य देशों में अंजाम दे रहे हैं।

## एशिया में बदलते आर्थिक समीकरणों का नया अध्याय

इससे पहले अमेरिका के एशिया के साथ व्यापारिक संबंध काफी हद तक मुक्त और वैश्विक नियमों पर आधारित थे लेकिन अब आपूर्ति शृंखलाएं बदल गई हैं। वैश्विक आर्थिक समीकरण प्रभावित होने के बाद अमेरिका के सामने उत्पाद लागत बढ़ने, घरेलू उद्योगों पर दबाव आने और विदेशी निवेश में कमी जैसे जोखिम पैदा हुए हैं। इस बदलाव से वियतनाम, मैक्सिको और अन्य देशों को फायदा हुआ है, जबकि चीन को नुकसान हुआ है। वैश्विक उथलपुथल के इसी दौर में भारत ने चीन के साथ नजदीकी बढ़ाई है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों देशों के हित टकराते हैं जिसकी वजह से यह सहयोग ज्यादा लंबा खिंचना मुश्किल है। भारत के लिए जोखिम भरा भी है। आर्थिक विकास और प्रौद्योगिकी के मामले में अमेरिका पर निर्भरता को लेकर भी भारत के सामने अभी कोई स्पष्ट विकल्प नहीं है।

# अमेरिका बनाम एशिया




### टैरिफ वार और वैश्विक असर

- अमेरिका का एशिया के साथ व्यापारिक संबंध डब्ल्यूटीओ के तहत एक खुली, पारदर्शी और गैर-भेदभावपूर्ण प्रणाली पर आधारित था।
- चीन 2001 के बाद यूएस का प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग सप्लायर बना। इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, फर्नीचर, टेक्सटाइल चीन सबसे आगे था।
- टैरिफ वार ने इन समीकरणों को बिगाड़ दिया, चीन से आयात में कमी आई है और अमेरिका से उसने व्यापार को कम कर दिया है।
- अमेरिकी उपभोक्ताओं पर लागत का दबाव पड़ने से कंपनियां

### अमेरिका के लिए चुनौतियां

- चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ने की आशंका थी लेकिन टैरिफ के बावजूद व्यापार घाटा लगभग अपरिवर्तित रहा है।
- आयातित कच्चे माल पर टैरिफ से अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ने का अंदेशा, इससे प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर।

### इन देशों की लॉटरी

अमेरिका के टैरिफ वार से वियतनाम, मैक्सिको समेत कई उभरते हुए कई देशों को लाभ मिला है क्योंकि कंपनियां

### लगातार बढ़ते जोखिम

- ट्रंप के टैरिफ वार ने दुनिया के तमाम देशों को अपनी अर्थव्यवस्था की सेहत ठीक रखने के लिए विकल्प खोजने को विवश होना पड़ा है।
- दुनिया में बढ़ता व्यापारिक तनाव देशों के बीच संबंधों में बदलाव ला रहा है, चीन-अमेरिका के पीछे ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा हुई है।
- टैरिफ वार शुरू होने के बाद घरेलू और विदेशी निवेश भी प्रभावित होने की आशंका है जो अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम है।
- अमेरिका का व्यापार संरक्षणवाद वैश्विक आर्थिक विकास पर अपेक्षाकृत मामूली लेकिन महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

### भारत के लिए सीमित विकल्प

- भारत के लिए अमेरिकी बाजार के प्रत्यक्ष या ठोस विकल्प काफी सीमित हैं, खासकर विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों में।
- भारत सेवाओं के निर्यात में मजबूत वृद्धि देख रहा है, जो महत्वपूर्ण है। अमेरिकी सेवाओं का आयात 2024 में 15.4% बढ़ा है।

### चीन और भारत

- कई विशेषज्ञों का दावा है कि भारत के लिए चीन की नजदीकी कई तरह के खतरों से भरी है।
- सीमा विवाद और विश्वास की कमी प्रमुख है जो एलएसी पर लगातार घटनाओं से पैदा हुई है।
- दोनों देशों में व्यापार असंतुलन। भारत को चीन से बड़ा व्यापार घाटा होता है। मार्केट एक्सेस और एनटीबी संबंधी काफी शिकायतें हैं।

# पुतिन से मिले मोदी, कहा- संकट में हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

## रूसी राष्ट्रपति का जल्द यूक्रेन संघर्ष समाप्त करने का आह्वान, बोले- ये मानवता की मांग

**तियानजिन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि भारत और रूस हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। मोदी की पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत एवं अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक के संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

मोदी और पुतिन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर बैठक की, जिसमें आर्थिक, वित्तीय और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आधिकारिक वार्ता से पहले, दोनों नेताओं ने एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने कार्यक्रम समाप्त करने के बाद एक ही कार में बैठक स्थल तक एक साथ यात्रा करते हुए 40 मिनट से अधिक समय तक अनौपचारिक बातचीत की। मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष को यथाशीघ्र समाप्त करना मानवता का आह्वान है।

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा, हम यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर नियमित रूप से चर्चा करते रहे हैं। हम शांति स्थापित करने की दिशा में हाल में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। इस संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता अवश्य निकाला जाना चाहिए। यह संपूर्ण मानवता की आकांक्षा है। समझा जाता है कि भारतीय पक्ष ने पुतिन को शनिवार को मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के बीच हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। मोदी से बात करने के बाद, ज़ेलेंस्की ने कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने और रूस को उपयुक्त संकेत देने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस और भारत ने दशकों से विशेष मैत्रीपूर्ण और विश्वास-आधारित संबंध बनाए रखे हैं, और यह संबंधों के भविष्य के विकास की नींव है। उन्होंने कहा, ये संबंध पूरी तरह से दलगत राजनीति से ऊपर हैं और इन्हें हमारे अधिकांश लोगों का समर्थन प्राप्त है।



तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन के साथ मोदी।

### पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष के लिए पश्चिमी देशों को दोषी ठहराया


**तियानजिन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एससीओ शिखर सम्मेलन में कहा कि यूक्रेन को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल करने के पश्चिमी देशों के निरंतर प्रयास यूक्रेन के साथ संघर्ष के मुख्य कारणों में से एक हैं। पुतिन ने दावा किया कि यह संकट मुख्यत: 2014 में यूक्रेन में हुए तख्तापलट के कारण उत्पन्न हुआ, जिसे पश्चिम के देशों ने उकसाया था। उन्होंने कहा, संकट का दूसरा कारण यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के पश्चिमी देशों के निरंतर प्रयास हैं। जैसा कि हम बार-बार जोर देते रहे हैं कि यह रूस की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। फरवरी 2014 में यूक्रेन की राजधानी कीव में प्रदर्शनकारियों और सरकारी बलों के बीच घातक झड़पों के परिणामस्वरूप तत्कालीन राष्ट्रपति विक्टर यानुकोविच को पद से हटा दिया गया था।

### जिनपिंग का संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एससीओ के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है। जिनपिंग ने तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोलते हुए कहा, हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष एससीओ सदस्य देशों के लिए दो अरब युआन (लगभग 28.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के अनुदान की घोषणा की, साथ ही एससीओ इंटरबैंक कंसोर्टियम के माध्यम से अगले तीन वर्षों में 10 अरब युआन के अतिरिक्त ऋण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अन्य एससीओ सदस्य देशों में चीन का संचयी निवेश पहले ही 84 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है।

# अब नवारो बोले- भारतीय जनता कृपया समझिए, आपके साथ क्या हो रहा है

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



● ट्रंप के व्यापार सलाहकार ने कहा- भारतीय जनता की कीमत पर 'ब्राह्मण' कर रहे हैं तेल के कारोबार से मुनाफाखोरी

रूस से तेल की खरीद को लेकर भारत पर एक बार फिर निशाना साधते हुए 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि 'ब्राह्मण' भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं और इसे रोकने की जरूरत है।

नवारो ने 'फॉक्स न्यूज संडे' से एक साक्षात्कार में कहा, देखिए मोदी एक महान नेता हैं। उन्होंने कहा कि मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं और उन्हें समझ नहीं आता कि भारतीय नेता किस तरह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ सहयोग कर रहे हैं। नवारो ने कहा, मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा, भारतीय जनता कृपया समझिए कि यहां क्या हो रहा है। आपके पास ब्राह्मण हैं जो भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है।

नवारो व्यापार तथा टैरिफ पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच रिश्तों में आई गिरावट के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार भारत को निशाना बना रहे हैं। नवारो से चीन द्वारा रूसी तेल की खरीद को लेकर सवाल किया गया था। उनसे यह भी पूछा गया था कि क्या भारत पर अतिरिक्त शुल्क लागू करना पुतिन को घुटने टेकने के लिए मजबूर करने के वास्ते पर्याप्त है।

उन्होंने कहा, साफ कहें तो हमने अब भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, लेकिन चीन पर भी 50 प्रतिशत से थोड़ा अधिक शुल्क है। इस बीच, कांग्रेस के सांसद कार्ति चिदम्बरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक टिप्पणी में कहा, अमेरिका में 'बोस्टन ब्राह्मिन' एक जुमला है जो आम बोलचाल में समाज के संभ्रांत लोगों के लिए इस्तेमाल होता है।

### ट्रंप का दावा: भारत ने की है टैरिफ निल करने की पेशकश लेकिन अब देर हो चुकी, ऐसा पहले करना चाहिए था



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क घटा कर 'नगण्य' करने की पेशकश की है, लेकिन अब देर हो चुकी है। ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत ने लंबे समय से अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे अधिक कर लगाता आ रहा है और इस कारण दोनों देशों के बीच व्यापार एकतरफा है। उन्होंने इसे एकतरफा विनाश बताया। अमेरिका राष्ट्रपति ने लिखा, भारत ने अब आयात शुल्क घटाकर नगण्य करने की पेशकश की है, लेकिन अब देर हो चुकी है। उन्हें बहुत पहले ऐसा करना चाहिये था। ट्रंप ने कहा कि काफी कम लोग यह समझते हैं कि अमेरिका भारत से काफी कम व्यापार करता है, जबकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ग्राहक है। भारत उसे बड़ी मात्रा में सामान बेचता है जबकि वह अमेरिका से बहुत कम खरीदता है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से एकतरफा विनाश था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर रूस से तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना की।

# वेनेजुएला की चुनौती, अमेरिका के किसी भी हमले के लिए तैयार

**कराकास, एजेंसी**


● रक्षा प्रमुख ने कहा- देश में एक भी कदम रखा तो कड़ा जवाब देंगे

वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज़ ने रविवार को कहा कि उनका देश, अमेरिका के किसी भी हमले के लिए तैयार है। श्री लोपेज़ ने अमेरिकी सरकार को मीडिया के जरिए चेतावनी देते हुए कहा, अगर आपने वेनेजुएला में एक भी कदम रखने की कोशिश की तो हम इसका जवाब देंगे।

रक्षा प्रमुख ने कहा कि वेनेजुएला एक ऐसी घेराबंदी में है जिसका उद्देश्य आंतरिक अराजकता को भड़काना और देश के राजनीतिक नेतृत्व को कमजोर करना है। उन्होंने क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि कैरेबियाई जलक्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिकों की तैनाती की घोषणा शक्ति प्रदर्शन के अलावा और कुछ नहीं है। यह क्षेत्र को चिह्नित करने का एक तरीका है, ताकि अन्य शक्तियां कैरिबियाई सागर पर नियंत्रण न कर सकें। पैड्रिनो लोपेज ने कहा कि सेना के 15000 जवान वेनेजुएला के पश्चिमी क्षेत्र में तैनात कर दिए गए हैं।

## फलस्तीनी वीजा पर लगी पाबंदियों को अमेरिका ने बढ़ाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने फलस्तीनी पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा पाबंदियों को बढ़ाते हुए वीजा की लगभग सभी श्रेणियों के अनुमोदन पर रोक लगा दी है। न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वीजा पाबंदी में चिकित्सा, विश्वविद्यालय अध्ययन, व्यावसायिक यात्रा, और मित्रों या परिवार से मिलने की श्रेणी के आवेदन भी शामिल हैं। ये नियम केवल गाजा के निवासियों पर लागू होते थे पर अब नई नीति पश्चिमी तट और पूरे प्रवासी समुदाय में रहने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों पर लागू हो जाएगी।



विनाशकारी भूकंप से अफगानिस्तान के कुनार और नागरहार सूबे में कई गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

## भारत ने अफगानिस्तान को भेजे एक हजार तंबू, 15 टन खाद्य सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त कर कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, कल से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार और नांगरहार प्रांतों में रविवार रात आए भूकंप 800 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 2500 से अधिक घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### वैश्विक संस्थाओं ने भी बढ़ाए मदद के लिए हाथ

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। बचाव अभियान जारी है और चिकित्सा दल भेजे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि करते हुए कहा है कि उसके कर्मचारी प्रभावित प्रांतों में स्थानीय सहायता कर्मियों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान में मदद कर रहे हैं। भारत समेत कई देशों ने भी प्रभावित इलाकों के लिए मदद भेजी है।


> अफगानिस्तान में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से बहुत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त परिवारों के साथ हैं, हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हरसंभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है। – **'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 2 सितंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 3 सितंबर 03.53 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 21.51 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां लगी रहेंगी। दोपहर के बाद काफी सारी परिस्थितियां आप अनुकूल कर लेंगे। दूसरों की सहायता करने के लिए तत्पर रहेंगे। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापारियों को ग्राहकों के साथ अपने संबंध अच्छे रखने चाहिए। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। गलत कार्यप्रणाली से आपको बचना चाहिए। आप शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज छोटी दूरी की यात्रा करने का विचार बनाएंगे। गले में संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। विवाहेतर संबंधों के कारण परेशानियां उत्पन्न होंगी। विरोधी आपका उपहास कर सकते हैं। मन में अस्थिरता और तनाव की स्थिति रहेगी।

**कर्क** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। मांगलिक कार्य में आप सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के प्रति एकाग्र रहेंगे। अचानक धन लाभ होने की प्रबल संभावना है। भविष्य के लिए आप बड़ी योजना बना सकते हैं।

**सिंह** – आज वैवाहिक जीवन की समस्याओं का समाधान होगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। समाज में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। मौसम में अचानक बदलाव के कारण आपको समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**कन्या** – आज दूसरों की भावनाओं पर अधिक विश्वास न करें। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। एलर्जी और खांसी जैसी समस्या हो सकती है। जिद्दीपन वाले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**तुला** – आज आपको अच्छे संपर्कों का लाभ अवश्य मिलेगा। भाई बहनों की उन्नति से आप प्रसन्न होंगे। अप्रत्याशित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। मार्केटिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। सहकर्मियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – आज दिन प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बातें कर सकते हैं।

**धनु** – आज परिवार के सदस्यों के बीच अच्छा तालमेल रहेगा। सभी आवश्यक कार्य बिना बाधा के पूर्ण हो जाएंगे। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। संतान के रवैये से आप संतुष्ट रहेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है।

**मकर** – आज यदि यात्रा कर रहे हैं, तो सामान के प्रति विशेष सावधानी रखें। अनावश्यक कार्यों के लिए अपना समय व्यर्थ न करें। युवा नौकरी को लेकर परेशान हो सकते हैं। महत्वपूर्ण सामान चोरी हो सकता है। संयम से काम लेंगे तो सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आज रिश्तेदारों पर अधिक विश्वास करना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ समय बिताएंगे। आकस्मिक यात्रा की संभावना बन सकती है। शेयर मार्केट में संभलकर निवेश करें। शाम के समय किसी सहकर्मी से मनमुटाव हो सकता है।

**मीन** – आज लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, जिसके सार्थक परिणाम भी आपको शीघ्र प्राप्त होंगे। परिजनों के साथ आनंद का समय बिताएंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा। विरोधी आपके मित्र बन सकते हैं।

## सुडोकू-87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

### सुडोकू - 86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |



सांसद खेल महोत्सव 21 से 25 दिसंबर तक उत्तर मुंबई में किया जाएगा। हम खेल को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य लगभग एक लाख खिलाड़ियों को जोड़ने और भारत में खेले जाने वाले खेलों को प्रोत्साहन देने का है।

-पीयुष गोयल


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### अहलावत संयुक्त 33वें स्थान पर

**क्रांस मोंटाना (स्विट्जरलैंड) :** भारत के वीर अहलावत यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से यूरोपीय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर रहे। डीपी विश्व टूर पर पैर जमाने की कोशिश कर रहे अहलावत का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने चार दौर में 69, 64, 70 और 68 के स्कोर बनाए। अहलावत ने लगातार चौथी बार कट हासिल किया। वह अभी डीपी विश्व टूर तालिका में 129वें स्थान पर हैं और अगर कुछ और टूर्नामेंट में अच्छे नतीजे हासिल करते हैं तो टूर पर अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं।

### नीतिश राणा ने दिलाया डीपीएल खिताब

**नई दिल्ली :** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया। जीत के लिये 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस को शुरूआती झटके लगे जब सेंट्रल दिल्ली के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरूण पुंडीर ने लगातार विकेट लेकर पांचवें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 48 रन कर दिया। इसके बाद कप्तान राणा ने मयंक गुसाई के साथ 42 रन की साझेदारी की। उसके बा रितिक शोकीन (27 गेंद में नाबाद 42) के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिल गया। राणा ने अपनी पारी में छह छक्के लगाए।

### टेनिस प्रीमियर लीग अहमदाबाद में

**मुंबई :** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय टेनिस स्टेडियम आयोजित होगा। महाराष्ट्र के बाहर पहली बार आयोजित होने वाले टीपीएल के सातवें सीजन में लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों द्वारा समर्थित आठ-फ्रैंचाइजी प्रतियोगिता में एटीपी रैंकिंग में 30 से 50 के बीच रैंकिंग वाले अंतरराष्ट्रीय टेनिस सितारे, दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित भारत के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे।

### ओवरटन ने लाल गेंद के क्रिकेट से ब्रेक लिया

**लंदन :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने सोमवार को लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की क्योंकि अब वह सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले 31 वर्षीय ओवरटन ने पिछला टेस्ट भारत के खिलाफ ओवल में पांच मैच की घरेलू सीरीज के दौरान खेला था जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी। ओवरटन ने एक्स पर कहा काफी सोच-विचार के बाद मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

# महिला विश्व कप चैंपियन की पुरस्कार राशि में बंपर बढ़ोतरी

**दुबई, एजेंसी**

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपये) की पुरस्कार राशि मिलेगी। ये इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपये) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है। आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपये) घोषित की है। आईसीसी ने एक बयान में कहा आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार



राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपये) थी। महिला वनडे विश्व कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपये) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप चरण जीत दर्ज करने पर

**40** करोड़ रुपये अब मिलेंगे, ये इनामी राशि अब तक की सबसे अधिक है।

टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपये) और सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपये) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफ़र में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा।

### बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करें

- **कोलकाता :** भारत के पूर्व क्रिकेटर अरुण लाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत साइ के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित संगोष्ठी में फोन पर स्क्रीन टाइम के चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे युवा खेल के मैदान से दूर रहे हैं। ग्रासरूट्स टू ग्लोबल पोडियम्स : इंडियाज रोड टू 2036 विषय पर आयोजित सत्र में अरुण ने भारत की ओलंपिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर के खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रविवार को आयोजित सत्र में कहा बच्चों को फोन की जगह खेल के मैदान को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहए।



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका। एजेंसी

# सबालेंका, अल्काराज और जोकोविक क्वार्टर फाइनल में

## यूएस ओपन के मुकाबले पहुंचे रोमांचक मोड़ पर, नोवाक ने फेडरर को पीछे छोड़ा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। सबालेंका का अगले दौर में मुकाबला कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना और चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात नोवाक जोकोविक ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की। एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



कार्लोस अल्काराज।



नोवाक जोकोविक।

जोकोविक का अगला मुकाबला अमेरिकी नंबर 4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था।

मैच के बाद साक्षात्कार में जोकोविक ने कहा अगर आप अच्छी सर्विस करते हैं तो यह निश्चित रूप से मददगार होता है। मुझे लगता है कि पिछले राउंड में और आज भी मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। शायद मुझे उतनी मेहनत करने की जरूरत नहीं है। अपने करियर के ज्यादातर समय मैं बेसलाइन से दौड़ता, फिसलता और घिसटता रहा हूं। इस जीत के साथ जोकोविक ने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया। ओपन एरा रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके हैं। एक अन्य मुकाबले में स्पेन के सनसनीखेज खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने दर्शकों को एक बार फिर चकित कर करते हुए फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को सीधे सेटों में हराकर 2025 यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने अल्काराज ने रिंडरकनेच पर 7-6(3), 6-3, 6-4 से जीत हासिल की और ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। अल्काराज ने 19 साल की उम्र में यूएस ओपन जीतकर सबसे कम उम्र के विश्व नंबर वन खिलाड़ी बनकर 2022 में न्यूयॉर्क में इतिहास रचा था, अब अंतिम आठ में चेक गणराज्य के 20वें वरीय लेहेका से मुकाबला करेंगे। लेहेका ने फ्रांस के एड्रियन को 7-6, 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है।

### सोराना क्रिस्टी की ट्रॉफी होटल से चोरी

**न्यूयॉर्क :** टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं।

उन्होंने शनिवार की रात इंस्टाग्राम पर लिखा जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है, कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है लेकिन भावनात्मक कीमत है। रोमानिया की 35 वर्ष की क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था।

### माया राजेश्वरन दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क :** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने चीन की झांग कियान वेइ को अमेरिकी ओपन जूनियर लड़कियों के एकल वर्ग में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली, लेकिन हितेश चौहान सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। कोयंबटूर की रहने वाली 16 वर्ष की माया ने 7-6, 6-3 से जीत दर्ज की। माया स्पेन के मालोरका में रफेल नडाल अकादमी की छात्रा हैं। अब वह ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से खेलेंगी, जिन्होंने एस्पेन शूमैन को 6-0, 6-2 से हराया।

# लॉन बॉल खिलाड़ी मनु पाल का विश्व कप के लिए चयन

**संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)**

**अमृत विचार।** आगामी विश्वकप व हांगकांग क्लासिक की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लॉन बॉल खिलाड़ियों का तीन दिवसीय ट्रायल में चयन हुआ है। इसमें कन्नौज की मनु पाल भी शामिल हैं।

न्यू सराफान मोहल्ले के रहने वाले रामनरायन पाल की बेटी मनु कई सालों से लॉन बॉल के विदेशों में होने वाले आयोजन का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। आगामी विश्वकप व हांगकांग क्लासिक प्रतियोगिता के लिए महिला व पुरुष खिलाड़ियों का तीन दिवसीय ट्रायल आर के पुरम दिल्ली में 28 अगस्त से 31 अगस्त में आयोजित हुआ। महिला वर्ग में मनु पाल के चयनित होने की खबर मिलते ही जिले के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। फोन पर मनु ने बताया कि महिला व पुरूष वर्ग से 4-4 खिलाडियों को चयनित किया गया। नवंबर में होने वाली हांगकांग व मलेशिया की प्रतियोगिता में देश की ओर से प्रतिभाग करेंगी।



साथी खिलाड़ियों के साथ कन्नौज की मनु पाल (मध्य में)। एजेंसी

# अगली विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप भारत में

**पेरिस, एजेंसी**

- विश्व बैडमिंटन महासंघ ने की घोषणा
- नई दिल्ली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन



बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के अगस्त 2026 में होने वाले अगले आयोजन के लिए नई दिल्ली को मेजबान शहर के तौर पर चुना गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह दूसरी बार होगा जब भारत इस विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।

इससे पहले 2009 में हैदराबाद ने इसकी मेजबानी की थी। यह घोषणा पेरिस में 2025 चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान की गई। इस मैके पर बीडब्ल्यूएफ अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वदत्रकुल, 'फेडरेशन फ्रैंकेसे डी बैडमिंटन' के प्रमुख फ्रैंक लॉरेंट और भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा के बीच एक हस्तांतरण हुआ। उन्होंने पेरिस की तरह उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया बीएआई से जारी विज्ञप्ति में मिश्रा ने कहा हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि पेरिस ने जो उत्कृष्टता और भव्यता दिखाई है भारत उन मानकों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए अपना शत प्रतिशत प्रयास करेगा। हम वैश्विक बैडमिंटन परिवार का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दिल्ली की मेजबानी से टूर्नामेंट की आठ साल के बाद एशिया में वापसी होगी। चीन के नानजिंग ने 2018 सत्र की मेजबानी की थी।

भारत के लिए, दोबारा चैंपियनशिप की मेजबानी करना इस खेल की बड़ी ताकत और वैश्विक बैडमिंटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थल के रूप में मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

# मलेशिया और कोरिया पूल बी से सुपर चार में पहुंचे

**हॉकी एशिया कप**

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

मलेशिया और कोरिया ने सोमवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने-अपने मैच आसानी से जीत कर सुपर चार चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 से हराया। मलेशिया तीन मैचों में जीत के साथ नौ अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि कोरिया छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

बांग्लादेश तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि चीनी ताइपे एक भी मैच नहीं जीत पाया। दिन के दूसरे मैच में मलेशिया की तरफ से अशरन हमसानी (आठवें, 15वें, 32वें, 54वें मिनट), अखीमुल्लाह अनुआर (10वें, 20वें, 29वें, 45वें, 56वें), नोर्सयाफिक सुमांत्री (20वें, 40वें, 60वें), अबू कमाल अजराई (22वें), एंडीवालफियन एफ्रिनस (24वें) और ऐमान रोजेमी (32वें) ने गोल किए।

दिन के पहले मैच में कोरिया की तरफ से डैन सोन (नौवें, 11वें) ने दो, जबकि सेउंगवू ली (16वें), सेयोंग ओह (22वें) और जिहुन यांग (60वें) ने एक-एक गोल किया। बांग्लादेश की तरफ से गोल सोहनुर सोबुज ने किया।



चीनी ताइपे के खिलाफ गोल करते हुए मलेशिया के खिलाड़ी। एजेंसी

### अश्विन ने किया आईएलटी20 आयोजकों से संपर्क

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुष्टि की है कि वह दो दिसंबर से चार जनवरी 2026 तक यूएई में होने वाले आईएलटी 20 के अगले सत्र की नीलामी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अगले कुछ दिनों में 39 वर्ष के होने जा रहे अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया है जिसके बाद वह दूसरे देशों में टी20 लीग खेल सकते हैं।

भारत के लिए 287 मैचों में 765 विकेट ले चुके अश्विन के हवाले से क्रिकबज ने कहा मैं आयोजकों के संपर्क में हूं। उम्मीद है कि नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पर मुझे कोई खरीदार मिल जाएगा। नीलामी 30 सितंबर को दुबई में होगी और रजिस्ट्रेशन दस सितंबर तक पूरे हो जायेंगे। पहली बार आईएलटी20 में नीलामी हो रही है जबकि अब तक खिलाड़ी चुनने के लिये ड्राफ्ट व्यवस्था थी।

**सफलता का राज** | मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन ने बताया अपना मूल मंत्र


# खेल और खिलाड़ियों को समझना महत्वपूर्ण

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

दुनिया के मशहूर मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन ने अपने शानदार करियर के दौरान विभिन्न खेलों में काम किया है, लेकिन खेल कोई भी हो उनका मूल मंत्र एक ही है, खेल और खिलाड़ियों की जरूरत को समझना।

अपटन भारत की 2011 क्रिकेट वन डे विश्व कप जीत के दौरान मुख्य कोच गैरी कर्स्टन के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा थे और वह वर्तमान में यहां चल रहे एशिया कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ जुड़े हुए हैं।

वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम तथा पिछले वर्ष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2022 एशियाई खेलों की विजयी टीमों का भी हिस्सा थे। अपटन ने पीटीआई से कहा, टीमवर्क के सिद्धांत लगभग एक जैसे हैं। हॉकी में एक अलग प्रकार का टीमवर्क होता है, जिसमें कई खिलाड़ियों को जुड़ना पड़ता है। क्रिकेट में भी टीमवर्क होता है, लेकिन यह अधिक व्यक्तिगत होता है। इस 55 वर्षीय कोच ने कहा लेकिन ध्यान केंद्रित रखने के सिद्धांत, ध्यान भटकाने वाली चीजों का प्रबंधन करने के सिद्धांत जैसे स्कोरबोर्ड, प्रशंसक, विरोधी टीम, गलती करने का पछतावा, ये सब एक जैसे ही हैं। अपटन का करियर मुख्य रूप से क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी टीम और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स सहित दुनिया भर की कई टी-20 फ्रेंचाइजी के साथ काम किया है। उन्होंने हालांकि रग्बी और हाल ही में हॉकी जैसे अन्य खेलों में भी काम किया है।



पैडी अपटन। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले अपटन ने कहा मुझे हॉकी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। मैं भारत का रहने वाला नहीं हूं और अब भी मैं यहां एक मेहमान हूं, इसलिए मेरा दृष्टिकोण वास्तव में सुनने, माहौल को समझने, खेल को समझने और प्रत्येक व्यक्ति को समझने पर ध्यान देने का है। जब मैं चीजों को समझ जाऊंगा तभी किसी तरह की मदद कर सकता हूं।

### खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत रूप से भी करते हैं संपर्क

- भारतीय हॉकी टीम के साथ काम करने के तरीके के बारे में पूछे जाने पर अपटन ने कहा यह खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और टीम सत्र दोनों तरह से होता है। हम टीम के साथ कार्यशालाएं आयोजित करते हैं और खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क करते हैं। यह आखिरकार कोच और कप्तान पर निर्भर करता है कि वे क्या चाहते हैं। अपटन ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम का ध्यान फिलहाल अगले साल होने वाले विश्व कप, एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक पर है। उन्होंने कहा भारतीय टीम के साथ मेरा पिछला अनुभव ओलंपिक से पहले का है।